■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार–झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स
अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 284, पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
19 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1866 :** मोनार्क लीवरपुल में घुसपैठियों से भरा जहाज डूबने से लगभग 750 लोगों की मौत हुई।

**1895 :** लूमियर्स ब्रदर्स ने अपने नए पैटेंट सिनेमेटोग्राफ से पहला फुटेज रिकॉर्ड किया।

**1920 :** अमेरिकी सीनेट ने लीग ऑफ नेशंस में शामिल होने पर मतदान किया।




बिहार सरकार

मानीनीय मुख्यमंत्री **श्री नीतीश कुमार** की

## "प्रगति यात्रा"

## औरंगाबाद

विकास की ओर बढ़ते ऐतिहासिक कदम...

## हमने जो कहा, वह पूरा किया

| क्र. सं. | दिनांक 11.02.2025 को प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणायें | स्वीकृति तिथि |
|---|---|---|
| 1. | देव नगर पंचायत में रिंग रोड का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹ 142 करोड़ 23 लाख) | 25.02.2025 |
| 2. | बिशुनपुर कैनाल का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹ 131 करोड़ 54 लाख) | 25.02.2025 |
| 3. | राष्ट्रीय उच्च पथ पर ट्रॉमा सेंटर का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹09 करोड़ 64 लाख) | 28.02.2025 |
| 4. | औरंगाबाद शहर में अदरी नदी पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कार्य किया जायेगा (लागत राशि ₹74 करोड़ 77 लाख) | 25.02.2025 |
| 5. | मदनपुर प्रखंड के चांद बिगहा ग्राम में केशहर नदी पर चेक डैम का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹10 करोड 06 लाख) | 24.02.2025 |
| 6. | देव सूर्य मंदिर के समीप सूर्य कुण्ड एवं रूद्र कुण्ड परिसर से एस.एच–101 तक ग्रीनफील्ड सम्पर्क पथ का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹59 करोड़ 38 लाख) | 25.02.2025 |
| 7. | मदनपुर, औरंगाबाद, नवीनगर, हसपुरा, गोह, ओबरा एवं दाउदनगर में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय का निर्माण किया जायेगा | 25.02.2025 |
| 8. | औरंगाबाद जिले में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹29 करोड़ 45 लाख) | 23.02.2025 |
| 9. | रफीगंज के लिये बाईपास का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹ 71 करोड़ 19 लाख) | 25.02.2025 |
| 10. | जम्होर पंचायत यदि नगर पंचायत बनने की शर्तो को पूरा करती है तो इसे नगर पंचायत बनाने की कार्रवाई प्रारम्भ की जायेगी | 25.02.2025 |
| 11. | औरंगाबाद में यदि केंद्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव आता है तो इसके लिये आवश्यक जमीन उपलब्ध करायी जायेगी | 24.02.2025 |
| 12. | औरंगाबाद जिले में नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण किया जायेगा (लागत राशि ₹400 करोड़ 29 लाख) | 25.02.2025 |
| 13. | औरंगाबाद अंतर्गत गया–औरंगाबाद भाया परैया, गुरारू (Part-B) के कि.मी. 27.80 से कि.मी. 64.170 तक सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा (लागत राशि ₹137 करोड़ 74 लाख) | 25.02.2025 |

**प्रगति पथ पर बढ़ता बिहार**







PR No.- 022133 (I & PR)D. 2024-25

# कुलपति ने किया 'आहार सेतु' एप का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय और आहार सेतु प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से विकसित 'आहार सेतु' एप का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने किया। यह एप पोल्ट्री सेक्टर से जुड़ा है जो फार्म से उपभोक्ता तक की प्रक्रिया को जोड़ने वाला एक आधुनिक ट्रेसेबिलिटी एप है, जो उत्पादन से उपभोग तक के सभी चरणों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराता है। यह एप ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित है जिससे खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सभी गतिविधियों, जांच, रखरखाव और परिवहन से जुड़ी सूचनाएं उपभोक्ताओं तक पारदर्शी रूप से पहुंचेंगी। कुलपति ने कहा कि वर्तमान समय में अधिकांश बीमारियां पशुओं से मानव में ट्रांसमिट हो रही हैं। ऐसे में इस एप के माध्यम से शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। 'आहार सेतु' एप का मुख्य उद्देश्य पोल्ट्री सेक्टर में उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक के बीच पारदर्शिता बनाए रखना है। एप के माध्यम से मुर्गी पालक, उत्पाद की गुणवत्ता, बाजार की स्थिति, बिचौलियों से बचाव, परिवहन और लॉजिस्टिक्स की स्थिति का डाटा जनरेट करेगा। इसके विश्लेषण से किसानों को मार्गदर्शन मिलेगा और उपभोक्ता को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध होगा। एप में जियो लोकेशन टैगिंग की सुविधा भी दी गई है जिससे उत्पाद को स्कैन करने पर यह जानकारी मिलेगी कि किसने इसे कब बेचा, उपभोक्ता तक कब पहुंचा और इस दौरान यह किन चरणों से होकर गुजरा। इस अवसर पर कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा आज के दौर में खाद्य उत्पाद की ट्रेसेबिलिटी बेहद जरूरी हो गई है। इस एप से उपभोक्ताओं को भरोसा मिलेगा कि वे जो उत्पाद खा रहे हैं, वह स्वच्छ और गुणवत्ता युक्त है। पोल्ट्री सेक्टर को इससे बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि यह क्षेत्र अक्सर अफवाहों और गलत सूचनाओं से प्रभावित होता है। कार्यक्रम में बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के डीन सह निदेशक अनुसंधान डॉ. जे.के. प्रसाद, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव कुमार, छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ. ए.के. शर्मा, संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान के डीन डॉ. उमेश सिंह, डॉ. सहदेव डे, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. निर्भय कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अजीत कुमार आदि मौजूद रहे। 'आहार सेतु' एप के फाउंडर अमित प्रकाश और को-फाउंडर मोहम्मद अजहरूद्दीन ने एप की विशेषताओं और इसके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, तीन जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना-गया नेशनल हाईवे पर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नौउआबाग के पास सड़क क्रॉस कर रही 62 वर्षीय महिला की बाइक के ठोकर लगने से मौत हो गई। मृतक महिला का नाम फुलमतिया देवी पति बालकिशुन यादव बताया जाता है। मृतक महिला का घर सड़क के बगल में ही था। दरअसल बताया जाता है कि एक बाइक सवार युवक चितरंजन कुमार पिता नरेंद्र प्रसाद जो आरपीएफ का एग्जाम देकर अपने घर घोषि लौट रहा था, उसी दरमियान सड़क क्रॉस कर एक महिला से जोरदार टक्कर हो गई जहां पर मौके पर महिला की मौत हो गई और युवक भी गंभीर रूप में जख्मी हो गया जिसे अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। कोई दूसरी घटना नदौल चेक पोस्ट के पास घटी है जहां पर दो बाइक की टक्कर में दो लोग जख्मी हुए जिसे अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है।

# महिला सशक्तिकरण की शुरूआत घर से होनी चाहिए : सुहिता अनुपम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर मंगलवार को सरदार पटेल भवन सभागार में संवादात्मक कार्यक्रम 'उड़ान' का आयोजन किया गया। कमजोर वर्ग, अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गृह विभाग की विशेष सचिव के. सुहिता अनुपम ने महिलाओं के सशक्तीकरण में परिवार, समाज और प्रशासन की सामूहिक भूमिका पर जोर दिया। विशेष सचिव ने कहा कि महिला सशक्तीकरण की शुरूआत हर घर से होनी चाहिए। बेटों को जेंडर के प्रति संवेदनशील बनाना और बेटियों को समान अवसर देना इसकी नींव है। उन्होंने मुख्यमंत्री की साइकिल योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना से प्रदेश की बेटियों को उड़ान भरने का अवसर मिला है जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। सैकड़ों महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था और समानता पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग की ओर से की जा रही विभिन्न पहलों की जानकारी दी और महिलाओं को आत्मरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री नीतू चंद्रा, अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. अमित कुमार जैन, पारस नाथ, पुलिस उप-महानिरीक्षक हरप्रीत कौर, पुलिस अधीक्षक आमीर जावेद समेत अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं गृह विभाग के पदाधिकारी शामिल हुए।

# बिहार में बारिश के साथ-साथ ठनका गिरने का अलर्ट, प्रदेशवासी हो जाएं सावधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में बारिश के साथ-साथ वज्रपात का अलर्ट जारी हुआ है। 20 मार्च से 23 मार्च 2025 के बीच पश्चिम एवं मध्य बिहार के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा (10-30 मिलीमीटर) होने का पूर्वानुमान है। इसके साथ ही 21 और 22 मार्च को पूर्व एवं मध्य बिहार के एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ-साथ वज्रपात की भी आशंका है। इसके साथ ही भभुआ, रोहतास, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, जमुई, बांका और गया जिलों के एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। इस दौरान राज्य के दक्षिण-पूर्व एवं दक्षिण मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर सतही हवा की गति 30-40 किमी/घंटे रहने की भी संभावना है। बिहार में बिगड़ने वाले मौसम को लेकर प्रदेशभर के कृषक वर्ग को यह हिदायत दी जाती है कि अपने कटे तथा खुले स्थान में रखे हुए खरीफ एवं रबी फसल को सुरक्षित स्थान पर भण्डारण करने की व्यवस्था कर लें ताकि पानी/नमी से फसल का बचाव हो सके। साथ ही रबी फसल के लिए ओलावृष्टि से बचाव के लिए उपरोक्त जिलों के लिए एहतियाती उपाय कर ले। इस मौसम के फसलों पर प्रभाव तथा निवारण के उपाय से सम्बंधित जानकारी भारत मौसम विभाग एवं राज्य के कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से जारी होने वाले कृषि-परामर्शदात्री बुलेटिन का अनुसरण कर सकते हैं।

# राबड़ी देवी और तेज प्रताप से ईडी की पूछताछ पर गरमायी सियासत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव से पूछताछ की। ईडी की इस कार्रवाई को लेकर सूबे की सियासत गरमा गई है। सत्ता पक्ष इसे भ्रष्टाचार पर कार्रवाई बता रहा है तो विपक्ष इसे राजनीतिक हथकंडा करार देने में जुटा है। राजद विधायक ललित यादव ने जांच एजेंसियों की कार्रवाई को राजनीतिक दबाव का नतीजा बताते हुए कहा कि यह सत्ता पक्ष की रणनीति है जो विरोधियों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। वहीं बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि बिहार को जिन लोगों ने लूटा है या बर्बाद किया है, वे अब बच नहीं पाएंगे। चाहे नेता हों या अधिकारी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। एनडीए की यह खुली चेतावनी है कि जिसने जनता की कमाई को लूटा, उसे सजा जरूर मिलेगी जबकि भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने इस पूरे मामले को कर्मों का फल बताते हुए कहा कि विज्ञान कहता है कि हर क्रिया की विपरीत प्रतिक्रिया होती है और सनातन संस्कृति में कहा गया है- जैसी करनी वैसी भरनी। जब इन लोगों के पास सत्ता थी, तब इन्होंने इसका दुरुपयोग किया। जमीन के बदले नौकरियां दीं और घोटाले किए। अब इन्हें इसका जवाब देना ही होगा। वहीं, इस मुद्दे पर लालू परिवार के करीबी विधानपार्षद सुनील सिंह ने कहा कि यह कोई नई घटना नहीं है। यह सुनते सुनते हम लोगों के दोनों काम पक चुके हैं जब भी चुनाव आता है, चाहे वह लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का चुनाव हो, इनके तीन जो मेन हार्डकोर कार्यकर्ता हैं पूरी तरह से सक्रिय हो जाते हैं। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स सक्रिए होकर काम करते हैं जो काम भाजपा के कार्यकर्ता नहीं कर पाते हैं वह ये तीन सक्रिय हार्डकोर कार्यकर्ता करते हैं। उन्होंने कहा कि कहने को तो तीनों ऑटोनोमस बॉडी हैं, लेकिन यह बिना आका के आदेश के एक कप चाय भी नहीं पी सकता। विधानसभा का चुनाव नजदीक आ गया है और जिस तरह से सरकार चौतरफा फेल हो चुकी है तो ऐसी हालत में इन कार्यकर्ताओं को लगाने के अलावा इनके पास दूसरा कोई उपाय नहीं है। सैकड़ों बार लालू परिवार को ऐसे नोटिस भेजे जा चुके हैं और सैकड़ों बार ये लोग जवाब दे चुके हैं। हर बार एक ही सवाल और एक ही जवाब होता है।

# विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने जारी किया नया वीडियो सांग

## चमके बिहार, गमके बिहार, अमृत काल में दमके बिहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने गाने का एक वीडियो जारी किया है। ' चमके बिहार, गमके बिहार, अमृत काल में दमके बिहार' गाना वाला यह वीडियो तीन मिनट 43 सेकेंड का है। इसमें एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाई गई है। इसके साथ ही विकास कार्यों को भी दर्शाया गया है। केन्द्र सरकार की योजनाओं को इस वीडियो में प्रमुखता से प्रचारित किया गया है जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इसमें अपेक्षाकृत कम दिखाया गया है। हालांकि नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ तीन बार जरूर दिखाया गया है। वीडियो में बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और राज्य के उपमुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा भी दिखाई देते हैं। इस वीडियो में ज्यादातर योजनाओं का श्रेय भाजपा खुद लेती दिख रही है। भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने इस वीडियो को अपने फेसबुक पेज पर साझा किया है। उन्होंने ने लिखा है 'अमृत काल में बदल रहा बिहार, फिर एक बार डबल इंजन सरकार'। भाजपा के कई नेताओं ने इस वीडियो को शेयर किया है। इनमें दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा और राज्य के पथ निर्माण व विधि मंत्री नितिन नवीन शामिल हैं।

# बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के तहत मिलेगी अनुदान राशि : मंत्री संतोष कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बेंगलुरु में प्रवास के दौरान बिहार राज्य के श्रमिकों के आकस्मिक निधन के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रम संसाधन विभाग के पहल पर दिवंगत श्रमिकों के पार्थिव शरीर को बेंगलुरु से वापस लाया गया जहां श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह स्वयं पटना एयरपोर्ट पहुंचे और दिवंगत श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मृतकों में बिहार के गोपालगंज जिला निवासी दीपू शाह, अंशु राम और राधेश्याम यादव शामिल हैं। इस दर्दनाक घटना के बाद सरकार ने प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया है। मंत्री ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को इस कठिन घड़ी में संबल दें। साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर एम्बुलेंस के माध्यम से पार्थिव शरीर को उनके गृह जिलों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाई। मंत्री ने कहा कि बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के तहत मृतकों के आश्रितों को जल्द से जल्द अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत बिहार राज्य के 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग वाले प्रवासी मजदूर, जो राज्य से बाहर अन्य प्रांतों या विदेशों में जीविकोपार्जन के उद्देश्य से प्रवास कर रहे हैं। उन्हें दुर्घटना के फलस्वरुप स्थायी एवं अस्थायी अपंगता की स्थिति में अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। साथ ही दुर्घटना मृत्यु होने पर उनके वैध आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उक्त

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 4 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# जैन धर्मावलंबियों ने भगवान पार्श्वनाथ का ज्ञान कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का ज्ञान कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। भगवान पार्श्वनाथ के ज्ञान कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कदमकुआं, मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह आदि दिगंबर जैन मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा एवं मंगल आरती किया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक, पूजा जिनेश जैन एवं अन्य द्वारा तथा मुरादपुर जैन चैत्यालय में अभिषेक शांतिधारा सुबोध फंटी ने किया। मौके पर बिहार राज्य दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में शांतिधारा एवं मंगल आरती काफी अधिक श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ जैन धर्म के तेइसवें (23वें) तीर्थंकर हैं। भगवान पार्श्वनाथ का जन्म वाराणसी के भेलूपुर में आज से लगभग 2 हजार 9 सौ वर्ष पूर्व वाराणसी में हुआ था। वाराणसी में अश्वसेन नाम के इक्ष्वाकुवंशीय क्षत्रिय राजा थे। उनकी रानी वामा ने पौष कृष्ण एकादशी के दिन महातेजस्वी पुत्र को जन्म दिया जिसके शरीर पर सर्पचिह्न था। केवल ज्ञान काशी में 83 दिन की कठोर तपस्या करने के बाद 84वें दिन उन्हें केवल ज्ञान प्राप्त हुआ था। पार्श्वनाथ ने चतुर्विध संघ की स्थापना की जिसमें श्रमण, श्रमणी, श्रावक, श्राविका होते हैं। केवल ज्ञान के पश्चात तीर्थंकर पार्श्वनाथ ने जैन धर्म के चार मुख्य व्रत- सत्य, अहिंसा, अस्तेय और अपरिग्रह की शिक्षा दी थी।

# आनंद माधव ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सुल्तानगंज/पटना।** बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता एवं रिसर्च विभाग के चेयरमैन आनन्द माधव ने मंगलवार को शाहकुंड प्रखंड के दरियापुर झिकटिया, सजौर, समस्तीपुर, मानिकपुर, मोहनपुर, सिंहपुर और गोबरांय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। आनंद माधव ने कहा कि लोगों ने उन्हें बताया कि यहां की मुख्य समस्या जलापूर्ति एवं जल निकासी की है। अब गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है। ऐसे में भविष्य में होने वाली पानी की किल्लत के बारे में सोचकर ही लोग सहमें हुए हैं। कुछ लोगों ने यह भी बताया कि नाला के गंदे पानी की निकासी एक गंभीर समस्या है क्योंकि यह खेतों में जाता है जिससे फसल का तो नुकसान होता ही है साथ ही गंदगी एवं बीमारी का घर हो जाता है। आनंद माधव ने जनसंपर्क के दौरान प्रखंड कार्यालय जाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन से मुलाकत कर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि मैं व्यक्तिगत रूप से इन समस्याओं की जांच कर समाधान के लिये हर संभव प्रयास करूंगा। आनन्द माधव ने कहा कि लोगों ने उन्हें बताया कि सुलतानगंज के विधायक को जनसमस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। उनका तो दर्शन भी दुर्लभ है, काम की बात तो छोड़ ही दीजिये। जन संपर्क के दौरान आनन्द माधव ने जनप्रतिधियों, शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य प्रमुख लोगों से मुलाकात की इनमें कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष शोऐब आलम उर्फ चॉद, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव, अरूण कु. वर्मा उर्फ अनिल वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश मोहन झा, पूर्व मुखिया राजेश यादव, प्रमेंद्र कुमार, दीपक कुमार, तेतर राय, अश्वनी कुमार ठाकुर, प्रभात मालाकार, आभास झा एवं मनोज यादव आदि प्रमुख थे।

# डिलीवरी ब्वॉय लूट कांड का आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मधुबन गांव में बीते 7 महीना पहले डिलीवरी ब्वॉय से हथियार के बल पर बंधक बनाकर लूटपाट करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अंकित कुमार पिता उदय प्रसाद लालसाचक का रहने वाला है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। यह डिलेवरी ब्वॉय को दिनदहाड़े हथियार के बल पर उसके बैग के सभी डिलिवरी का सामान अपने दोस्तों के साथ मिल कर लूट लिया था। गिरफ्तार आरोपी से पूरे मामले की जांच करते हुए इसके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है और इसके सहयोगियों की भी तलाश की जा रही है।

# कृषि अनुसंधान परिसर पटना में प्रयोगशाला कौशल बढ़ाने पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में कृषि और संबद्ध विषयों में बुनियादी प्रयोगशाला कौशल बढ़ाने पर तीन दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक श्रीगणेश हुआ। इस कार्यशाला का आयोजन अनुसूचित जाति उप योजना के तहत किया जा रहा है जिसका उद्देश्य कृषि विज्ञान के छात्रों और शोधार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस कार्यशाला में बिहार के विभिन्न संस्थानों एवं कॉलेजों के स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी के कुल 11 छात्र भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को विभिन्न आवश्यक प्रयोगशाला तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे कृषि अनुसंधान पद्धतियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सके। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने इस अवसर पर कहा कि युवा शोधकर्ताओं के लिए प्रयोगशाला तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यशाला सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटने का प्रयास है जिससे छात्र भविष्य में अनुसंधान के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। इस कार्यक्रम में डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रमुख, भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग; डॉ. कमल शर्मा, प्रमुख, पशुधन एवं मात्स्यिकी प्रबंधन प्रभाग सहित संस्थान के अन्य वैज्ञानिकगण भी मौजूद थे जिनसे प्रतिभागियों को बहुत कुछ नया सीखने को मिला।

# जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जगपुरा गांव में एक व्यक्ति अपने घर में चापाकल से पानी लाने के दौरान जख्मी हो गए जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का नाम वकील बिंद है, मृतक की पत्नी सरोज देवी ने बताया कि घर में सोए हुए थे जैसे उठे और फिर चापाकल से पानी लाने गए जहां चापकल से पानी लाने चले गए थे वहीं पर गिर गये। जख्मी हालत में उन्हें इलाज करवाया गया फिर वह ठीक हो गया फिर वह सुबह पानी लाने के लिए जा रहे थे वहीं गिर गये जहां उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने थाने में ने यूडी केस दर्ज किया है।

## हत्या का प्रयास एवं चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** लहसुना थाना क्षेत्र के चाननपुर गांव में बीते सोमवार को हिंसक झड़प की घटना के बाद हत्या का प्रयास एवं चोरी मामले की घटना में आरोपी राजदेव वर्मा पिता स्वर्गीय रामलेखा प्रसाद चाननपुर को उसके घर से लहसुना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत नगर परिषद मसौढ़ी में वेस्ट मैटेरियल की लगी प्रदर्शनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** नगर परिषद मसौढ़ी के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024- 25 के तहत वेस्ट टू वेस्ट प्रोडक्ट के तहत जनउपयोगी वस्तुओं को स्वयं सहायता समूह के 12 महिलाओं द्वारा पुनः उपयोग के लायक विभिन्न प्रदर्शनी योग्य सामान बनाकर प्रदर्शित किया गया जिसमें संग्रहण कार्यालय नगर परिषद मसौढ़ी में प्रदर्शनी के रूप में किया गया। उत्पादों को बनाने में मुख्य रूप से प्लास्टिक का बोतल, डब्बा, टायर से सोफा एवं टी टेबल बनाने में तथा बोतल से सुराही, गुलदस्ता, माचिस की तिल्ली से कुर्सी टेबल आदि बनाया गया और बनाकर या संदेश दिया गया कि जो वेस्ट मटेरियल होते हैं उसे फेंक कर कचरा नहीं फैलायें बल्कि उसे घर के उपयोगी चीज बना सकते हैं। इन सभी उत्पादों को प्रदर्शनी लगाने में नगर परिषद के जीविका समूह में शामिल रेणु देवी, रिंकू देवी, संगीता कुमारी, अनु देवी, पिंकी कुमारी, खुशबू कुमारी, कंचन सिंह रहे जहां पर राम अवतार शास्त्री, कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार, निकिता कुमारी आदि शामिल रहे।

# दानापुर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का एलएचबी कोच द्वारा परिचालन 23 मार्च से

## यात्रा होगी अपेक्षाकृत अधिक संरक्षित, सुरक्षित और आरामदायक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की यात्रा को और ज्यादा सुरक्षित एवं आरामदायक बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए 23 मार्च, 2025 से दानापुर और भागलपुर के बीच चलने वाली गाड़ी सं. 13401/13402 भागलपुर-दानापुर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन आईसीएफ कोच के बदले अत्याधुनिक एलएचबी कोच से किया जाएगा। एलएचबी कोच यात्रियों को अपेक्षाकृत अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान कराता है। स्टेनलेस स्टील से निर्मित बेहतर आंतरिक सज्जा युक्त उच्च गति क्षमता वाले अत्याधुनिक एलएचबी कोच आईसीएफ कोच की तुलना में वजन में हल्के और मजबूत होते हैं। कोचों में आधुनिक सीबीसी कपलिंग लगे होने से संरक्षा में वृद्धि होती है। एंटी क्लाइम्बिंग विशेषताएं दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें एक-दूसरे पर चढ़ने से रोकती हैं। कोच बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम व सस्पेंशन के साथ-साथ बेहतर आंतरिक सज्जा व शौचालय युक्त होते हैं। फलस्वरूप एलएचबी कोच युक्त ट्रेनों से यात्रा अपेक्षाकृत अधिक संरक्षित, सुरक्षित व आरामदायक होती है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती समारोह सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अंतर्गत छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मुकेश कुमार ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना ने अपने वक्तव्य में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की नीतियां केवल उनके काल तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वे आज भी प्रशासन, युद्धनीति और राष्ट्रनिर्माण के लिए अनुकरणीय हैं। समारोह के उद्घाटनकर्ता उत्तर प्रदेश के पूर्व गृह सचिव एवं इस अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन मूल्यों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र पति त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश ने शिवाजी महाराज के शौर्य, प्रशासनिक क्षमता और न्यायप्रियता को आज के समाज के लिए अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर संस्कृत प्रेमियों, विद्वानों एवं छात्रों ने भाग लिया तथा संस्कृत के प्रचार-प्रसार हेतु संकल्प लिया।

विशिष्ट अतिथि एवं संस्कृत गीतकार डॉ. अनिल कुमार चौबे, राष्ट्रीय संयोजिका, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के डॉ. रागिनी वर्मा ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर डॉ महेश केवट, सदानंद प्रसाद, सुजाता घोष, राजेश कुमार, रामनाथ पाण्डेय, विद्या, अदिति दूबे, विजेंद्र सिंह, मुरलीधर शुक्ल, दिलीप कुमार, ललन कुमार, दयानी शारदेय, तारा विश्वकर्मा, सौरभ शर्मा, ज्ञानी शारदे आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लीना चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्षा, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान ने किया।

■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 284
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
19 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1866** : मोनार्क लीवरपुल में घुसपैठियों से भरा जहाज डूबने से लगभग 750 लोगों की मौत हुई।

**1895** : लूमियर्स ब्रदर्स ने अपने नए पैटेंट सिनेमेटोग्राफ से पहला फुटेज रिकॉर्ड किया।

**1920** : अमेरिकी सीनेट ने लीग ऑफ नेशंस में शामिल होने पर मतदान किया।

**1927** : जर्मनी में नाजी और कम्युनिस्टों के बीच खूनी संघर्ष हुआ।

**ऊंचाई की ओर बढ़े तो कभी भी साथियों की उपेक्षा न करें, नीचे की ओर जाते समय यही साथी आपकी मदद करेंगे।**

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव : अश्विनी वैष्णव

### लोकसभा में चर्चा के दौरान रेल मंत्री ने सांसदों से अपने क्षेत्रों में कार्गो टर्मिनल की आवश्यकता वाले स्थानों के संबंध में मांगे सुझाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। दशकों पुराने सपनों को साकार करते हुए जम्मू से श्रीनगर को जोड़ने का काम पूरा हो गया है। इस मार्ग पर बने अंजी और चिनाब पुल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं। चिनाब पुल एफिल टावर से 35 मीटर ऊंचा है। जल्द ही जम्मू से श्रीनगर के बीच ट्रेन का संचालन शुरू होगा। यह बात केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान केवल नाम मात्र के लिए फ्रेट कॉरिडोर का जिक्र होता था, लेकिन 2014 तक एक भी किलोमीटर निर्माण नहीं हुआ था। आज 350 मालगाड़ियां प्रतिदिन इस कॉरिडोर पर दौड़ रही हैं। महाराष्ट्र में कुछ देरी हुई थी, लेकिन अब वह कार्य भी पूर्ण होने की कगार पर है। इस



कॉरिडोर से पोर्ट तक सामान पहुंचने में लगने वाला समय 24 घंटे से घटकर 12 घंटे रह गया है। गति शक्ति योजना के तहत 97 कार्गो टर्मिनल पूरे हो चुके हैं, जबकि 257 नए टर्मिनलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सरकार ने सांसदों से अनुरोध किया है कि वे अपने क्षेत्रों में कार्गो टर्मिनल की आवश्यकता वाले स्थानों का सुझाव दें, ताकि वहां नए टर्मिनल बनाए जा सकें। 2014 से पहले रेलवे नेटवर्क में मात्र 125 किलोमीटर सुरंगें थीं, लेकिन बीते दस वर्षों में 460 किलोमीटर नई सुरंगें बनाई गई हैं। इससे देश की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव आया है। हिमालयन टनलिंग मेथड जैसे नए तरीकों को अपनाया जा रहा है। गंगा, ब्रह्मपुत्र, कोसी और अन्य प्रमुख नदियों पर बड़े पुल बनाए गए हैं। पटना, प्रयागराज, गाजीपुर और मुंगेर में गंगा पर चार पुल पूरे हो चुके हैं। कोलकाता मेट्रो की गति भी तेज हुई है। 1972 से 2014 तक केवल 28 किमी का निर्माण हुआ था, जबकि मोदी सरकार में 10 वर्षों में 38 किमी निर्माण पूरा किया गया है। सरकार ने बुलेट ट्रेन को भविष्य की जरूरत बताते हुए इसे आगे बढ़ाने पर जोर दिया है। कई सांसदों ने इसकी आवश्यकता जताई है। यह केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि भारत के आत्मनिर्भर और आधुनिक बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार की प्रतिबद्धता है कि बुनियादी ढांचे के ये सभी कार्य उच्चतम गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं ताकि वे आने वाले 50 वर्षों तक उपयोगी बने रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने की मीडिया टीम की नियुक्ति

**नई दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने अपनी मीडिया समन्वयक टीम की घोषणा कर दी है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार सात पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नवनियुक्त सदस्यों में अभय दुबे को राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक बनाया गया है जबकि प्रियंका गुप्ता, प्रकाश मीणा, रितु सिंह और टीना करमवीर को समन्वयक (को-ऑर्डिनेटर) के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं, ज्योति कुमार सिंह और सत्येंद्र सिंह राघव को शोध समन्वयक (रिसर्च को-ऑर्डिनेटर) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ये सभी सदस्य बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ समन्वय बनाकर मीडिया से जुड़े कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। इस नियुक्ति को बिहार चुनावों में कांग्रेस की रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

### लेफ्टिनेंट कर्नल की संदिग्ध हालात में मौत

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** रांची स्थित खेलगांव थाना क्षेत्र के खेलगांव हाउसिंग सोसायटी परिसर से मंगलवार को एक लेफ्टिनेंट कर्नल का शव बरामद किया गया। शव पार्किंग एरिया में पड़ा मिला है। आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने सुसाइड किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक की पहचान दिवाकर सिंह (48) के रूप में हुई है। वह रांची के नामकुम में पोस्टेड थे।

### अभियंता की लाश मिलने से सनसनी

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के नालंदा जिला के राजगीर के नई पोखर मोहल्ले के एक कुएं में नीरज नाम के 32 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। नीरज पेशे से इंजीनियर थे और 24 मार्च को उनकी शादी होनी थी। मामले की जांच कर रही पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का लग रहा है। बताया जा रहा है कि नीरज सोमवार की शाम टहलने गए थे लेकिन देर रात तक जब वो नहीं लौटे तो परिवार के लोगों ने उन्होंने फोन किया। उनका फोन स्विच ऑफ बताया। इसके बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू की।

## नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य : नीतीश

### सीएम ने किया 7,166 करोड़ रूपये की लागत वाली जलापूर्ति योजनाओं और भवन संरचनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'हर घर नल का जल' निश्चय के तहत मंगलवार को 7,166 करोड़ 6 लाख रूपये की लागत की जलापूर्ति योजनाओं और भवन संरचनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 83 करोड़ रूपये लागत की लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मुख्यालय भवन का भी शिलान्यास किया। एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की योजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन योजनाओं का आज शिलान्यास किया गया है, उन्हें समय पर पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों से 'हर घर नल का जल' योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करने का निर्देश देते हुए कहा कि यह जरूरी है कि सभी चीजों का मेंटेनेंस हो। हमलोगों का उद्देश्य है कि लोगों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो, इसमें किसी प्रकार की परेशानी न हो। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य




अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने बताया कि राज्य के लोगों को नियमित व निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। पेयजल गुणवत्ता के राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप राज्य सरकार सभी ग्रामीण परिवारों को 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से जलापूर्ति कर रही है जो राष्ट्रीय औसत से 16 लीटर अधिक है। 'हर घर नल का जल' निश्चय अन्तर्गत निर्मित सभी जलापूत्ति योजनाओं का संचालन एवं रख-रखाव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'हर घर नल का जल' योजना की प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह बब्लू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जबकि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के जिलाधिकारी एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधिकारी जुड़े हुए थे।

### अश्लीलता किसी भी रूप में क्षम्य नहीं : डीजीपी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने अश्लीलता फैलाने वालों को कड़ा संदेश दिया है। मंगलवार को राजधानी पटना में पुलिस महानिदेशक ने महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं सम्मान बिहार पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में संवादात्मक सत्र 'उड़ान' में लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अश्लीलता किसी भी रूप में क्षम्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सबको मिलकर आगे आना होगा। डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि सुरक्षा की भावना के आते ही ग्रामीण परिवेश का पूरा माहौल बदल गया था। उसके बाद हर साल महिलाओं को लेकर सरकार द्वारा कदम उठाए जा रहे हैं।

## विधायक राजेश राम बने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** औरंगाबाद जिले के कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र से पिछले दो बार से लगातार विधायक रह रहे राजेश राम को कांग्रेस पार्टी ने बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। राजेश राम अनुसूचित जाति से आते हैं और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शुमार किए जाते हैं। राजेश राम के पिता दिलकेश्वर राम का बिहार की राजनीति में खासा दबदबा रहा था और वह देव तथा ओबरा विधानसभा क्षेत्र से कई बार विधायक रहे तथा बिहार सरकार में कई दशकों तक विभिन्न विभागों के मंत्री रहे जिनमें स्वास्थ्य एवं पशुपालन आदि भी शामिल है। राजेश राम की चर्चा लंबे समय से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के रूप में हो रही थी और वह पार्टी के प्रमुख अनुसूचित जाति चेहरे हैं। वे कांग्रेस की अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के भी



प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। इस प्रकार उन्हें विधान मंडलों का और संगठन का भी लंबा अनुभव उन्हें हासिल है। उन्हें अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस ने अनुसूचित जाति जनजाति के बड़े वोट बैंक को भी अपने साथ लाने की कोशिश की है जो 80 के दशक तक उसका परंपरागत वोट बैंक था। इसे कांग्रेस का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है तथा हाल की कांग्रेस की बढ़ी हुई सक्रियता के क्रम में भी इसे देखा जा रहा है।

## मई में होगी शिक्षक अभ्यर्थी की चौथे चरण की बहाली प्रक्रिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में शिक्षक अभ्यर्थी चौथे चरण की बहाली का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसको लेकर नई जानकारी सामने आई है। बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने खुद आज सदन की कार्यवाही के दौरान इसके बारे में जानकारी दी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने इसको लेकर कहा, 'बीपीएससी टीआरई-4 (चौथे चरण) की प्रक्रिया मई 2025 में शुरू कर दी जाएगी। टीआरई-3 यानी तीसरे चरण की बहाली का सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी नहीं किया जाएगा।' बता दें, आज बिहार विधानमंडल के बजट सत्र का 11वां दिन था। सदन में भाजपा विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने पूछा था कि टीआरई-3 के तहत मल्टीपल रिजल्ट आने से कुछ पद खाली रह गए। इस पर क्या शिक्षा विभाग फिर से बहाली करने जा रहा है? इस प्रश्न का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा- जो पद खाली हैं, उसे चौथे चरण में जोड़ा जाएगा।




# जिलाधिकारी ने शिकायतों का किया त्वरित निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलों की सुनवाई की। इस दौरान कुल पांच अपीलकर्ताओं में से तीन की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। सुनैना देवी, ग्राम बाराटांड़, प्रखंड गोविंदपुर, ने पूर्व में पारित आदेश से असंतुष्ट होकर द्वितीय अपील दायर की थी। संबंधित पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर उनकी शिकायत का निपटारा किया गया।

इसी प्रकार, राजेंद्र कुमार झा, ग्राम रामनगर, प्रखंड नवादा सदर, की ऑनलाइन दर्ज शिकायत का भी जांच प्रतिवेदन के अनुसार समाधान किया गया।

सौरभ कुमार, प्रखंड पकरीबरावां, ने पकरीबरावां बाजार के देवी स्थान से बारपुर तक पईन की सफाई और सुदनपुर पईन के निर्माण कार्य के संबंध में द्वितीय अपील दायर की थी। संबंधित पदाधिकारी के जांच प्रतिवेदन के आधार पर उनकी शिकायत का भी निपटारा किया गया।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 की प्रमुख विशेषताएं: यह अधिनियम 5 जून 2016 से पूरे राज्य में लागू है, जिसका उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का निश्चित समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करना है।

इस कानून के तहत आवेदकों को 60 कार्य दिवसों में उनकी शिकायतों की सुनवाई, निवारण का अवसर और निर्णय की सूचना प्राप्त करने का कानूनी अधिकार प्राप्त है।

शिकायतें अनुमंडलीय या जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के कार्यालय में दायर की जा सकती हैं। शिकायत दर्ज कराने और निवारण की प्रक्रिया निःशुल्क है, तथा आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है।

नागरिक अपनी शिकायतों के निवारण के लिए इस अधिनियम का लाभ उठा सकते हैं, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होता है।

# 14 करोड़ रुपये का बजट नगर निगम ने किया पेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** नगर निगम बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 414 करोड़ 67 लाख रुपए का बजट पेश किया गया। बैठक में उपमहापौर आईशा शाहीन, नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा और सभी वार्ड पार्षदों ने बजट पर विस्तार से चर्चा की। नगर निगम के वित्त विशेषज्ञ अमित बसाक द्वारा तैयार किए गए बजट में कुल अनुमानित प्राप्ति 414 करोड़ 67 लाख रुपए और व्यय 172 करोड़ 19 लाख रुपए का प्रावधान है। जिसमें अनुमानित अवशेष राशि 242 करोड़ 48 लाख रहने का अनुमान है। बजट में शहर के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं पर 80 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रस्ताव है। इनमें नए भूमि क्रय, मार्केट कॉम्प्लेक्स, सामुदायिक भवन, वृद्धों के लिए आश्रय स्थल, शवदाह गृह, आवास योजना, वेंडर जोन, सड़क और नाला निर्माण, जलापूर्ति, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था, सफाई उपकरण, एंबुलेंस, पुस्तकालय, पार्क, हेल्थ सेंटर और शौचालय निर्माण शामिल हैं। इसके अलावे शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाओं के लिए 123 करोड़ 66 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। बैठक में पार्षदों ने जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए 12 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान करने का सुझाव दिया। अस्थायी दुकानों से राजस्व वसूली और प्रदूषण नियंत्रण के लिए भी सुझाव दिए गए। सभी सदस्यों ने बजट में आंशिक संशोधनों के साथ इसे अगली बोर्ड बैठक में पारित करने का निर्णय लिया।

## एक नजर

### आदर्श मध्य विद्यालय में असामाजिक तत्वों का उपद्रव

**पकरीबरावां (नवादा)।** होली की छुट्टियों के दौरान असामाजिक तत्वों ने आदर्श मध्य विद्यालय धमौल में तोड़फोड़ की। सोमवार को विद्यालय खुलने पर कक्षाओं में तोड़फोड़ और गंदगी का दृश्य देखने को मिला। प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने बताया कि अज्ञात असामाजिक तत्वों ने छुट्टी का फायदा उठाकर स्कूल में प्रवेश किया और कक्षाओं के दरवाजों के ताले तोड़कर बेंच एवं टेबल को क्षतिग्रस्त कर दिया। बदमाशों ने निर्माणाधीन शौचालय एवं बाथरूम को भी नुकसान पहुंचाया है। घटना की जानकारी स्थानीय सरपंच एवं पुलिस को दी गई। सरपंच इंद्रजीत सिन्हा ने घटना का जायजा लिया और पुलिस प्रशासन से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की घटना हुई है।

### आपत्तिजनक बातचीत करने की प्राथमिकी दर्ज

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मंजौर पंचायत के बेलदरिया गांव में होली के दिन एक लड़की के मोबाइल पर आपत्तिजनक बातचीत करने का मामला सामने आया है। ग्रामीण गोपाल साव ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन कर आपत्तिजनक बातें की गईं। जब उनकी पत्नी इस संबंध में ग्रामीण युवक अभिनव साव और विकास साव के घर शिकायत करने गईं, तो दोनों युवकों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गईं। आरोप है कि युवकों ने गोली मारने की धमकी भी दी।

### युवकों से बेवजह मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के नारोमुरार गांव के निवासी, वर्तमान में कृष्णापुरी मोहल्ले में रहने वाले पंकज कुमार ने बेवजह मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें बाजार स्थित मुड़लाचक मोहल्ले के 10-15 युवकों को आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि रविवार को उनके पुत्र कन्हैया कुमार, गोपाल कुमार और गोलू बाईपास रोड, वार्ड संख्या 4, मुड़लाचक मोहल्ले के पास से गुजर रहे थे, तभी बेवजह उनकी पिटाई की गई। मारपीट करने वालों में मोहल्ले के युवक नीतीश यादव, बिट्टू यादव, छोटी यादव और जितेंद्र यादव की पहचान होने पर उन्हें नामजद आरोपित बनाया गया है, जबकि अन्य अज्ञात आरोपितों की तलाश पुलिस कर रही है।

### संगठन की मजबूती पर दिया गया जोर

**पकरीबरावा।** प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड के सभी स्वच्छता पर्यवेक्षको ने बैठक की। बैठक में एक कमेटी का गठन किया गया। स्वच्छता पर्यवेक्षक मनोज कुमार गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया और राजेश कुमार को सचिव बनाया गया। कुंदन कुमार रविदास को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में संगठन की मजबूती हेतु प्रत्येक माह बैठक करने एवं जिला से समन्वय स्थापित कर आगे की रणनीति बनाने हेतु सहमति जताई गई। इस अवसर पर स्वच्छता पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, सोनू कुमार, पप्पू कुमार, निरंजन कुमार पासवान, सन्नी कुमार, विजय कुमार मांझी, विनोद कुमार, उत्तम कुमार चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

### युवक की पिटाई कर गंभीर रूप से किया घायल

**पकरीबरावां।** धमौल थाना क्षेत्र के ढोढ़ा गांव में मंगलवार की सुबह एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि हमले में प्रकाश रविदास के पुत्र सनोज कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं, उसकी एक आंख की स्थिति काफी गंभीर है। बताया गया कि उसके आंख से खून बह रहा है। बताया जाता है कि जब युवक खेत की तरफ से शौच करके घर लौट रहा था। इसी दौरान सामुदायिक भवन के पास उसके साथ मारपीट की गई। इससे वह लहूलुहान हो गया। सिर एवं चेहरे पर गंभीर चोटें आई। उसका एक आंख भी क्षतिग्रस्त हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब हमलावर भागे। घायल युवक को तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए नवादा के बाद वर्धमान मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पावापुरी रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने बताया कि युवक के पिता द्वारा आवेदन दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### गोविंदपुर में नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया की कमिटी गठित

**गोविंदपुर (नवादा)।** गोविंदपुर बड़तल्ला में नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया के द्वारा कमिटी गठन को लेकर एक बैठक किया गया।जिसमें गइएए के प्रखंड कमिटी का गठन किया गया और प्रखंड अध्यक्ष संजय गुप्ता को चुना गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार हमारे रीति-रिवाज, धर्म के साथ-साथ हमारे दैनिक जीवन को भी खराब कर रहा है। हमारा देश उनमें से एक है जो इस वायरस से गंभीर रूप से संक्रमित है। प्रत्येक मनुष्य भारतीय संविधान के अनुसार अपना जीवन जीने में असहाय है। उन्होंने कहा कि संस्था भष्ट्राचार को खत्म करने की दिशा में काम कर रही है। हम अपनी टीम बना रहे हैं और हर इंसान तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उनकी समस्याओं को समझ सकें और समाधान भी प्रदान कर सकें। मौके प्रखंड साहु समाज अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार गुप्ता, समाजसेवी सुमन कुमार,अजय कुमार,संजय गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रजौली के किसान प्रवीण मिश्रा को मिला सम्मान

**कौआकोल।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर,भागलपुर में आयोजित राष्ट्रीय किसान सम्मेलन सह किसान मेला में कृषि विज्ञान केंद्र सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा से चयनित होकर मेला में शामिल होने वाले किसान व नवादा जिला के रजौली प्रखंड के विनोबा नगर निवासी प्रवीण कुमार मिश्रा को समेकित कृषि प्रणाली के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नवाचारी किसान सम्मान से सम्मानित किया गया है। बता दे बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय किसान सम्मेलन सह किसान मेला का आयोजन किया गया था। जिसमे राज्य के विभिन्न जिलों से आये किसानों ने भाग लिया एवं कृषि के विभिन्न तकनिक के बारे मे जानकारी प्राप्त किया। प्रवीण कुमार मिश्रा ने इस सम्मान के लिए कृषि विज्ञान केंद्र नवादा के वैज्ञानिकों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में ही उक्त सफलता हासिल कर सके।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए करें पंजीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य रामाशंकर पासवान ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत संस्थान से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं अन्य इच्छुक अभ्यर्थी, जिन्होंने हाई स्कूल, उच्च माध्यमिक विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण की है अथवा आई.टी.आई, डिप्लोमा, बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम., बी.सी.ए., बी.बी.ए., बी.फार्मा आदि स्नातक डिग्री प्राप्त की है, वे भारत सरकार द्वारा विकसित ऑनलाइन पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

***एक करोड़ युवाओं को मिलेगा इंटर्नशिप का अवसर***

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य पांच वर्षों में 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है। इस योजना के तहत इंटर्न को वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त करने, प्रशिक्षण लेने और कौशल विकसित करने का अवसर मिलेगा।

***12 महीनों की होगी इंटर्नशिप, मिलेगा मासिक मानदेय***

योजना के तहत इंटर्नशिप की अवधि 12 महीने की होगी, जिसमें कम से कम आधा समय वास्तविक कार्य अनुभव/नौकरी के माहौल में बिताना अनिवार्य होगा। इंटर्नशिप करने वाले उम्मीदवार की आयु 21 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए और वह पूर्णकालिक रोजगार या पढ़ाई में संलग्न नहीं होना चाहिए। इंटर्नशिप की पूरी अवधि (12 महीने) के लिए अभ्यर्थियों को 5000 रुपये मासिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

प्रधानाचार्य ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर जल्द से जल्द अपना पंजीकरण कराएं ताकि वे इस योजना का लाभ उठा सकें।

# एशिया दलित राइट्स फोरम एवं राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** मंगलवार को अंबेडकर भवन में एशिया दलित राइट्स फोरम एवं राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान के बैनर तले एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष्मान भारत कार्ड योजना को गांव-गांव तक पहुंचाना और प्रत्येक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति परिवार तक इस योजना का लाभ सुनिश्चित करना था। पूर्व राज्य समन्वयक धर्मदेव पासवान ने कार्यक्रम में कहा कि आयुष्मान भारत कार्ड अत्यंत आवश्यक है और इसका लाभ सभी पात्र परिवारों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिले के कुल 20 सीएसओ/सीएलओ सदस्यों ने भाग लिया। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रंजीत कुमार ने प्रशिक्षक और अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत कार्ड बनाने में यदि किसी प्रकार की समस्या होती है, तो सीधे उनसे संपर्क करें। जहां भी आवश्यकता होगी, वहां कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जाएगा।

प्रशिक्षक पंकज कुमार ने आयुष्मान भारत कार्ड के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें इसकी प्रक्रिया और लाभ लेने के तरीकों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में मनोज पासवान (कुम्हरामा), विनोद कुमार (रूपों), राजेश कुमार पासवान (डुमरी), सुधीर कुमार (वारिसलीगंज), मंजू देवी, अमृता कुमारी, सलोनी कुमारी, चांदनी कुमारी, पुष्पा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# कुएं से युवक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर के नई पोखर मोहल्ले में एक युवक का शव कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान विजय सिंह के पुत्र नीरज उर्फ झुन्ना (32) के रूप में हुई है। नीरज व्यवसायी था और उसकी शादी से पहले का तिलक समारोह आगामी 25 मार्च को होना तय था, 30 को शादी थी। घटना का खुलासा तब हुआ जब स्थानीय लोगों को कुएं के पास कुछ संदिग्ध सामान, जैसे चप्पल, चश्मा और अन्य चीजें दिखाई दीं। जब ग्रामीणों ने कुएं में झांककर देखा, तो पानी में एक शव नजर आया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और सीढ़ी लगाकर शव को बाहर निकाला। शव को देखने पर पता चला कि उसके पैरों में ईंट बंधी हुई थी। घटनास्थल पर जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया। डॉग स्क्वायड और अन्य विशेषज्ञों ने जांच के दौरान कुएं के पास खून के निशान पाए। इसके अलावा, घटनास्थल से एक कारतूस भी बरामद किया गया है, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई है। नीरज एमबीए की पढ़ाई के बाद जमीन का कारोबार करता था। राजगीर में एक होटल निर्माण का काम भी कर रहा था। परिवारवालों के अनुसार, वह आर्थिक रूप से संपन्न था और उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। परिजनों ने बताई पूरी कहानी मृतक के परिजनों ने बताया कि सोमवार की शाम नीरज ने घर पर भोजन किया और फिर टहलने के लिए बाहर चला गया। जब देर रात तक वह वापस नहीं आया, तो परिवार ने उसे फोन किया, लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ था। बार-बार कॉल करने के बाद भी कोई संपर्क नहीं हुआ, जिससे चिंता बढ़ गई। परिजन उसकी तलाश में जुट गए, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः परिवार ने राजगीर थाना पहुंचकर पुलिस को गुमशुदगी की जानकारी दी। थाना से लौटने के बाद जब मोहल्ले के बाहर पहुंचे, तो कुएं के पास नीरज की चप्पल और अन्य सामान बिखरा मिला।

# हिसुआ नगर के वार्ड पार्षद पतियों ने सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी को दी जान मारने की धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** हिसुआ नगर परिषद में उस वक्त अफरातफरी का माहौल हो गया जब मृत्य प्रमाणपत्र बनाने को लेकर विभिन्न वार्ड पार्षद पतियों ने सहायक सांख्यकी पदाधिकारी को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी तक दे डाली। इस दरम्यान नगर परिषद हिसुआ परिसर में घंटों हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ, जिसे देखने काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। पीड़ित सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी ने हिसुआ थाना में लिखित आवेदक देकर वार्ड पार्षद पतियों पर कार्रवाई की मांग किया है। उन्होंने कार्यालय से इसका सीसीटीवी फुटेज जांच कराते हुए कार्रवाई एवं सुरक्षा प्रदान करने की मांग किया की।

# अर्णव के शतक से नालंदा ने गया को 188 रन से हराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




नवादाः बिहार क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सिरदला के लौंद हाई स्कूल मैदान में आयोजित बीसीए मेंस अंडर-23 वनडे ट्रॉफी के मगध जोन के मुकाबले में नालंदा ने गया को 188 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया। नालंदा के बल्लेबाज अर्णव किशोर ने शानदार शतक जड़ते हुए 110 रन बनाए, जबकि गेंदबाज आदित्य कुमार ने 4 विकेट चटकाए। नालंदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 319 रन बनाए। अर्णव किशोर ने 89 गेंदों में 10 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 110 रन बनाए। सिद्धार्थ कुमार ने 40, गौतम कुमार ने 40, राजीव रंजन ने 30 और नमन गौरव ने 19 रनों का योगदान दिया। गया के गेंदबाजों में मयंक पांडेय, आर्यन रंजन, युवराज सिंह, मुकेश दूबे और कौसर आलम ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गया की टीम 22.4 ओवर में मात्र 131 रन पर सिमट गई। प्रवीण राय ने 50 रन बनाए, जबकि आर्यन रंजन ने 25 रन जोड़े। नालंदा के गेंदबाज आदित्य कुमार ने 4 विकेट, नमन गौरव ने 3 विकेट और मोहम्मद फैजान अख्तर ने 3 विकेट हासिल किए।

इस जीत के साथ नालंदा ने टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

# पीडीएस विक्रेताओं की बैठक आयोजितः राशन कार्ड धारकों के लिए केवाईसी अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



नारदीगंज, नवादा। मंगलवार को प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रविरंजन कुमार की अध्यक्षता में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने सभी राशन कार्ड धारकों को 31 मार्च 2025 तक अपने राशन कार्ड की केवाईसी (खङ्गए) अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। अन्यथा, उन्हें मृत या पलायन मानते हुए राशन कार्ड से नाम हटाया जा सकता है, जिससे वे खाद्यान्न लाभ से वंचित हो सकते हैं।

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक सदस्य का केवाईसी आवश्यक है, जिसे किसी भी जन वितरण प्रणाली की दुकान पर संधारित ई-पीडीएस मशीन के माध्यम से निःशुल्क कराया जा सकता है। उन्होंने पीडीएस विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वे लाभुकों के घर-घर जाकर केवाईसी प्रक्रिया सुनिश्चित करें। यदि किसी राशन कार्ड में दर्ज सदस्यों का केवाईसी नहीं होता है, तो उन्हें मृत या पलायन समझते हुए उनके नाम राशन कार्ड से हटा दिए जाएंगे, जिससे वे खाद्यान्न लाभ से वंचित हो सकते हैं।

बैठक में शंकर प्रसाद, संजीत कुमार, पवन कुमार, ध्रुव नारायण पासवान, कुनकुनी, राकेश कुमार समेत अन्य पीडीएस विक्रेता उपस्थित थे।

# राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं काफी मरीज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां परिसर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय में प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में इलाज के लिए लोग आ रहे हैं। औषधालय में दो चिकित्सक डॉ. हेमंत कुमार गुप्ता एवं डॉ. शिव कुमार मिश्रा पदस्थापित हैं। चिकित्सक ने बताया कि औसतन प्रतिदिन 25 से 30 मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मरीजों को निःशुल्क दवा दी जाती है। बताया गया कि ज्यादा मरीज ज्वाइंट पेन एवं पेट से संबंधित रोगों के लिए आ रहे हैं। मंगलवार को इलाज कराने पहुंचे खपुरा गांव के अरुण कुमार सिंह, बरडीहा लक्ष्मीपुर के सकलदेव यादव एवं कपसंडी के सरयू यादव आदि ने बताया कि अब वे लोग यहीं इलाज करा रहे हैं।

# 25 मार्च को पटना में धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे वरीय नागरिक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज वरीय नागरिक संघ के दर्जनों सदस्य 25 मार्च को पटना में आयोजित धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे। सोमवार को तुमड़िया बाबा भवन में प्रखंड के सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुंदर प्रसाद ने की। बैठक में संघ की केंद्रीय एवं प्रदेश कमेटी से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि बिहार सरकार के समक्ष विराट धरना-प्रदर्शन 25 मार्च को किया जाएगा, जिसमें देश के अन्य राज्यों की भांति बिहार में भी वृद्धा पेंशन योजना में बढ़ोतरी की मांग की जाएगी। मौके पर अनिल यादव, रामनरेश सिंह, रामसेवक सिंह, नागेंद्र बंधु, अखिलेश सिंह, नारायण प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, गोरेलाल सिंह, सिद्धेश्वर महतो, चक्रदेव पाल, विजय चौधरी, उमा सिंह, जयराम सिंह आदि उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की जिलास्तरीय बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक हिसुआ के सरस्वती नेशनल विद्यालय, नाला रोड में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप के जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री सुबोध लाल ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बजरंग दल के प्रांत सहसंयोजक अभिमन्यु कुमार ने कहा कि सभी बजरंगियों को हिंदुत्व के मजबूत स्तंभ के रूप में खड़ा रहना होगा और कार्य योजनाओं के अनुसार कार्य करना होगा। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों, जैसे रामोत्सव और हनुमान जन्मोत्सव, को भव्य रूप से मनाने के निर्देश दिए। यह भी निर्णय लिया गया कि 27 अप्रैल 2025 को पटना में वीर बजरंगी धर्म यात्रा के रूप में पथ संचलन निकाला जाएगा, जिसमें नवादा जिला से भी हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित होंगे। इसके अलावा, 12 अप्रैल को नवादा जिले के सभी 14 प्रखंडों में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें बजरंग दल के युवा भाग लेंगे। गया विभाग के संगठन मंत्री सूरज प्रताप ने कहा कि सभी 14 प्रखंडों में संगठन को मजबूत किया जाए और प्रत्येक प्रखंड में मिलन केंद्र एवं बालोपासना केंद्र संचालित हों। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष मनीष राठौर, जिला सहसंयोजक अनीश सिंह, जिला मिलन केंद्र प्रमुख अनिकेत कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य कौशल कुमार, जितेंद्र प्रताप जीतू, कैलाश विश्वकर्मा, हिसुआ नगर सह संयोजक मनु आर्य, सहमंत्री देवेंद्र विश्वकर्मा, वारिसलीगंज मंत्री रंजीत कुमार, अध्यक्ष रामप्रवेश कुमार, नरहट संयोजक चंदन जी, कौआकोल प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# युवक ने लगाई फांसी, प्रेम-प्रसंग में आत्महत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** उत्तर प्रदेश के रहने वाले एक युवक ने नालंदा में सोमवार की रात फांसी लगा खुदकुशी कर ली। घटना का पता मंगलवार की सुबह चली। मामला पीर बीघा ओपी के कन्हैयागंज गांव का है। मृतक की पहचान यूपी के कासगंज जिला के सिउड़ी निवासी सतीश चंद्र के पुत्र सचिन के रूप में हुई है। सचिन के भाई विनीत कुमार ने बताया कि वह एक लड़की से पिछले 5-6 महीने से बातचीत कर रहा था। इसी चक्कर मे उसने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। उसने अपना मोबाइल फांसी लगाने के पूर्व तोड़ लिया था। लड़की भी यूपी की ही रहने वाली है। घटना का पता मंगलवार की सुबह चली जब कारखाना में काम करने एक कर्मी पहुंचा। उसने देखा कि सचिन फंदे पर लटका हुआ है। जिसके बाद उसने घटना की जानकारी सचिन के भाई को दिया। बताया जाता है कि पिछले 2 साल से दोनों भाई कन्हैयागंज में मिकी माउस झूला बनाने का काम कर रहे हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है की प्रेमिका से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद युवक ने अपना मोबाइल तोड़ लिया और फंदे से लटक खुदकुशी कर ली। इस मामले पीर बीघा ओपी प्रभारी अर्जुन मंडल ने बताया कि आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। प्रेमप्रसंग के कारण युवक ने आत्महत्या कर ली है। वह अपने भाई के साथ कन्हैयागंज में रह रहा था। प्रेमप्रसंग में आत्महत्या की बात को लेकर आवेदन दिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के साथ डीएम ने की बैठक

## जिले में कुल 2223740 मतदाता में 1170284 पुरूष, 1053404 महिला तथा 52 हैं थर्ड जेंडर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के मद्देनजर सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, बेगूसराय सहित सभी राजनैतिक दल के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन को लेकर सभी पार्टियों से उनका मंतव्य जाना गया। जिसपर कुछ पार्टियों द्वारा यह बताया गया कि एक ही परिवार के कुछ सदस्य अलग बूथ पर तथा कुछ सदस्य अलग बूथ पर मतदान करने जाते है। जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा उप निर्वाचन पदाधिकारी को इस पर ध्यान देने की बात कहीं गई। ताकि एक ही परिवार अलग-अलग बूथ पर मतदान करने ना जाए। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा वर्तमान में विधान सभा वार कुल मतदाताओं की संख्या सभी राजनैतिक दलों को बताया गया। 1 जनवरी 2025 के अनुसार वर्तमान में जिला में कुल 2223740 मतदाता है।जिसमें से 1170284 पुरूष, 1053404 महिला तथा 52 थर्ड जेंडर है। जिसमें से चेरियाबरियारपुर विधान सभा में कुल 276955 मतदाता है। जिसमें से 144813 पुरूष एवं 132130 महिला तथा थर्ड जेंडर 12 है। बछवाड़ा विधान सभा में कुल 320344 मतदाता है। जिसमें से 169319 पुरूष, 151018 महिला एवं 7 थर्ड जेंटर है। तेघड़ा विधान सभा में 310883 मतदाता है जिसमें से 163469 पुरूष एवं 147403 महिला एवं 11 थर्ड जेंडर है। मटिहानी विधान सभा में कुल 372024 मतदाता है। जिसमें 196280 पुरूष, 175741 महिला एवं 3 थर्ड जेंडर है। साहेबपुर कमाल विधान सभा में 274471 मतदाता है।

जिसमें से पुरूष 144510, महिला 129956 एवं थर्ड जेंडर 5 है। बेगूसराय विधान सभा में कुल 368032 मतदाता है। जिसमें से 194201 पुरूष, 173824 महिला एवं 7 थर्ड जेंडर है। इसी प्रकार बखरी विधान सभा में 301031 मतदाता है। जिसमें से 157692 पुरूष एवं 143332 महिला एवं थर्ड जेंडर 7 है। जिला पदाधिकारी ने सभी राजनैतिक पार्टियों से नये मतदाता खासकर महिला मतदाताओं को जोड़ने में सहयोग की बात कही ताकि जिला का मतदाताओं में लिंगानुपात बढ़ सकें। जिला पदाधिकारी ने सभी राजनैतिक पार्टियों से प्रत्येक बूथ पर बीएलओ की नियुक्ति में तेजी लाने की भी बात कही गई। बताया कि बीएलओ के नियुक्ति से कार्य करने में सहयोग मिलता है। जिला पदाधिकारी ने जिला के मतदान प्रतिशत (वीटीआर) पर भी चिंता जाहिर करते हुए सभी राजनैतिक पार्टियों से मतदाताओं के बीच मतदान करने से संबंधित जागरूकता फैलाने एवं वैसे मतदाता जो मृत हो गये है। उनका नाम हटाने में सहयोग करने की भी बात कही गई।

# भागवत कथा यज्ञ को लेकर निकली कलश शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बलिया।** डंडारी प्रखंड के आदर्श ग्राम तेतरी में नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकली। समस्त तेतरी ग्रामवासियों द्वारा ज्ञान यज्ञ कराया जा रहा है। जिस ज्ञान यज्ञ में साध्वी श्यामा किशोरी अपनी प्रवचन से अमृत वर्षा करेंगे। ज्ञान यज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकला। जिसमे सुबह सैकड़ो कुंवारी कन्याओं व महिलाएं माथे पर कलश लिए पूरे गांव का जयकारे के साथ भ्रमण किया। बूढ़ी गंडक किनारे से कलश में जल भरकर माथे पर कलश लेकर ढोल बाजे के साथ जयकारों से गूंजते गांव भ्रमण कर यज्ञ स्थल पहुंचकर यात्रा को विराम दिया। यज्ञ स्थल तेतरी पुनर्वास मैदान को भव्य रूप रंग रोशनी से सजाया गया। जहां स्टेज पर प्रवचनकर्ता श्यामा किशोरी विराजमान हुई। जिनका सम्पूर्ण ग्रामवासी तालियां बजाकर व जयकारे कर स्वागत किया जिनका ठाकुरवाड़ी महंथ रविराज सिंह, मानस गोष्ठी संघ के अध्यक्ष सिद्धिनाथ झा सभी सदस्यों के साथ माला भेंटकर सम्मानित किया। वही जिला परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, प्रवचन कर्ता श्यामा किशोरी जी ने दीप प्रज्वलित कर एवम फीता काटकर ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया। प्रवचन के पहले दिन यज्ञ व प्रवचन व वाचक के महत्ता को बताया। कहा यज्ञ व प्रवचन को सुनने से आत्मा व मन मे अच्छे विचार उतपन्न होते है। साथ संस्कार की बृद्धि होती है। भागवत कथा व गीता सार से मानव जीवन मे अच्छे विचार आते है। ज्ञान यज्ञ शुभारंभ में मुखिया आदित्य राज वर्मा, उप प्रमुख कैलाश यादव, पूर्व उप मुखिया मनोज झा, सामाजिक कार्यकर्ता पिंकू झा, रामबिलास सिंह, रामबिनोद सिंह, रौशन झा, मुरारी झा, नंदकिशोर सिंह, रामभरोसा सिंह, रामबिनोद सिंह सहित समस्त ग्रामीण के साथ हजारों श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर प्रवचन सुन रहे थे।

# प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना में युवाओं को मिलेगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला नियोजनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना की शुरूआत की गई है। जिसका लक्ष्य भारत की शीर्ष कम्पनीयों में युवाओं को इन्टर्नशिप करने का अवसर प्रदान करना है। जिसमें युवाओं को उधोग, व्यवसाय, सेवाओं के विभिन्न क्षेत्रो में बहुमूल्य कौशल और कार्य अनुभव प्राप्त करने का लाभ मिलेगा। इस योजना का उद्धेश्य अगले पॉच वर्षो में 1 करोड़ इन्टर्नशिप कराना है। प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजंना के लिए इच्छुक आवेदक को भारतीय नागरिक होना आवश्यक है। उम्र 21-24 वर्ष हो। आप पूर्णकालिक रूप से न किसी नौकरी में हो न ही शिक्षा ग्रहण कर रहे हो। वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा या समकक्ष, उच्च माध्यमिक परीक्षा या समकक्ष, या आपके पास औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का प्रमाण-पत्र हो। या आपके पास किसी पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा का प्रमाण-पत्र हो, या आप बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बीफार्म इत्यादि किसी भी एक संकाय से डिग्री का धारण करते हो। यह इन्टर्नशिप की कुल अवधि 12 महिनों की होगी। प्रत्येक माह 5,000 रुपया इन्टर्न को सहायता राशि DBT के माध्यम से दी जाएगी। इन्टर्नशिप स्थल पर योगदान देने के समय आकस्मिक व्यय हेतु उन्हें 6,000 रुपया एकमुस्त अनुदान दिया जाएगा।प्रशिक्षण लागत का वहन कम्पनी द्वारा किया जायेगा। प्रत्येक इर्न्टन का जीवन बीमा कवरेज प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अन्तर्गत किया जाएगा। जिसके प्रिमियम की राशि का भुगतान सरकार द्वारा की जाएगी।

# भारतीय रेलवे 2025 तक 'नेट जीरो' लक्ष्य हासिल करेगा : रेल मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे 2025 तक 'नेट जीरो' लक्ष्य हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह एक बड़ा लक्ष्य है, लेकिन रेलवे ने अपनी प्रभावी रणनीतियों के माध्यम से इसे जल्द ही प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय रेलवे कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने की नीति पर तेजी से काम कर रहा है और यह परिवहन क्षेत्र को ग्रीन बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। नेट जीरो का अर्थ है कि भारतीय रेलवे अपनी कार्बन उत्सर्जन को या तो कम कर देगा या उसे पूरी तरह ऑफसेट करेगा। रेलवे ने इसे प्राप्त करने के लिए कई रणनीतियाँ अपनाई हैं. इस क्रम रेलवे ने बड़ी संख्या में ट्रेनों को डीजल से हटाकर इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन में परिवर्तित कर दिया है। वर्तमान में, 90% ट्रैक्शन इलेक्ट्रिक हो चुका है और शेष 3% का विद्युतीकरण भी जल्द पूरा होने वाला है। रेलवे अपने निर्माण और संचालन को अधिक ऊर्जा-कुशल बना रहा है और इसके कार्बन प्रभाव को कम करने के लिए मॉडल शिफ्ट और वनीकरण का सहारा ले रहा है। रेलवे अपने लॉजिस्टिक्स मॉडल को सड़क से रेल की ओर शिफ्ट करके कार्बन उत्सर्जन में कमी कर रहा है। ऊर्जा खपत को कम करने और ऑफसेट करने के लिए रेलवे विभिन्न योजनाओं को लागू कर रहा है। रेल मंत्री ने बताया कि भारतीय रेलवे ने 2014-15 से 2023-24 के बीच रेलवे भूमि पर 9 करोड़ पेड़ लगाए हैं। इन पेड़ों के कारण हर साल 5 लाख टन कार्बन उत्सर्जन की भरपाई हो रही है। साथ ही, रेलवे द्वारा 2021-22 से 2023-24 के बीच बढ़े माल ढुलाई यातायात के कारण 17 लाख टन कार्बन उत्सर्जन ऑफसेट हुआ है। रेलवे की 2024-25 में कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन 20 लाख टन रहेगा, जबकि उपलब्ध ऑफसेट 22 लाख टन तक पहुंच चुका है। इसमें 5 लाख टन कार्बन ऑफसेट रेलवे की वृक्षारोपण पहल से और 17 लाख टन कार्बन ऑफसेट रेलवे की बढ़ती माल परिवहन क्षमता से प्राप्त हो रहा है। भारतीय रेलवे न केवल प्रत्यक्ष उत्सर्जन को खत्म करने की दिशा में काम कर रहा है, बल्कि अप्रत्यक्ष उत्सर्जन को भी कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्ज़ा स्त्रोतों से बिजली प्राप्त करने पर जोर दे रहा है। रेलवे तेजी से जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्ज़ा स्त्रोतों की जगह गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्ज़ा स्त्रोतों से बिजली प्राप्त कर रहा है। भारतीय रेलवे देश के परिवहन क्षेत्र को हरित और पर्यावरण-अनुकूल बनाने में सबसे बड़ा योगदान दे रहा है। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे केवल सड़क परिवहन की तुलना में कम कार्बन उत्सर्जक विकल्प ही नहीं प्रदान कर रहा, बल्कि यह ग्रीन एनर्जी से संचालित परिवहन विकल्प को बढ़ावा भी दे रहा है। रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे ने अपने रणनीतिक फैसलों और सतत विकास की योजनाओं के जरिए 'नेट जीरो' लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में जबरदस्त प्रगति की है। उन्होंने यह भी दोहराया कि रेलवे 2025 तक पूरी तरह से 'नेट जीरो कार्बन एमिटर' बनने की दिशा में अग्रसर है।

# जन्मजात और आर्थोपेडिक समस्याओं से जूझ रहे बच्चों को नि:शुल्क चिकित्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** आकाश हेल्थकेयर ने अन्वका फाउंडेशन के साथ साझेदारी में ''पिंक बोन्सः डिफॉर्मिटी फ्री किड्स कॉम्यूनिटी'' शुरू किया है। इस कार्यक्रम के जरिये जन्मजात और आर्थोपेडिक समस्याओं से जूझ रहे 16 वर्ष तक के बच्चों को प्रारंभिक पहचान से लेकर सर्जरी के बाद पुनर्वास तक निःशुल्क चिकित्सा देखभाल करने की जिम्मेदारी निभाने का वादा किया है। भारतीय ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अनुसार, बच्चों में हड्डियों की विकृति, क्लबफुट जैसी जन्मजात स्थितियों से लेकर ऑस्टियो कॉन्ड्रोडिस्प्लासिया, स्कोलियोसिस और ऑस्टियोजेनेसिस इम्पर्फेक्टा जैसी पोस्ट-ट्रॉमेटिक विकृतियों तक भारत में हर 300 बच्चों में से 1 को प्रभावित करती है। आकाश हेल्थकेयर के ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. विक्रम खन्ना ने कहा कि ये स्थितियां विशेष रूप से वंचित समुदायों के बच्चों के बीच महत्वपूर्ण शारीरिक और मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का कारण बन सकती हैं। 'बच्चों में हड्डियों की विकृति विभिन्न कारकों, जैसे चोट, संक्रमण या आनुवंशिक स्थितियों से उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा, ये विकृतियां न केवल बच्चे के शारीरिक विकास में बाधा डालती है, बल्कि चलने, दौड़ने, खेलने या लिखने जैसी रोजमर्रा की गतिविधियों को करने की उनकी क्षमता को भी प्रभावित करती है। डॉ. चौधरी ने कहा, यह पहल मेरे लिए बेहद व्यक्तिगत है, क्योंकि मैंने भी उस आघात का दर्द महसूस किया है। ऐसी स्थितियों के साथ पैदा हुए बच्चों के लिए देरी से या अनुचित उपचार के परिणाम शारीरिक सीमाओं से कहीं आगे तक फैल जाते हैं। यह उनके आत्मविश्वास, दोस्ती बनाने, करियर बनाने और बड़े होने पर सार्थक रिश्ते बनाने की उनकी क्षमता को प्रभावित करता है।

# बैठक में डीडीसी ने स्वच्छता की ली जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** उप विकास आयुक्त सह उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, संदीप शेखर प्रियदर्शी की अध्यक्षता में मंगलवार को गुगल मीट के माध्यम से सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा एवं पंचायतों में चल रहे कार्य स्थल से प्रखण्ड समन्वयकों के साथ समीक्षा की गयी। जिसमें ठोस तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन अन्तर्गत क्रियान्वित कार्यों में तीव्रता लाने हेतु निदेशित किया गया। इस क्रम में उन्होंने जिलान्तर्गत घर-घर से कचरा उठाव व उपभोक्ता शुल्क संग्रह कार्यों की समीक्षा के क्रम में सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह स्वच्छता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आपके प्रखंड अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों का ई-रिक्शा एवं पैडल रिक्शा कार्यरत अवस्था में है तथा सभी ग्राम पंचायतों में घर-घर से कचरा उठाव का कार्य नियमित रूप से चल रहा है इसे सुनिश्चित करें। साथ ही ग्राम पंचायत में कार्यरत स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी से प्रतिदिन समीक्षा कर उपभोक्ता शुल्क संग्रहण कार्य में तीव्रता लायें। इसके अलावा सभी ग्राम पंचायतों के पारिश्रमिक भुगतान हेतु लंबित कर्मियों का माह जनवरी 2025 से पूर्व के बकाया पारिश्रमिक राशि का भुगतान 15वीं वित्त आयोग के स्वच्छता व्यय हेतु कर्णाकित राशि से कराने के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा को निदेशित किया गया कि मनरेगा अंतर्गत संचालित कुल 208 खेल मैदान का निर्माण गुणवत्ता के साथ दिनांक 30.03.2025 तक पूर्ण किया जाना है। वर्तमान में उपलब्धि असंतोषजनक है। कार्यपालक अभियंता, मनरेगा एवं सहायक अभियंता, मनरेगा को निर्देशित किया गया कि अपने स्तर से पंचायत तकनीकी सहायक एवं कनीय अभियंता, मनरेगा के साथ लगातार समीक्षा कर उक्त कार्य को ससमय गुणवत्तपूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रति कार्यदिवस को प्रातः 9 बजे से सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा खेल मैदान के स्थल से विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़ेगे, जहाँ ढलाई होनी है अथवा हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास विहीन परिवारों का नाम नये सर्वे आवास एप प्लस 2024 के माध्यम से नाम जोडने की प्रक्रिया की जा रही है। विभाग द्वारा सर्वे का कार्य दिनांक 31.03.2025 तक पूर्ण किया जाना है।

# हीराटोल जीरोमाइल के समीप बनेगा अंडरपास व गोलंबर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा जिले के साहेबपुर कमाल प्रखंड अंतर्गत हिराटोल जीरोमाईल के समीप गोलम्बर, अंडर पास के निर्माण हेतु परियोजना निदेशक एनएचएआई को प्रस्ताव भेजा गया है। अनुमंडल पदाधिकारी, बलिया के पत्रांक 493/गो 25 नवम्बर 2024 द्वारा जिला पदाधिकारी को इस हेतु पत्र दिया गया है। जिसके आलोक में जिला पदाधिकारी द्वारा परियोजना निदेशक एनएचएआई को प्रस्ताव भेजा गया है। ज्ञात हो कि 21 नवंबर 2024 को जिला पदाधिकारी द्वारा मुंगेर गंगा ब्रिज एवं उसके पास स्थित हीराटोल जीरोमाईल, साहेबपुर कमाल का निरीक्षण किया गया था। जिसमें बेगूसराय मुंगेर ब्रिज से बेगूसराय और खगड़िया की तरफ़ जाने वाले वाहनों के सुरक्षित आवागमन हेतु समीक्षा की गयी। निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया था।हीराटोल जीरोमाईल के समीप प्रायः चालकों द्वारा गलत दिशा में आने के कारण यहां पर दुर्घटना की प्रबल संभावना बनी रहती है। जो भी बड़ी वाहन बेगूसराय से मुंगेर पुल की तरफ जाती है। उक्त मार्गरेखन पर अपस्थित यूटर्न में जगह की कमी के कारण गलत दिशा में प्रवेश कर जाती है।इसी प्रकार मुंगेर पुल से खगड़िया की ओर जाने वाली वाहन उक्त स्थिति में गलत दिशा में प्रवेश करती है, जिससे यहां पर हमेशा दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। मुंगेर ब्रिज के पहुँच पथ एवं एनएच-31 पर दिये गये यू-टर्न में आवश्यक बदलाव हेतु हेतु आगे की कार्यवाही करने के लिए ज़िला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी बलिया और परियोजना निदेशक एनएचएआई को निदेशित किया गया था। साहेबपुर कमाल प्रखंड के हीराटोल जीरोमाईल तीन जिला यथा बेगूसराय, खगड़िया एवं मुंगेर का जंक्शन प्वांइट है, जिस कारण यहां पर भारी वाहनों से लेकर छोटी वाहनों तक का आवागमन काफी होता है। हीराटोल जीरोमाईल के समीप प्रायः चालकों द्वारा गलत दिशा से यू-टर्न लेने के कारण यहां पर दुर्घटना की प्रबल संभावना बनी रहती है। जिला पदाधिकारी द्वारा परियोजना निदेशक, एनएचआई को भेजे पत्र में दुर्घटना की दृष्टिकोण से उक्त स्थल पर गोलम्बर/अंडर पास निर्माण के साथ-साथ सड़क चौड़ीकरण की दिशा में भी कार्रवाई करने की बात कहीं गई है ताकि वहां पर भारी वाहनों को टर्न लेने में परेशानी न हो। इस हेतु जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी उपरोक्त स्थल को चौड़ीकरण एवं गोलम्बर निर्माण कराने हेतु निदेशित किया गया है।

## एक नजर

### दहेज प्रताड़ना का लगाया आरोप

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के महेशवाड़ा में दहेज प्रताड़ना में विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। छतौना निवासी सीताराम कुमार की पुत्री स्मृति कुमारी ने थाने में लिखित आवेदन देकर पति सचिन कुमार, श्वसुर अरविंद सिंह, सास सुशीला देवी, ननद अंशु, ननदोई सौरभ कुमार पर दहेज में और रूपए लाने की मांग करने, प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने बताया कि उसकी शादी महेशवाड़ा के अरविंद सिंह के पुत्र सचिन कुमार के साथ दो वर्ष पूर्व हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी। उसके पिता ससुराल वाले को अपनी क्षमता के अनुसार दान दहेज भी दिया था। शादी के बाद सभी कुछ ठीक ठाक चलता रहा। एक वर्ष बाद ससुराल पक्ष की ओर से अपने मायके से दस लाख रुपए लाने का दबाव दिया जाने लगा। दहेज का पैसा नहीं देने पर शारीरिक यातना देना शुरू कर दिया। इसे मैं सहन करती रही। तीन महीने से इन लोगों का आतंक काफी बढ गया जो बर्दाश्त से बाहर हो गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार कंाड अंकित कर अनुसंधान शुरू कर दिया।

### ईंट से मारकर किया घायल

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी प्रखंड के लहसूना थाना स्थित चाननपुर गांव के नीतीश कुमार को उसके पट्टीदार राजदेव वर्मा ने ईंट से मार घायल कर दिया और उसके गले से सोने की चेन छीन ली। इस संबंध में नीतीश कुमार ने उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। घटना के बिषय में बताया जाता है कि नीतीश कुमार बीते रविवार की शाम अपनी बाइक से नदवां से घर लौट रहा था. आरोप है कि इसी दौरान उसके गांव के ही उसके पट्टीदार राजदेव वर्मा ने अपने घर के पास उसे घेर लिया व ईंट से मार उसका सिर फोड़ दिया व उसके गले से सोना की चेन छीन ली। फिलहाल घटना के कारण का पता नहीं चल सका था। उधर थानाध्यक्ष खुशबू खातुन ने बताया कि आरोपित राजदेव वर्मा को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया है व घटना के कारण का पता लगाया जा रहा है।

### बंद घर का ताला तोड़ चोरी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी में इन दिनों एक बार फिर से चोर बंद घरों को निशाना बनाते हुए चोरी कर रहे हैं। ऐसे में कैलूचक मोहल्ले में एक बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने 5 हजार नगदी समेत लाखों रुपए का आभूषण चोरी कर ली है, जहां पर पीड़ित प्रीति कुमारी पति शैलेश कुमार ने थाने में आवेदन देते हुए कहा है की होली पर्व के मौके पर नालंदा सभी परिवार के साथ चले गए थे उसके बाद जब वापस आए तो देखेंगे घर का पूरा ताला टूटा हुआ है जहां पर 5000 नगदी समेत अन्य कई तरह के आभूषण चोरी हो गए हैं, पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### परिवार नियोजन पखवाड़ा शुरू

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मसौढी में मंगलवार से सितम्बर से 29 तक आयोजित होने वाले परिवार नियोजन पखवाड़ा शुरू हुआ। पहले दिन नौ महिला बंध्याकरण और सात एमसीपीऔर आठ महिलाओं को अंतरा दिया गया। इस अवसर पर डॉ जया शर्मा, स्वास्थ्य प्रबंधक ललन सिंह, चंद्रभुषण प्रसाद राकेश पटेल द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। आयोजित समारोह में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज ने कहा कि हम सभी को जनसंख्या वृद्धि को रोकने का प्रयास करना है। जनसंख्या वृद्धि से देश का विकास काफी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने परिवार नियोजन की जानकारी देते हुए कहा कि अस्पताल में सभी गर्भ निरोधक साधनों की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। यहां परिवार नियोजन के कई और भी विकल्प मौजूद हैं। जिन लोगों को जिस तरीकों में रुचि है, वे उस विधि का इस्तेमाल कर सकते हैं। आयोजित पखवाड़ा में आमजनों को जागरूकता में लिए सही उम्र में शादी, शादी के बाद कम से कम दो साल के बाद पहला बच्चा, दो बच्चों में तीन साल के अंतराल एवं प्रसव के बाद परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों पर बल दिया।

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोमवार की शाम गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के नगर परिषद अंतर्गत मथुरापुर वार्ड 6 में एक घर से 48 केन बीयर एवं 35 बोतल कोरेक्स कफ सिरप के साथ एक कारोबारी को भी गिरफ्तार किया है. इस संबंध में प्रशिक्षु आईपीएस सह थानाध्यक्ष साक्षी कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस के द्वारा मथुरापुर वार्ड 6 निवासी स्वर्गीय सहदेव साह के पुत्र हरे राम साह के घर में छापेमारी की गयी. जहां उसके घर से 330 एम एल के 48 कैन बियर एवं 100 एम एल के 35 बोतल प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरप बरामद किया गया है. उन्होंने बताया कि हरेराम साह चोरी छुपे ढंग से शराब एवं प्रतिबंधित कफ सिरप का कारोबार करता है।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर
Email- nkcd1975@gmail.com
शुद्धि–पत्र(Corrigendum letter)

इस कार्यालय द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01SBD/2024-25 है जिसका PR NO -21131 (wrd) 2024-25 को अपरिहार्य कारणवश संशोधन करते हुए इसका अवधि विस्तार किया जाता है जो निम्न प्रकार है:–

| क्र० सं० | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि | दिनांक –27.03.2025 से दिनांक –02.04.2025 के 3.00 बजे अपराह्नतक (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर) | दिनांक –08.04.2025 से दिनांक –21.04.2025 के 3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| 2 | प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | दिनांक–29.03.2025 के 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, औरंगाबाद के सभाकक्ष में। | दिनांक–11.04.2025 के 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, औरंगाबाद के सभाकक्ष में। |
| 3 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक –03.04.2025, समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर ) | दिनांक –22.04.2025, समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर ) |

निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्त पूर्वतः यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर

PR- 021857 ( WRD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –02SBD/2024-25
(राष्ट्रीय स्पर्द्धा)
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1.कार्य का विवरण –

| ग्रुप सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (लाख रू0 में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल / मैनुअल मोड में भुगतेय) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणा के आलोक में औरंगाबाद जिला अंतर्गत सोन नदी से उद्वव सिंचाई के माध्यम से विशनपुर उपवितरणी के शेष कमांण्ड क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य | 12547.00 | 135.47 | 10,000.00 | 5900.00 | 24 माह |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक –17.03.2025
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक –01.04.2025 से दिनांक –12.04.2025 के 3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक–03.04.2025 के 3.00बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद के सभाकक्ष में।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक –15.04.2025, समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी । (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर ।
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर। मो0न0: 8789460620
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in एवं wrd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है ।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 22017 ( W R D ) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

संपादकीय

# कर्नाटक – कांग्रेस का मुस्लिम तुष्टीकरण

कर्नाटक में कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार द्वारा राज्य में सरकारी ठेकों में मुसलमानों को 4 फीसदी आरक्षण शुद्ध रूप से राजनीतिक फैसला है और मुस्लिम वोट बैंक बचाने की कोशिश है। जाहिर है कि राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने धर्म के आधार पर दिए जाने वाले इस आरक्षण को मुसलमानों का तुष्टीकरण बताकर उसका खुलकर विरोध कर रही है। यह मामला कोर्ट में शायद ही टिके। बावजूद इसके राज्य सरकार ने यह फैसला किया है तो इसके पीछे राजनीतिक मजबूरियां ज्यादा हैं बनिस्बत मुसलमानों का आर्थिक सामाजिक बेहतरी के। सिद्धारमैया कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव 'कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योर्मेंट एक्ट' के तहत मुसलमानों को पीडब्लूडी के सरकारी टेंडरों में 4 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। राज्य सरकार ने इसकी घोषणा इस साल के राज्य बजट प्रस्तुति के दौरान की थी। सरकार ने न सिर्फ ठेकों में आरक्षण बल्कि मुसलमानों की और भी कल्याण योजनाओं का ऐलान किया गया था। जिसमें मस्जिद के इमाम को 6 हजार रुपए मासिक भत्ता, उर्दू स्कूलों के लिए 100 करोड़ रुपए और अल्पसंख्यक कल्याण के लिए 1 हजार करोड़ रुपए देना शामिल हैं। इसके अलावा कर्नाटक में मुस्लिम बच्चों को फीस में 50 फीसदी की छूट पहले ही हासिल है। जानकारों का मानना है कि सिद्धारमैया सरकार का यह फैसला कोर्ट में टिकना कठिन है। क्योंकि यह असंवैधानिक है। हालांकि विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि राज्य सरकार को इस बात का अख्तियार है कि वह रिजर्वेशन दे सकता है। यही कारण है कि दक्षिण भारत में कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल आदि में मुस्लिम को ओबीसी कैटिगरी में राज्य सरकार ने रखा है। कर्नाटक के मामले में नया सिर्फ यह है कि यहां पीडब्लूडी की टेंडर प्रक्रिया में रिजर्वेशन दिया गया है। हालांकि इसे अदालत में चुनौती दी जा सकती है। क्योंकि संविधान में आर्टिकल 15 व 16 में रिजर्वेशन दिए जाने का प्रावधान है। एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में दाखिले के लिए आर्टिकल 15 के तहत प्रावधान है और सरकारी नौकरी में रिजर्वेशन का प्रावधान आर्टिकल 16 में है। जबकि कर्नाटक सरकार ने यह आरक्षण टेंडर में दिया है और वह भी धर्म के आधार पर। लिहाजा इसकी संवैधानिकता पर प्रश्नचिन्ह है। ध्यान रहे कि पिछली कर्नाटक सरकार (बीजेपी सरकार) ने अप्रैल 2024 में मुस्लिम ओबीसी के रिजर्वेशन को खत्म कर दिया था। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। कर्नाटक के मुस्लिम कम्युनिटी की ओर से कहा गया था कि कर्नाटक सरकार ने मुस्लिम ओबीसी का चार फीसदी रिजर्वेशन जो खत्म किया है, उसके लिए कोई उनके पास कोई स्टडी नहीं है। वहीं 26 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट में कर्नाटक सरकार ने कहा था कि मुस्लिम समुदाय को धर्म के आधार पर नौकरी में रिजर्वेशन न देने का जो फैसला किया गया है वह सोच विचार कर किया गया क्योंकि यह रिजर्वेशन असंवैधानिक है और संविधान के अनुच्छेद-14 व 16 के खिलाफ है। यह मामला अभी भी सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है। इसका फैसला दूरगामी होगा। दरअसल हमारे यहां धर्म के आधार पर आरक्षण के फैसले और उनका विरोध राजनीतिक गुणा भाग के आधार पर तय होता है। कर्नाटक में मुसलमानों की आबादी 9.5 प्रतिशत है। ज्यादातर मुसलमान उत्तर पश्चिम कर्नाटक में रहते हैं। कांग्रेस चाहती है कि उसका यह वोट बैंक एकजुट रहे। इस मामले में भाजपा का रवैया दोहरा है। वह कर्नाटक में तो धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण का विरोध करती है, लेकिन आंध्र प्रदेश में, जहां वह चंद्रबाबू नायडू की सरकार में सहभागी है, राज्य में मुसलमानों को धर्म के आधार पर 4 फीसदी आरक्षण का विरोध नहीं करती।

# भारत में वस्त्र क्षेत्र की क्रांति: परिवर्तन का एक दशक

**त्योहारों के लिए नए कपड़े, सावधानीपूर्वक योजना आधारित खर्च और फिजूलखर्ची की बजाय बचत पर ध्यान केंद्रित किया जाता था। लक्जरी ब्रांडों की दूर से प्रशंसा की जाती थी। उच्च श्रेणी का फैशन अभिजात वर्ग तक ही सीमित था। आज देश की जनसंख्या लगभग 142 करोड़ हो गई है। मध्यम वर्ग तेजी से बढ़त की ओर है। वही परिवार पूरे आत्मविश्वास से प्रीमियम स्टोर में कदम रखता है। वही परिवार आसानी से ऑनलाइन खरीदारी करता है।**



**गिरिराज सिंह**

एक दशक पूर्व भारत की जनसंख्या लगभग 125 करोड़ थी। उपभोक्ताओं का खर्च मुख्य रूप से इच्छा के बजाय आवश्यकता से प्रेरित होता था। खरीदारी का पूर्वानुमान लगाना बहुत ही आसान था। त्योहारों के लिए नए कपड़े, सावधानीपूर्वक योजना आधारित खर्च और फिजूलखर्ची की बजाय बचत पर ध्यान केंद्रित किया जाता था। लक्जरी ब्रांडों की दूर से प्रशंसा की जाती थी। उच्च श्रेणी का फैशन अभिजात वर्ग तक ही सीमित था। आज देश की जनसंख्या लगभग 142 करोड़ हो गई है। मध्यम वर्ग तेजी से बढ़त की ओर है। वही परिवार पूरे आत्मविश्वास से प्रीमियम स्टोर में कदम रखता है। वही परिवार आसानी से ऑनलाइन खरीदारी करता है। इतना ही नहीं, अपने जीवन में अनेक अवसरों को उत्सव के तौर पर देखता है। भारत अब न केवल आगे बढ़ रहा है, बल्कि यह समृद्ध भी हो रहा है।

बढ़ती क्रय शक्ति, विकसित हो रही उपभोक्ता मानसिकता और अंतिम-मील डिजिटल कनेक्टिविटी ये तीनों इस बदलाव के मुख्य वाहक हैं। आर्थिक सुधार अभूतपूर्व रहा है। इसे बढ़ती आय, सरकार समर्थित विनिर्माण पहल और डिजिटल रूप से सशक्त भारत के माध्यम से पंख लगे हैं। 2020 में %आत्मनिर्भर भारत% योजना शुरू की गई। इस विजन ने आत्मनिर्भरता की नींव रखी। इसे प्रोडकशन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्कों द्वारा और सशक्त किया गया। जैसे-जैसे विनिर्माण में उछाल आया, रोजगार सृजन हुआ और इसके साथ ही डिस्पोजेबल आय में वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप भारतीयों के खर्च करने के तरीके बदल गए। उपभोग अब भारत के विकास की गाथा के केंद्र में है, जो कपड़ा क्षेत्र को स्वर्ण युग में ले जाने के लिए तैयार है।

**एक सशक्त भारत ङ्क आत्मविश्वास से परिपूर्ण, साहसी और आकांक्षी:** पिछले कई वर्षों में, आकांक्षाएं सचमुच वास्तविकता से आगे निकल गईं। लोगों ने कड़ी मेहनत की, बड़े सपने देखे, फिर भी अवसर पहुंच से बाहर लगे। फिर नीति-संचालित परिवर्तन के एक दशक ने महत्वाकांक्षा को उपलब्धि में बदल दिया। इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हुआ, डिजिटल इंडिया ने आकार लिया और आर्थिक सुधार मूर्त विकास का इंजन बन गए। इसके प्रभाव से भारत एक गुणवत्ता, शैली और सुविधा को अपनाने के लिए तैयार आत्मविश्वासी उपभोक्ताओं वाले देश के रूप में विकसित हो गया।

आय में उछाल आया है। प्रति व्यक्ति आय 2014-15 में 72,805 रुपए से बढ़कर 2023-24 में 1.88 लाख रुपए हो गई है और 2030 तक 3.5 लाख रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। आज छह करोड़ भारतीय सालाना 8.3 लाख रुपए से अधिक कमाते हैं - 2015 की संख्या से दोगुने से भी अधिक है। यह बढ़ती समृद्धि फैशन, कपड़ा और जीवन शैली वाले उत्पादों की अभूतपूर्व मांग को बढ़ावा दे रही है। 2027 तक, भारत चौथा सबसे बड़ा उपभोक्ता टिकाऊ बाजार होगा, जो न केवल सामर्थ्य बल्कि आकांक्षाओं से प्रेरित होगा।

कोविड के बाद उपभोक्ताओं के व्यवहार में बदलाव एक गेम-चेंजर रहा है। डिजिटल पहुंच बढ़ी, ऑनलाइन रिटेल फला-फूला और यूपीआई लेनदेन आसमान छू गया। वित्त वर्ष 2013-14 में 220 करोड़ से इस डिजिटल परिवर्तन ने शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाट दिया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि चाहे मेट्रो शहर में रहें या छोटे शहर में, भारतीयों के पास अब वैश्विक और स्थानीय फैशन तक निर्बाध पहुंच है।

**भारत की फैशन क्रांति – परंपरा का महत्वाकांक्षा से मिलन:** कभी पश्चिमी अवधारणा, फास्ट फैशन अब युवा भारतीयों के लिए जीवन का एक तरीका है। जो कभी अनन्य था, वह अब पहुंच के भीतर है। इसका श्रेय ज्यूडियो, रिलायंस ट्रेंड्स और शीन जैसे ब्रांडों को जाता है। ये ब्रांड 10 बिलियन डॉलर के उद्योग को बढ़ावा दे रहे हैं। यह कारोबार 2030 तक 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के लिए तैयार है। लेकिन यह बदलाव केवल सामर्थ्य के बारे में नहीं है - लक्जरी और विरासत वाले वस्त्र फास्ट फैशन के साथ-साथ फल-फूल रहे हैं। जैसे-जैसे आकांक्षी परिवार 2027 तक 100 मिलियन का आंकड़ा पार कर रहे हैं, हस्तनिर्मित कपड़े, रेशम की साड़ियां और उच्च श्रेणी के डिजाइनर परिधान फिर से उभर रहे हैं। यह क्रांति कोई संयोग भर नहीं है। यह सरकार द्वारा संचालित पहलों का प्रत्यक्ष परिणाम है। बिचौलियों को खत्म करके कारीगरों के प्लेटफार्मों को डिजिटल बनाकर और सीधे ग्राहक-से-कारीगर कनेक्शन को सक्षम करके, डिजिटल इंडिया ने फैशन को खरीदने और बेचने के तरीके को बदल दिया है। महाराष्ट्र की पैठणी, कश्मीर की पश्मीना - अब एक बटन के क्लिक पर उपलब्ध है। फैशन का यह लोकतंत्रीकरण कारीगरों को सशक्त बना रहा है। इससे विरासत शिल्प को पुनर्जीवन मिल रहा है, और भारत की वस्त्र विरासत को वैश्विक मंच पर सबसे आगे आ रहा है।

**विलासिता और विरासत – पहले की तुलना में अधिक सुलभ :** भारतीय शादियां हमेशा भव्य रही हैं। किंतु, आज वे अरबों-खरबों डॉलर की आर्थिक शक्ति हैं। 45 बिलियन डॉलर का विवाह उद्योग पारंपरिक बुनाई क्लस्टरों में नई जान फूंक रहा है। इसमें परिवार बड़े पैमाने पर उत्पादन के बजाय कलात्मकता को चुन रहे हैं। विलासिता अब लेबल के बारे में नहीं है, यह विरासत के बारे में है। दुल्हन और दूल्हे विशिष्टता का विकल्प चुन रहे हैं। वे हाथ से बुने हुए बनारसी रेशम, जटिल कांजीवरम और भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत का जश्न मनाने वाले डिजाइन का चयन कर रहे हैं।

लेकिन परिवर्तन केवल परिधान तक ही सीमित नहीं है। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसकी सुंदरता की चाहत भी बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2019-23 के बीच रियल एस्टेट की कीमतों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और बड़े, अधिक परिष्कृत घरों के साथ हस्तनिर्मित साज-सज्जा, डिजाइनर असबाब और विरासत सजावट की मांग बढ़ गई है। आधुनिक घर अब भारतीय शिल्प कौशल का प्रदर्शन बन गए हैं। इसके परिणाम स्वरूप हाथ से बने वस्त्रों की मांग फैशन से परे इंटीरियर और लक्जरी लिविंग में बढ़ रही है।

**भारत के वैश्विक फैशन नेतृत्व की शुरुआत :** भारत का कपड़ा उद्योग अब केवल उत्पादन के बारे में नहीं है। यह नवाचार, डिजाइन और वैश्विक प्रभाव के बारे में है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, %मेक इन इंडिया% %डिजाइन इन इंडिया% में विकसित हुआ है, जहां भारतीय रचनात्मकता अंतरराष्ट्रीय फैशन को आकार देती है। अनुसंधान और विकास पर सरकार का ध्यान और एक संपन्न स्टार्टअप इको-सिस्टम को बढ़ावा देने से बेजोड़ आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। तीन टी ङ्क टैक्सटाइल (वस्त्र), टूरिज्म (पर्यटन) और टैक्नोलॉजी (प्रौद्योगिकी) - पर काम करते हुए अपना देश अब एक विकसित भारत की नींव रख रहा है।

हाल ही में बजट में वस्त्र उद्योग को प्राथमिकता दिए जाने के साथ, 136 बिलियन डॉलर का घरेलू उद्योग 2030 से पहले ही 250 बिलियन डॉलर को पार कर जाएगा। इससे वैश्विक अग्रणी के रूप में भारत के स्थान की पुष्टि होती है। निजी खपत 2013 में 87 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2024 में 183 लाख करोड़ रुपए हो गई है। 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद 635 लाख करोड़ रुपये को छूने का अनुमान है। निजी खपत सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा होगी। यह बदलाव भारत को वैश्विक खपत शक्ति बना देगा, जो अमेरिका, चीन और जर्मनी जैसे विकसित देशों से भी आगे निकल जाएगा।

लेकिन भारत का उदय केवल इस बारे में नहीं है कि कितना उपभोग किया जा रहा है। यह इस बारे में है कि इसे क्या महत्व दिया जा रहा है। भारतीय कपड़ा उद्योग को कभी उत्पादन केंद्र के रूप में देखा जाता था। अब इसे वैश्विक फैशन ट्रेंड तय कर रहा है। दुनिया भारत को न केवल इसके शिल्प कौशल के लिए, बल्कि इसकी दूरदर्शिता, लालित्य और विरासत के आधुनिकता के साथ मिलन की क्षमता के लिए भी देखती है।

**यह नया भारत है – निडर, स्व-निर्मित और अजेय:** लेकिन यह तो बस शुरुआत है। नया भारत अवसरों का इंतजार नहीं करता, बल्कि उन्हें बनाता है। फैशन अब एक जुनून भर नहीं रह गया है। यह एक करियर बन गया है। युवा भारतीय सिर्फ ट्रेंड का अनुसरण नहीं कर रहे हैं। वे उन्हें स्थापित भी कर रहे हैं। वे ब्रांड लॉन्च कर रहे हैं, व्यवसाय बना रहे हैं और अर्थव्यवस्था को आकार दे रहे हैं। भारत के युवाओं से कहना है, वे नौकरी चाहने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। आपकी शैली, आपकी महत्वाकांक्षा, आपके विचार - यही भारत की अर्थव्यवस्था का भविष्य है।

और यह केवल पहनावे तक ही सीमित नहीं है। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसकी सुंदरता की चाहत भी बढ़ रही है। बढ़ती आय, डिजिटल पहुंच में वृद्धि और बढ़ती जनसंख्या के साथ, भारत सिर्फ वैश्विक फैशन उद्योग में भाग नहीं ले रहा है - बल्कि इसका नेतृत्व भी कर रहा है। पिरामिड के निचले हिस्से से लेकर ऊपर तक, आकांक्षाएं बढ़ रही हैं, विकल्प बढ़ रहे हैं और एक नए भारत को सीमाओं से नहीं, बल्कि संभावनाओं से निर्धारित किया जा रहा है।

**( लेखक केन्द्रीय वस्त्र मंत्री हैं )**

अध्यात्म

## विपरीत परिस्थिति में भी मन शांत रखें

हर व्यक्ति के मन में शांति की चाह रहती है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इच्छा मात्र से कोई वस्तु प्राप्त हो जाती है। अगर कोई आदमी यह सोचता है कि मैं स्वस्थ रहूं, लेकिन अपनी दिनचर्या सुव्यवस्थित न रखे, खान-पान और रहन-सहन का विवेक न रखे, इंद्रियों पर अंकुश न लगा पाए, तो फिर वह स्वस्थ कैसे रह सकेगा। निश्चित रूप में बीमारियां उसे घेर लेंगी। वास्तविकता तो यह है कि जीवन में अशांति तो इंसान ने खुद ही पैदा की है। वह भूल जाता है कि हर व्यक्ति अपने मूल स्वरूप से शांत ही है। फिर भी वह दिन-रात शांति की खोज में भटकता रहता है कि उसे शांति आखिर मिलेगी कैसे। उसकी हालत उस कस्तूरी मृग जैसी है जिसकी नाभि में ही कस्तूरी है। अंत में उसका भटकाव उसी के लिए घातक हो जाता है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में उग्र और व्यग्र न हो जाए, उसे शांतमना कहते हैं। अनुकूल परिस्थितियों में तो प्राय÷ सभी शांत रहते हैं, लेकिन विपरीत परिस्थितियों में जो मन की शांति कायम रखे, वही सच्चा साधक है। यदि हम शांत रहना चाहते हैं तो कोई हमें रोक नहीं सकता। क्योंकि शांत रहने का मतलब है अपने स्वरूप में स्थिर होना। शांति हमारा स्वरूप है। स्वरूप से ही हम शांत हैं। ठीक इसी प्रकार प्रेम हमारा स्वरूप है, इस नाते चौबीस घंटे प्रेम में रहना संभव है, लेकिन हर समय कोई द्वेष में नहीं जी सकता। खूंखार से खूंखार व्यक्ति हो अथवा जानवर, कहीं वह भी प्रेमी है, उसके भीतर कहीं न कहीं करुणा की चिंगारी छिपी है। अवसर आने पर जब बुद्ध जैसी प्रकृति का कोई व्यक्ति उन्हें मिलता है, तो वह उस चिंगारी व तपिश को शांतकर उसके जीवन को प्रेम से भर देता है। यह बात भी अच्छी प्रकार से समझ लेनी चाहिए कि जहां प्रेम होगा वहां समर्पण भी होगा। समर्पण प्रेम की शर्त नहीं, बल्कि समर्पण प्रेम का स्वभाव है। प्रेम में किसी प्रकार की कोई शर्त नहीं होती। जो शर्त रखता है वह प्रेम कर ही नहीं सकता। यदि प्रेम करना है तो बलिदान देना पड़ेगा। दीपक के जलने पर प्रकाश तो होगा ही। उस प्रकाश को कोई रोक नहीं सकता। जहां प्रेम की ज्योति जलती है, वहां समर्पण का प्रकाश तो होना ही है। जीवन में त्याग और संयम बना रहना बहुत जरूरी है। त्याग के बिना जीवन में संयम नहीं आता और संयम के बिना शांति का अवतरण हो नहीं सकता। आनंद और शांति पदार्थों में नहीं है, दोनों के स्रोत हमारे भीतर हैं। अच्छे विचार, भाव से आनंद का स्राव होता है और बुरे विचारों से दुख के रस का स्राव होता है। अगर शांति पाने की चाह प्रबल है तो बाहर भटकना छोड़कर भीतर झांकना होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता और प्रभावशाली प्रयास: प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीतिक सफलताएं

पोलैंड के उप-विदेश मंत्री व्लादिस्लाव टेओफिल बार्टोस्ज़ेव्स्की ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को वर्तमान में जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष में सामरिक परमाणु हथियारों का उपयोग न करने के लिए राजी करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वपूर्ण कूटनीतिक हस्तक्षेप को स्वीकार किया। यह वैश्विक शांति प्रयासों में एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में भारत की भूमिका को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी की वारसॉ यात्रा बहुत शानदार रही। प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन को सामरिक परमाणु हथियारों का उपयोग न करने के लिए राजी किया। हम स्थायी शांति चाहते हैं। हम यूक्रेन में स्थिर और दीर्घकालिक शांति चाहते हैं।÷ राष्ट्रपति पुतिन ने स्वयं भारत के कूटनीतिक प्रयासों को मान्यता दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सहित प्रमुख वैश्विक नेता इस शत्रुता को समाप्त करने में अपना समय और प्रयास दोनों दे रहे हैं साथ ही अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष के समाधान में भारत का प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ÷हम सभी के पास अपने घरेलू मामले निपटाने के लिए बहुत कुछ है लेकिन कई देशों के नेता, जिनमें भारत के प्रधानमंत्री भी शामिल हैं, इस मुद्दे पर ध्यान देने के साथ-साथ इस मामले पर अपना काफी समय भी दे रहे हैं। हम उन सभी के आभारी हैं।

**वैश्विक तनाव के बीच भारत-रूस संबंधों को मजबूत करना**

रूस के साथ भारत के संबंध लगातार परिपुष्ट हो रहे हैं, राष्ट्रपति पुतिन ने इसे ÷खासतौर पर विशेषाधिकार प्राप्त÷ बताया है। वर्तमान में जारी युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा ने भारत के तटस्थ रुख और शांति के मामले में प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने भारत को संघर्ष को हल करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक शिखर सम्मेलन आयोजित करने का सुझाव भी दिया, जो भारत के बढ़ते वैश्विक कूटनीतिक कद को दर्शाता है।

**26/11 के आतंकी आरोपी तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण**

प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की कि संयुक्त राज्य अमेरिका 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का भारत में प्रत्यार्पण किया जाएगा। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा, ÷हम एक बहुत ही खतरनाक व्यक्ति को भारत को सौंप रहे हैं, जो 26/11 के मुंबई आतंकी हमले का आरोपी है।÷

**अनुच्छेद 370÷भारत के निर्णय को वैश्विक समर्थन**

भारत द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के पाकिस्तान के प्रयासों के बावजूद, सऊदी अरब ने भारत के इस कदम का समर्थन किया, जिससे दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों का पता चलता है। इस निर्णय के शीघ्र बाद, भारत और सऊदी अरब ने 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए। यूएई ने भी भारत का समर्थन करते हुए, इसे आंतरिक मामला बताया और क्षेत्रीय स्थिरता की आशा व्यक्त की। रूस, इजरायल, बहरीन और ईरान ने भारत के निर्णय का समर्थन किया, जिससे भारत की कूटनीतिक क्षमता में वृद्धि हुई।

**भारत के आतंकवाद-विरोधी हमलों को अंतरराष्ट्रीय समर्थन**

भारत के आतंकवाद के खिलाफ किये गये सर्जिकल हमलों को व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला÷

जापान÷जापान ने सभी रूपों में आतंकवाद की निंदा करते हुए इस बात की पुष्टि की कि आतंकवाद का कोई भी कृत्य उचित नहीं है। जापान ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की।



जर्मनी÷ भारत के लिए पूर्ण समर्थन की घोषणा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का आग्रह किया।

यूएई÷ भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और आतंकवाद विरोधी सभी प्रयासों का समर्थन किया।

रूस÷ भारत की आतंकवाद विरोधी पहलों के लिए अपने निरंतर समर्थन की पुष्टि की।

**जी-20 नई दिल्ली घोषणा:** भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान, रूस-यूक्रेन संघर्ष ने अंतिम विज्ञप्ति में आम सहमति का समर्थन न करने की धमकी दी। हालांकि, रणनीतिक वार्ता के माध्यम से, जिसमें 300 द्विपक्षीय बैठकें, 200 घंटे की चर्चाएं और 15 मसौदे शामिल हैं, भारत ने सदस्य देशों को आम सहमति के स्तर तक सफलतापूर्वक पहुंचा दिया। इससे वैश्विक मंच पर भारत की कूटनीतिक क्षमता मजबूत हुई।

**कतर से भारतीय नौसेना कर्मियों की रिहाई:** कतर में मृत्यु दंड का सामना कर रहे आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को भारत सरकार द्वारा उच्च-स्तरीय राजनयिक हस्तक्षेप के बाद रिहा कर दिया गया। इस घटना ने खाड़ी क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभाव और विदेशों में अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की उसकी क्षमता को रेखांकित किया।

**मानवीय और बचाव अभियान:** भारत ने वैश्विक स्थिरता के मामले में अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए कई सफल सुरक्षित निकासी और मानवीय सहायता अभियानों का संचालन किया हैं÷

ऑपरेशन गंगा÷ रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला।

ऑपरेशन देवी शक्ति÷ तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान से भारतीयों को निकालने में सहायता की।

ऑपरेशन कावेरी÷ युद्धग्रस्त सूडान से भारतीय नागरिकों को बचाया।

ऑपरेशन समुद्र सेतु÷ कोविड-19 महामारी के दौरान विदेशों में फंसे भारतीयों को स्वदेश लाया गया।

ऑपरेशन अजय÷ इजरायल-हमास संघर्ष के दौरान इजरायल में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए इसकी शुरुआत की गई।

**अंतर्राष्ट्रीय मानवीय सहायता और चिकित्सा कूटनीति**

वैक्सीन मैत्री÷ भारत ने 100 से अधिक देशों को कोविड-19 टीके की आपूर्ति की, जिससे वैश्विक स्वास्थ्य कूटनीति में उसका नेतृत्व मजबूत हुआ।

ऑपरेशन दोस्त÷ विनाशकारी भूकंप के बाद तुर्की और सीरिया को आपदा राहत प्रदान की।

ऑपरेशन सद्भाव÷ संकट में पड़ोसी देशों को चिकित्सा और मानवीय सहायता प्रदान की।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत एक मजबूत वैश्विक कूटनीतिक शक्ति के रूप में उभरा है। चाहे संघर्ष मध्यस्थता हो, आतंकवाद विरोधी प्रयास हो या मानवीय मिशन, भारत की सक्रिय कूटनीति अपनी वैश्विक स्थिति को बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों को मजबूत करने के लिए निरंतर रूप से जारी है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में आपको कुछ परेशानियों के बाद सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं।

**वृषभ**
आज समय बिल्कुल भी खराब न करें। दूसरों के कारण आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। रिश्तों को मजबूत करने का प्रयास रहेगा।

**मिथुन**
आज आपके लिये कार्यक्षेत्र में बहुत शानदार दिन रहने वाला है। आय के नये स्रोत बनेंगे। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क**
परिवार में सब आपके ही अनुरूप होता रहेगा। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। गृहस्थ जीवन की समस्या दूर होंगी।

**सिंह**
कारोबार में बड़ा लाभ हो सकता है। आप ऊर्जावान होकर अपने कार्यों में लगे रहेंगे। बदलते मौसम के कारण आपको डिहाइड्रेशन जैसी समस्या हो सकती है।

**कन्या**
आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। किसी घटना को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें।

**तुला**
आपको अनावश्यक बातें करने से बचना चाहिये। अपने निर्णयों को लेकर थोड़े असमंजस में रहेंगे। लोग आपकी प्रतिभा की प्रशंसा करेंगे।

**वृश्चिक**
आपके व्यक्तित्त्व में सुधार होगा। पति-पत्नी के बीच सौहाद्रपूर्ण सम्बन्ध होंगे। जीवनसाथी को आज उपहार दे सकते हैं। आपके मन में धार्मिक भावना प्रबल होगी।

**धनु**
मन में किसी विषय को लेकर चल रही तनातनी दूर होगी। बेरोजगार लोगों को नयी नौकरी मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में इच्छानुसार परिणाम प्राप्त होंगे।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में परेशानियाँ आ सकती हैं। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। ऐसी बातों पर ध्यान न दें जो आपकी एकाग्रता भंग करती हों। नये विषयों को जानने की इच्छा जागृत होगी।

**कुंभ**
अपनी दिनचर्या में कुछ सुधार कर सकते हैं। सम्पत्ति विवाद सुलझने के योग बन रहे हैं। परिजन आपके प्रति सहयोगात्मक भाव रखेंगे। कारोबार में अपेक्षित तरक्की होगी।

**मीन**
आपके बहुत से काम आसानी से बन जायेंगे। लेखन कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। मानसिक रूप से शान्ति का अनुभव करेंगे।

# झोपड़ी में लगी आग, बर्जुग की मौत, कई पशु झुलसे

## घर में रखे अन्य सामान भी जले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर/भोजपुर।** गीधा अंडरपास के समीप एक झोपडी में सोमवार रात आग लग गई। आग इतना भयानक था कि घर में सो रहे बुजुर्ग दुधनाथ पासवान बुरी तरह झुलसने से मौत हो गया। वही बंधे पशुओं की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव अंडरपास के समीप एक झोपड़ीनुमा घर में अचानक आग लग गई। अगलगी से झोपड़ी अचानक जल उठी। वही खूंटे में बंधे जानवर भी थे। सोए अवस्था में बुजुर्ग अपने शरीर में लगे आग के बावजूद बाहर भागने का प्रयास करते रहे। मृतक की पत्नी श्याम परी देवी ने बताया कि वह अपने पति दूधनाथ पासवान के साथ झोपड़ी नुमा घर में सोई थी। जिसमें 8 पशु बांधे गये थे। गाय, बछड़ा व आठ बकरी थी। अचानक आग की गर्मी से नींद खुल गई। झोपड़ी के अंदर से बाहर निकल देखी तो अपने घर में आग लगी हुई है। वह शोर मचाने लगी। अचानक बाहर निकल रहे पति दूधनाथ पासवान पर नजर पड़ी जो जले हालत में ही घिसटते हुए झोपड़ी से बाहर निकल रहे थे। घटना को देख आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों की सहायता से उन्हें सदर अस्पताल आरा ले जाया गया। जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। घरवालों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां शाम में उन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।। इधर झोपड़ी में अंदर बंधी आठ बकरी, एक गाय व बछड़ा के जलने से मौत की बात बताई जा रही है। घरवालों ने बताया कि घर में रखे सारा सामान साइकिल, मोबाइल सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। थाने के समीप घटी घटना के बाद पहुंची पुलिस ने इस घटना का मुआयना किया व घर की महिलाओं से घटने के बाबत बातचीत की। इस बाबत स्थानीय लोगों ने कोईलवर अंचलाधिकारी को भी आग से जान माल की क्षति होने की जानकारी दी है।देर शाम शव को थाने लाया गया जहां शव को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में परिजन लगे दिखे।

# हाई वोल्ट तार के संपर्क में आकर किशोर की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर के धनगाई थाना क्षेत्र के केशरी टोला गांव में 11 हजार वोल्ट प्रवाहित बिजली तार में करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना विगत शुक्रवार रात्रि की है।

मृतक 13 वर्षीय दीपक कुमार केशरी टोला गांव निवासी वकील यादव का पुत्र था। जानकारी के अनुसार दीपक शुक्रवार की रात्रि होलिका दहन में शामिल होने के लिए केशरी टोला हाइवे किनारे गया हुआ था। इसी दौरान हाइवे से सटे 11 हजार वोल्ट बिजली के तार में सटकर उसकी मौत हो गई। गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने रात्रि में ही शव को ट्रैक्टर पर रख आरा मोहनियां फोरलेन को केशरी टोला के समीप जाम कर दिया और अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाने और मुआवजे की मांग करने लगे। सुबह होने पर थानाध्यक्ष रितेश दूबे बिजली एसडीओ नवीन कुमार, जेई राकेश कुमार जामस्थल पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर सड़क जाम हटवाया। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि मृतक चार बहन व दो भाई में बड़ा था। घटना के बाद मृतक के घर में होली की खुशी मातम में बदल गई। घटना की सूचना मिलने पर जगदीशपुर विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया जी ने केशरी टोला गांव पहुंच शोकाकुल परिजनों से मिल ढांढस बंधाया और जरूरी सहयोग का आश्वासन दिया।

इधर घटना पर पैक्स अध्यक्ष अमित यादव और राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकु भैया ने भी दुख जताया है। परिवार को मदद करने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### स्वतंत्रता सेनानी की मनी पुण्यतिथि

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर प्रखंड के हेतमपुर गांव के पावर सब स्टेशन के पास महान स्वतंत्रता सेनानी बद्री अहीर की पुण्यतिथि पर समारोह हुआ। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद उनकी स्मृति में बनने वाले तोरण द्वार की आधारशिला संयुक्त तरीके से पूर्व विधायक भाई दिनेश और पंचायत के मुखिया ध्रुव राय ने रखी। मौके पर मौजूद सभी लोगों को गमछा देकर सम्मानित किया गया। मुखिया ध्रुव राय ने बताया कि बद्री अहीर ने महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई थी। वे चंपारण सत्याग्रह में भी अग्रिम पंक्ति में खड़े थे। पूर्व विधायक भाई दिनेश ने कहा कि बद्री अहीर ने महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका जाने के लिए 1000 पाउंड दिए थे। उन्होंने मुखिया से अनुरोध किया कि तोरण द्वार का निर्माण जल्द पूरा कर उद्घाटन कराया जाए, ताकि लोग उनकी स्मृति से प्रेरणा ले सकें। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रमोद बद्री अहीर ने किया। इसे सफल बनाने में नीरज बद्री अहीर, नीतीश बद्री अहीर, अशोक यादव समेत कई लोगों का योगदान रहा।

### सम्मेलन के लिए चला संपर्क अभियान

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरा प्रखंड, कृषि कार्यालय, सिचाई विभाग, समाहरणालय में कर्मचारी महासंघ गोप गुट बिहार का बक्सर में राज्य सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कर्मियों के साथ सम्पर्क अभियान और पोस्टर भी चिपकाने का कार्यक्रम चलाया गया। विदित हो कि बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट बिहार का राज्य सम्मेलन तीन दिवसीय 10 से 12 अप्रैल 2025 को होने जा रहा है। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बिहार के सभी विभागों के कर्मी प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं, भोजपुर में भी जिला महासंघ गोप गुट सहित संघ के जिलाध्यक्ष रामानन्द सिंह चौकीदार दफादार संघ भोजपुर, उमेश कुमार सुमन जिला सचिव, धर्म कुमार, केदारनाथ सिंह, अरविंद कुमार, विमल जी, डॉ मनोज कुमार गुप्ता, अल्का कुमारी, मंजू कुमारी, शिवजी, शमीम, केसरी जी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, विकास कुमार अनिल पंत, समीर, बृज कुमार,अवधेश पासवान, संजय कुमार, अजय सिंह, जटाधारी सहित अन्य कर्मी ने भाग लिया।

### जलापूर्ति योजना का उद्घाटन

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा 'हर घर नल का जल' निश्चय योजना के अंतर्गत संपूर्ण राज्य में 7166 करोड़ 06 लाख रुपये की लागत से निर्मित जलापूर्ति योजनाओं एवं भवन संरचनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। अध्यक्षता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह ने की। इस समारोह में सांसद, विधायक व विधान पार्षद की गरिमामयी उपस्थिति रही। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के इस शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम के अंतर्गत 'हर घर नल का जल' निश्चय योजना के तहत भोजपुर जिले में पंचायती राज विभाग द्वारा छूटे हुए 627 टोलों, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल आरा द्वारा छूटे हुए 214 टोलों एवं 6 वार्डों में जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम में डीएम तनय सुल्तानिया, डीडीसी,कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल (पीएचईडी); सभी सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए।

### ट्विग्स और कैरोलिन पोलाचेक के साथ फेस्टिवल रेडी कलेक्शन

**नई दिल्ली (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कलेक्शन स्त्रीत्व और फैशन के संगम को दर्शाता है। इस कैंपेन में म्यूज़िशियन टायला, ट्विग्स और कैरोलिन पोलाचेक शामिल हैं। यह कलेक्शन दो भागों में लॉन्च होगा–पहला बोहेमियन ग्लैम और दूसरा क्लासिक रॉक 'एन' रोल स्टाइल को समर्पित। डिज़ाइन डायरेक्टर एलियाना मास्गालोस के अनुसार, यह कलेक्शन महिलाओं के जीवन के विभिन्न पहलुओं से प्रेरित है और फैशन इतिहास के प्रतिष्ठित स्टाइल्स को नए अंदाज़ में प्रस्तुत करता है। इसमें फ्लोई ब्लाउज़, लेदर जैकेट्स, ब्रेडेड मिनी स्कर्ट्स, स्टडेड ब्लेज़र्स और रफल स्कर्ट्स जैसे डिज़ाइन शामिल हैं। बोहो-स्पिरिट को दर्शाने वाली एक्सेसरीज़ में स्लाउची बैग्स, स्नेक-प्रिंट स्लिपर्स, चंकी बैंगल्स और पायलट-स्टाइल सनग्लासेस शामिल हैं। कलेक्शन 20 मार्च से स्टोर्स और ऑनलाइन उपलब्ध होगा और 9 अप्रैल को लॉस एंजेलेस में एक भव्य फ़ेस्टिवल के साथ लॉन्च किया जाएगा।

### कौओं के मरने से दहशत

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के हरंगीटोला गांव में मंगलवार को एक साथ अचानक आधा दर्जन कौओं की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पशुपालन विभाग को दी है। विभाग सूचना मिलते ही जांच में जुट गयी। माना जा रहा है कि खेतों में लगे फसलों में छिड़काव किये गये कीटनाशक दवा के सेवन से कौवे की मौत हुई है। हालांकि ग्रामीणों में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के एक बगीचे के पास आधा दर्जन कौआ को मरा पाया गया। जिसे लेकर गांव के लोग बर्डफ़्लू जैसी बड़ी बीमारी की भय से घबरा गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पशुपालन विभाग को दी और पशुपालन विभाग के चिकित्सक डॉ विशाल व कर्मी घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गये।

# सरैया से बाल श्रम से लिप्त चार श्रमिकों को कराया गया विमुक्त



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा/भोजपुर।** कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैंया बाजार में समाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, श्रम संसाधन विभाग भोजपुर व स्थानीय पुलिस के सहयोग से धावा दल की टीम ने एक्सेस टू जस्टिस प्रोग्राम के तहत चार बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया।

विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति भोजपुर में प्रस्तुत किया गया। नियोजक मो सरफराज, लाल बाबू और दिनेश साह पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया। बाल श्रम से लिप्त बालश्रमिक को मुक्त कराने के लिए बड़हरा प्रखंड के सरैया बाजार में धावा दल की टीम ने जगह-जगह पर छापेमारी किया। इस दौरान बबलू मोटरसाइकिल से एक बाल श्रमिक, लाल बाबू सर्विस सेंटर से एक बालश्रमिक और गुप्ता स्वीट्स से दो बालश्रमिकों को विमुक्त कराया गया। धावा दल की टीम में अखिलेश कुमार सिंह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गड़हनी प्रभार बड़हरा, सुगीता कुमारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कोईलवर, ऋषिका सिंह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चरपोखरी, पूजा मौर्य श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तरारी और संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर की सचिव कुमारी सुनिता सिंह, राजेश कुमार राय, चंदन कुमार और संजीत कुमार सिंह एवं स्थानीय पुलिस शामिल थे।

# सेमरा बांध पर दोहरे हत्याकांड मामले में चार नामजद गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा/भोजपुर।** बड़हरा प्रखंड के सेमरा बांध पर 16 मार्च 2025 को हुई चर्चित दोहरा हत्याकांड में पुलिस ने चार नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में तीन सेमरा गांव के निवासी हैं। जिसमें रामनिवास राय के पुत्र विजेंद्र राय उर्फ बुची राय, रविंद्र राय के पुत्र विवेक कुमार व कमला राय के पुत्र प्रदुमन कुमार शामिल है। वही बिंदगावा गांव निवासी सोनू सिंह को गिरफ्तार किया गया। वह विक्रमा सिंह का पुत्र है। गौरतलब हो कि एक लीटर दूध के विवाद में दो पक्षों के बीच गोलीबारी में दो हत्या सेमरा निवासी धर्मेंद्र राय और पुराना

**कामयाबी**

बिंदगांवा निवासी प्रेम सिंह उर्फ बड़े की कर दी गई थी। इस हत्याकांड को लेकर बड़हरा थाना में दो एफआईआर दर्ज हुई थी जिसमें 15 को आरोपित किया गया था। पहला एफआईआर मृतक के बड़ा भाई सेमरा निवासी रविंद्र राय ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें पुराना बिंदगांवा गांव के हरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, सुमित सिंह, वरुण सिंह, मनीष सिंह, अमित सिंह, संतोष सिंह, सत्येंद्र सिंह व सोनू सिंह समेत नौ को नामजद एवं 15-20 अज्ञात को आरोपित किया है। इसमें हरेंद्र सिंह को मुख्य आरोपी बनाते हुए उनके तीन पुत्रों सुमित सिंह, अमित सिंह एवं मनीष सिंह का भी नाम दिया गया है। वहीं फौजी जितेंद्र सिंह पर पिस्तौल से गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। दूसरी ओर बिंदगांवा गांव निवासी प्रेम सिंह उर्फ बड़े की हत्या को लेकर मृतक की मां मुन्नी देवी ने एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें हरेंद्र सिंह के ही पुत्र मनीष सिंह, सुमित सिंह, अमित सिंह के अलावा जितेंद्र सिंह रूपेश सिंह व संतोष सिंह समेत छह लोगों को नामजद बनाया है। मृतक की मां ने घर से ले जाने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष शैलेश्वर ने हत्या के बाद से लगातार हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रहे थे। बीति रात मामूली सफलता मिली है।

# मुख्य सचिव ने वीसी के माध्यम से की योजनाओं की समीक्षा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कंफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर एक समीक्षात्मक बैठक हुई।

बैठक में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल आरा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, कार्यपालक अभियंता, विद्युत, आरा और जगदीशपुर, डीईओ. एनआईसी., कार्यपालक अभियंता पीएचईडी., ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल आरा पीरो और जगदीशपुर, पथ प्रमंडल आरा, नगर आयुक्त आरा नगर निगम, प्रभारी पदाधिकारी पर्यटन शाखा, जिला योजना पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में भवन प्रमंडल, उद्योग विभाग, विद्युत विभाग, पीएचईडी, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ प्रमंडल, पर्यटन विभाग, योजना विभाग और नगर निगम द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने इन योजनाओं के प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली एवं संबंधित पदाधिकारियों को समय पर योजनाओं को पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए।

# डिजिटल नवाचार के लिए बिहार के कृषि विभाग को किया गया सम्मानित

## बिहार कृषि ऐप विकास करने के लिए मिला स्वर्ण पदक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** कृषि क्षेत्र में डिजिटल नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार के ''बिहार कृषि'' मोबाइल एप्लिकेशन को प्रतिष्ठित ईटी गवर्नमेन्ट डिजिटेक अवार्ड 2025 में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान बिहार के कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल को प्रदान किया गया। श्री अग्रवाल ने बताया कि यह एप्लिकेशन किसानों को एक ही प्लेटफार्म पर सभी सरकारी योजनाओं और कृषि संबंधी जानकारियों तक पहुंच प्रदान करता है। यह एकल विंडो इंटरफ़ेस के रूप में कार्य करता है, जिससे किसान विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं और उनकी स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस एप्लिकेशन में एक किसान पासबुक सुविधा जोड़ी गई है, जिसमें किसानों को उनकी अनुदान और सरकारी लाभों का



पूरा रिकॉर्ड मिलेगा। इसके अलावा, पौधा संरक्षण सलाह अनुभाग के तहत प्रमुख फसलों जैसे धान, गेहूं, मक्का, दलहन और तिलहन के कीट-व्याधियों और उनके रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई है। श्री अग्रवाल ने बताया कि एप में फसलों के बाजार मूल्य की जानकारी दी गई है, जिससे किसान वास्तविक और पिछले दिनों के मूल्य देख सकते हैं। वहीं, शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से किसान कृषि से जुड़ी समस्याएं दर्ज कर सकते हैं और उनका समाधान प्राप्त कर सकते हैं। एप्लिकेशन किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड डाउनलोड करने की सुविधा भी प्रदान करता है, जिससे वे उर्वरकों और पोषक तत्वों के उपयोग संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, मौसम संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाती है जिससे किसान तापमान, वर्षा और हवा की गति जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत रह सकें। किसानों को नवीनतम सरकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी त्वरित रूप से प्रदान करने के लिए इस एप्लिकेशन में नवीनतम घोषणाओं की सुविधा दी गई है। वहीं, कृषि सरकारी निर्देशिका किसानों को मंडियों, कोल्ड स्टोरेज, पैक्स और कृषि विज्ञान केंद्रों से जोड़ती है। श्री अग्रवाल ने बताया कि इस एप्लिकेशन में बिहार कृषि रेडियो की सुविधा भी जोड़ी गई है, जिससे किसान कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और सरकारी अधिकारियों से जुड़कर नई कृषि तकनीकों, मौसम पूर्वानुमान और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस डिजिटल नवाचार के लिए बिहार कृषि विभाग को सम्मानित किया जाना राज्य के कृषि क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इससे राज्य के किसानों को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

# भोजपुरी महोत्सव व बिहार दिवस को लेकर बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। जिसमें 21 मार्च को आयोजित होने वाले भोजपुरी महोत्सव एवं 22 मार्च को बिहार दिवस को भव्य एवं आकर्षक तरीके से मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। इस वर्ष पहली बार जिले में भोजपुरी दिवस मनाया जा रहा है, जो भोजपुरी भाषा एवं इसकी समृद्ध शैली को नई दिशा देने में सहायक होगा। यह ऐतिहासिक आयोजन रमना मैदान स्थित वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में संपन्न होगा। भोजपुरी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य भाषा एवं संस्कृति को बढ़ावा देना और इसकी लोक परंपराओं को सशक्त बनाना होगा। इस दौरान कवि सम्मेलन, पारंपरिक नृत्य-संगीत, एवं भोजपुरी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न स्टॉलों का आयोजन किया जाएगा, जो इस महोत्सव के प्रमुख आकर्षण होंगे। इस खास मौके पर प्रसिद्ध लोक गायिका प्रिया राज एवं अमन आनंद अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। 22 मार्च को बिहार दिवस का शुभारंभ स्कूली बच्चों की प्रभात फ़ेरी से किया जाएगा, जो राज्य की समृद्ध विरासत और गौरवशाली इतिहास का संदेश प्रसारित करेगी। इसके साथ ही, जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए चित्रांकन, पेंटिंग, निबंध, मेहंदी और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। बिहार दिवस की संध्या को दीपोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस दौरान बिहार की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों द्वारा किए गए नवाचार कार्यों को प्रदर्शित करने हेतु स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, कार्यक्रम स्थल पर आपातकालीन सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। एंबुलेंस, मेडिकल टीम, अग्निशमन वाहन, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल एवं अस्थायी शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ. अनुपमा सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अरवल के घाट संचालक भोजपुर में कर रहे खनन, ग्रामीणों के विरोध के बाद लौटे पोकलेन

**सहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** निर्धारित खनन क्षेत्र से बाहर आकर घाट संचालकों द्वारा खनन किए जाने के विरोध में सहार के ग्रामीणों ने हंगामा किया। सहार गांव के सामने आबादी के नजदीक आकर खनन कर रहे पोकलेन मशीनों को ग्रामीणों ने खनन करने से रोक दिया। ग्रामीणों की ओर से हंगामा होते देखा पोकलेन चालक मशीन लेकर वापस लौटे। ग्रामीणों की ओर से सूचना दिए जाने पर सहार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने ग्रामीणों को समझा बूझकर शांत कराया। सूत्रों के अनुसार अरवल जिला के घाट संचालकों द्वारा प्रशासनिक निष्क्रियता का लाभ उठाते हुए भोजपुर की सीमा में खनन किया जाता रहा है। पिछले साल प्रो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक पोकलेन को जब्त किया गया था। इस घटना के बावजूद भी घाट संचालकों का मनोबल कम नहीं हुआ और वह लगातार भोजपुर की सीमा में अवैध खनन कर रहे हैं। मंगलवार को सहार के सैकड़ों ग्रामीण इसके विरोध में सोन नदी में पहुंचकर खनन का विरोध करने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि सोन नदी के क्षेत्र का तीन चौथाई से ज्यादा का हिस्सा भोजपुर की सीमा में आता है। अरवल जिले के घाट संचालक भोजपुर जिले में की सीमा में आधा किलोमीटर से अधिक दूरी तक खनन कर रहे हैं। उन्होंने खनन विभाग और जिला प्रशासन से घाट संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# 22 मार्च के आसपास गरज वाले बादलों के साथ हो सकती है हल्की बारिश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** जिले के डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र द्वारा जारी 19-23 मार्च, 2025 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अनुकूल मौसमीय सिस्टम के प्रभाव से 22 मार्च के आसपास उत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर गरज वाले बादल बनने के साथ हल्की वर्षा या बूंदाबांदी हो सकती है। वर्षा के समय तेज हवा बह सकती है। कुछ स्थानों पर ओला वृष्टि की भी सम्भावना है। अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान 20 से 22 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 9 से 12 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। 23 मार्च को तेज हवा के साथ पुरवा हवा चलने की सम्भावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 65 से 75 प्रतिशत तथा दोपहर में 30 से 35 प्रतिशत रहने की संभावना है।

# गोलीबारी की घटना के बाद एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** सोमवार की शाम नशे में हंगामा करने से मना किए जाने पर गोलीबारी किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। घटना दिलीप पासवान के घर के पास आरोपी सुमन साह एवं एक अन्य अपराधकर्मी द्वारा कारित की गई। इस घटना में गांधी चैक स्थित संजय सिंह के घर से गाय दुहकर वापस अपने घर जा रहे मनोज कुमार सिंह उर्फ अकलू पिता स्व0 रामलखन सिंह सा0-विशनपुर बथुआ वार्ड-01, थाना-पूसा को पैर एवं चन्द्रमा देवी को हाथ में गोली लग गई। घटना की सूचना मिलने पर पूसा थानाध्यक्ष ने तत्काल अस्पताल पहुँचकर पीडित के फर्दबयान के आधार पर मामला दर्ज कर अनुसंधान कर आरोपी को दबोच लिया। जानकारी देते हुए एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, के नेतृत्व में कांड के उदभेदन एवं गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। विशेष टीम द्वारा त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए तकनिकी व मानवीय सूचना के आधार पर आरोपी सुमन साह उर्फ सुबोध साह उर्फ चपती, सा0-धर्मागतपुर बथुआ वार्ड सं0-10, थाना-पूसा, जिला-समस्तीपुर को 02 पिस्टल, 01 मैगजीन, 05 जिंदा गोली एवं 01 मोबाईल के साथ विधिवत गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपराध स्वीकार किया गया है। श्री पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सक्रिय एवं पेशेवर अपराधकर्मी है। इसने पूसा, बंगरा, सहित आसपास के थानों सहित सीमावर्ती जिले में भी कई घटनाओं को अंजाम दिया है। अन्य जिलों से इसका अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। घटना में शामिल अन्य अभियुक्त के गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी जारी है। छापामारी दल में थानाध्यक्ष पूसा थाना पुअनि ब्रजेश कुमार सिंह, पुअनि प्रियरंजन कुमार, सअनि गोरखनाथ सिंह, एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वेक्षण में पूर्वी चंपारण अव्वल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोतिहारी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पूर्वी चंपारण ने सर्वेक्षण कार्य में पूरे बिहार में पहला स्थान हासिल किया है। जिले में अब तक 2.24 लाख से अधिक सर्वेक्षण पूरे किए जा चुके हैं, जो राज्य में सबसे अधिक हैं। उप विकास आयुक्त ने बताया कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है, ताकि योजना का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचे। हालांकि, कुछ मामलों में अनियमितता की शिकायतें भी सामने आई हैं, जिन पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है।

**योजना के तहत लाभुकों का नाम जोड़ा जा रहा**

बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग, पटना के निर्देशानुसार, 10 जनवरी 2025 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत छूटे हुए योग्य लाभुकों का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे का कार्य आवास सहायकों के माध्यम से किया जा रहा है, जिन्हें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे पात्र लाभुकों को ही सूची में शामिल करें।

**सर्वे में भ्रष्टाचार: रिश्वतखोरी के आरोप में कार्रवाई**

हाल ही में चिरैया प्रखंड के सिरौना पंचायत अंतर्गत कठमलिया गांव में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक ग्रामीण यह दावा कर रहा था कि आवास सहायक गरीब लाभुकों का नाम जोड़ने के लिए दो-दो हजार रुपये की मांग कर रहे हैं।

इस वायरल वीडियो को गंभीरता से लेते हुए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, मोतिहारी ने धर्मेंद्र कुमार (ग्रामीण आवास सहायक, सिरौना पंचायत) से कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा। हालांकि, उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। जांच के दौरान धर्मेंद्र कुमार की आवाज वायरल ऑडियो से मेल खाती पाई गई, जिससे पुष्टि हो गई कि रिश्वत मांगने की शिकायत सही थी।

**एक की सेवा समाप्त, तीन पर वेतन कटौती का आदेश**

सर्वेक्षण कार्य में भ्रष्टाचार और अनियमितता को देखते हुए उप विकास आयुक्त ने धर्मेंद्र कुमार का अनुबंध तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया और उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। इसके अलावा, तीन अन्य आवास सहायकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है: रीता कुमारी - बलुआ जुल्फ़ेकाराबाद पंचायत, पताही प्रखंड, कुमार उदय शंकर ऽ ढेकहा पंचायत, केसरिया प्रखंड, चंदन कुमार ऽ हरपुर पंचायत, आदापुर प्रखंड। इन तीनों के मूल वेतन से प्रति माह 10 प्रतिशत की कटौती एक वर्ष तक के लिए की जाएगी।

***अनियमितता की शिकायत पर होगी सख्त कार्रवाई***

उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण कार्य की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि कोई भी अपात्र व्यक्ति लाभ ना ले सके और वास्तविक जरूरतमंदों तक योजना का लाभ पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि कहीं भी कोई गड़बड़ी पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पहले भी कई आवास सहायकों पर कार्रवाई की जा चुकी है। सरकार ने इस योजना के तहत गंभीरता से पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। अगर किसी को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सर्वेक्षण कार्य में भ्रष्टाचार या अनियमितता की जानकारी मिलती है, तो वे इसकी शिकायत डीआरडीए निदेशक को कर सकते हैं। इसके अलावा, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी या अनुमंडल पदाधिकारी को भी सूचना दी जा सकती है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत सरकार का लक्ष्य सभी गरीबों को पक्के मकान उपलब्ध कराना है। सरकार इस योजना के तहत पात्र लाभुकों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके मकान निर्माण में मदद करती है। इस योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सरकार और प्रशासन की ओर से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

## महाविद्यालय में बीसीए के विद्यार्थियों के लिए करियर के प्रति जागरुकता पर सेमिनार का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्तिथ समीपवर्ती एस यू कॉलेज,हिलसा के सेमिनार हॉल में बीसीए में नामांकित एवं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को कूनिंग एज कंपनी के द्वारा कैरियर पथ गाइडिंग योर जरनी टू सक्सेस विषय पर मंगलवार को सेमिनार का आयोजन किया गया।सेमिनार का उद्घाटन बीसीए समन्वयक प्रो0 पी सी चौरसिया व अन्य प्राध्यापकों ने दीप प्रज्वलित कर किया।कंपनी कोडिंग एज के तरफ से आये मुख्य वक्ता मो0 अर्श आलम ने बच्चों को उनके कैरियर के प्रति जागरूक किया। सेमिनार में विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर भी किया और कई सवाल पूछ कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया।कार्यक्रम में डॉ पिंकी कुमारी, डॉ प्रभात कुमार ने भी अपनी बात रखी। मंच संचालन बीसीए के अध्यापक प्रो0 राजमणि कुमार ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## प्रतिबंध के बावजूद नहीं रुक रहा एकल यूज प्लास्टिक का उपयोग

**डॉ रंजीत कुमार भारतीय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** कहने को तो एकल यूज प्लास्टिक के उपयोग और निर्माण पर पूरे जिले में प्रतिबंध है लेकिन बाजार में कहीं इसका असर नहीं दिख रहा है। सब्जी दुकानदार, किराना, कपड़ा, सहित लगभग सभी दुकानों में एकल उपयोग की प्लास्टिक की थैली में ग्राहकों को सामान दिया जा रहा है। एकल यूज़ प्लास्टिक से बने सामग्री का भी खूब उपयोग हो रहा है इनमें प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स,गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडिया,प्लास्टिक के झंडे,कैंडी स्टिक,आइसक्रीम की डंडिया,थर्मोकाल की प्लेट,कप, गिलास,कांटे,चम्मच,चाकू,स्ट्रा, ट्रे, मिठाई के डिब्बों,निमंत्रण कार्ड तथा सिगरेट पैकेट के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में,100 माइक्रान से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर, समेत हमेशा उपयोग में आने वाले कई चीजों का प्रचलन अभी भी बाजार में खूब है। बताते चलें कि इन दिनों शादी विवाह में थर्मोकाल की प्लेट,कप,गिलास का सामूहिक भोज में खूब उपयोग होता है। इसे लेकर दुकानदारों द्वारा भी इन सामानों का स्टॉक व्यापक पैमाने पर किया गया है। शादी विवाह के मुहूर्त को लेकर इन समानों की खपत खूब होती है।

एकल प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध से पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा। साथ ही साथ विलुप्त हो चुकी प्राचीन परंपरा फिर से जीवंत होने लगेगा। बताते चलें कि पहले शादी विवाह समेत अन्य सामूहिक भोज में पत्ते के बने पतल का उपयोग होता था साथ ही साथ मिट्टी के बर्तन में लोग पानी पीते थे। लेकिन प्लास्टिक जनित इन सामग्रियों के बाजार में आ जाने से पुरानी सामग्री विलुप्त हो गए।अब फिर अगर प्रतिबंध लगता है तो प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित किया जा सकता है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ये बड़ी पहल होगा। हालांकि जरूरत इस बात की भी है कि प्रतिबंध की घोषणा के साथ साथ इस पर सख्ती के साथ अमल किया जाए।

## फसल विविधिकरण विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र में फसल विविधिकरण द्वारा जीविकोपार्जन में वृद्धि विषय पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 30 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस परियोजना के प्रधान अन्वेषक एवं फसल अनुसंधान प्रभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए फसल विविधिकरण के महत्व एवं विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए इसे अपने पारंपरिक कृषि प्रणाली में शामिल करने के फायदे पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने आंकड़ों द्वारा समेकित कृषि प्रणाली द्वारा उत्पादकता एवं आय में वृद्धि को दर्शाया। डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए किसानों को संबोधित किया तथा उनको फसल विध्वीकरण अपनाने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शिवानी ने जलवायु परिवर्तन के परिपेक्ष्य मे फसल विविधीकरण की उपयोगिता को समझाया।

## उप विकास आयुक्त ने ग्रामीण विभाग के कार्यों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोतिहारी।** उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडे के द्वारा चकिया प्रखंड में चलो गांव की ओर अंतर्गत ग्रामीण विकास के कार्यों में आवास सर्वेक्षण के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सागर पंचायत एवं मधुरापुर पंचायत के महादलित टोला में आवास से छूटे हुए लाभुकों से वार्ता किया गया। वहीं पर उनका शौचालय निर्माण कार्य आरंभ कराया गया। इसके पश्चात लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत पंचायत में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण एवं उद्घाटन किया गया। प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, उसका पृथक्कीकरण एवं जैविक खाद निर्माण के लिए निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, चकिया एवं पंचायत सचिव को स्वच्छता पर्यवेक्षक के कार्यालय, शौचालय एवं ई रिक्शा के लिए चार्जिंग पॉइंट सुविधा नहीं रहने पर नाराजगी जताई गई एवं चार्जिंग सुविधा सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। यहां पर ग्रामीणों को हरा एवं नीला डस्टबीन के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया एवं छूटे हुए घरों में एक माह में शौचालय निर्माण पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। मनरेगा के अंतर्गत खेल मैदान के लिए पंचायत में स्थल का निरीक्षण किया गया साथ ही तालाब का भी निरीक्षण किया गया। पंचायत में निर्माण किए जा रहे पंचायत सरकार भवन एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाइट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त के साथ निदेशक डीआरडीए, जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, वरीय लेखा पदाधिकारी डीआरडीए, ब्रेडा के कनीय अनियंता, प्रखंड समन्वयक, डीपीओ, पीओ मनरेगा उपस्थित थे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** बीती रात बांकीपुर चौक पर अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गया। मृतक का पहचान मधुबन प्रखंड क्षेत्र के दुलमा निवासी अरुण दास उम्र लगभग चालीस वर्ष है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। घटना के बारे में मृतक के पत्नी माया देवी ने बताई कि मेरे लडकी का दम फूल रहा था जिसका दवा लेने के लिए मृतक बांकीपुर चौक पर गया था कि पकड़ीदयाल से चकिया जा रहे वाहन ने ठोकर मार दिया, मारने के बाद वाहन चकिया के तरफ भाग गया। मृतक हरियाणा में मजदूरी करता था तथा घर में सिर्फ अकेला कमा कर अपने बच्चों का परवरिश करता था।

### पॉकेटमारी: बैंक से निकाले गए 50 हजार रुपये चोरी

**पालीगंज (पटना)।** नगर बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) शाखा में एक व्यक्ति के पॉकेट से 50 हजार रुपये चोरी हो गए। थाना क्षेत्र के बालीपाकड़ निवासी संजय कुमार ने बैंक से 50 हजार रुपये निकाले और अपनी जेब में रख लिए। बैंक में कुछ आवश्यक कागजातों पर हस्ताक्षर करते समय, अज्ञात पॉकेटमार ने उनकी जेब से रुपये निकाल लिए। घटना का पता चलने पर संजय कुमार ने पालीगंज थाने को सूचित किया। पुलिस ने बैंक पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें लगभग 13 वर्षीय एक लड़के को संजय कुमार की जेब से रुपये निकालते हुए देखा गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

### मखदुमपुर में बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के बराबर पर्यटन थाना की पुलिस ने अवैध खनन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजकुमार राय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू लेकर जा रहा है। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त किया है। वहीं पुलिस को आता देख ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ट्रैक्टर को जब्त कर थाने लाया है। साथ ही विधि संगत कार्रवाई की जा रही है।

### आदापुर में फर्जी डॉक्टरों पर प्रशासन का शिकंजा

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** स्थानीय श्यामपुर बाजार में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ मेडिकल टीम ने छापेमारी की। इस कार्रवाई से क्षेत्र के कथित चिकित्सकों में हड़कंप मच गया। छापेमारी अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के डॉक्टर रूहुल्लाह, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) रणधीर कुमार और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने चलाया। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही फर्जी डॉक्टर अपने-अपने क्लीनिक बंद कर फरार हो गए। इनमें डॉक्टर गीता रानी भी शामिल थीं, जिनके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए गए। उन पर गर्भवती महिलाओं के इलाज के नाम पर अवैध रूप से ऑपरेशन करने और भारी रकम वसूलने का आरोप है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने गीता रानी पर 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया है। जब पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची, तब तक वे फरार हो चुकी थीं। वहीं, चांदसी क्लीनिक के संचालक आर. कुमार प्रशासन की पकड़ में आ गए। उनके निजी शल्य कक्ष (ऑपरेशन थिएटर) को प्रशासन ने सील कर दिया है। इस संबंध में बीडीओ रणधीर कुमार ने जानकारी दी।

### अलग-अलग जगहों से शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार, बाइक भी जब्त

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** सीमावर्ती इलाकों में शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस और एसएसबी के जवानों ने बड़ी कार्रवाई की है। अलग-अलग घटनाओं में कुल 840 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब जब्त की गई है, जिसमें एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है और एक बाइक भी जब्त की गई है। पहली घटना में जितना पुलिस ने गश्त के दौरान सोमवार सुबह पिपरा गांव के टियर नदी के पास से 480 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान जितना थाना क्षेत्र के बेला जीतपुर गांव निवासी सुनील कुमार (पिता - पन्ना लाल चौधरी) के रूप में हुई है। जितना थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, दूसरी कार्रवाई में बरहरवा एसएसबी के जवानों ने मंगलवार तड़के सुबह गश्त के दौरान देनुखी बलुआ गांव के पास पिलर संख्या 367 के पास से 360 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब और एक ग्लैमर बाइक जब्त की। आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद जब्त शराब और बाइक को जितना थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। सीमावर्ती इलाकों में शराब तस्करी के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां लगातार सख्ती बरत रही हैं।

## शारीरिक शिक्षा विषय के विशिष्ट शिक्षकों की वेतन विसंगति का समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** जिले के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9वीं और 10वीं के लिए कार्यरत शारीरिक शिक्षा विषय के विशिष्ट शिक्षकों की वेतन विसंगति से जुड़ी समस्या का समाधान हो गया है। यह जानकारी सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी आनंद पुष्कर ने दी।

उन्होंने बताया कि कुछ शिक्षकों को जनवरी और फरवरी माह का वेतन माध्यमिक शिक्षकों के निर्धारित 31,000 (इकतीस हजार रुपये) के बजाय प्राइमरी शिक्षकों के 25,000 (पच्चीस हजार रुपये) के आधार पर दिया गया था। इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) मोतिहारी संजीव कुमार से दूरभाष पर संपर्क कर जल्द से जल्द समाधान की मांग की। डीईओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को ई-शिक्षा कोष और एचआरएमएस पोर्टल में तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया। निर्देश के कुछ घंटों के भीतर कई शिक्षकों के वेतन संबंधी त्रुटियां सुधार दी गईं।

**एरियर के रूप में मिलेगी बकाया राशि**



श्री पुष्कर ने बताया कि जिन शिक्षकों का वेतन कम दिया गया था, उन्हें एरियर के रूप में बकाया राशि का भुगतान किया जाएगा, जबकि जिनका वेतन अभी तक नहीं आया है, उन्हें ?31,000 के आधार पर पूरा भुगतान किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सक्षमता द्वितीय उत्तीर्ण शिक्षकों के प्राण जेनेरेशन को लेकर शिक्षा विभाग के मंत्री से बातचीत हुई है और जल्द ही उनके वेतन भुगतान की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।

**पताही प्रखंड के शिक्षक के वेतन में भी सुधार**

श्री पुष्कर ने बताया कि पताही प्रखंड के श्री बृज बिहारी लाल निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पट्टी बोकाने में कार्यरत शारीरिक शिक्षा शिक्षक सूरज कुमार सिंह को जनवरी और फरवरी का वेतन प्राइमरी शिक्षकों के वेतन के अनुसार दिया गया था। जांच में पता चला कि ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर 9वीं-10वीं के लिए उनकी नियुक्ति को शारीरिक शिक्षा मूल कोटि के रूप में दर्ज किया गया था, जबकि इसे केवल शारीरिक शिक्षा के रूप में दिखाया जाना चाहिए था। इसी तरह, एचआरएमएस पोर्टल पर भी उनका बेसिक वेतन ?31,000 के बजाय ?25,000 दर्शाया गया था। यह समस्या राज्यभर में 144 शिक्षकों को प्रभावित कर रही थी, जिनमें से पूर्वी चंपारण जिले में 14 शिक्षक शामिल थे। श्री पुष्कर ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने पिछले सप्ताह शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा था, जिसके बाद राज्य मुख्यालय के वरीय अधिकारियों द्वारा सुधार के निर्देश जारी किए गए। अब पोर्टल पर आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं, जिससे प्रभावित शिक्षकों को सही वेतन मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

## 200 से अधिक लोगों की हुई जांच व निःशुल्क दवाओं का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** मोतिहारी द्य शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, बरियारपुर के सहयोग से मोतिहारी शहर के बलुआ दुर्गा मंदिर कैंपस में आउटरिच कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 200 से अधिक लोगों की बीपी, शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच की गयी तथा टीबी के लक्षण वाले मरीजों की बलगम की सैम्पल ली गई। मोतिहारी के उपमहापौर डॉ लालबाबू प्रसाद ने बताया कि लगातार 40 दिनों तक चयनित वार्डो में आउटरिच कैंप का आयोजन स्वास्थ्य विभाग की अच्छी पहल है। इससे लोगों को छोटे - मोटे बीमारियों के निदान के लिए अस्पताल जाना नहीं पड़ेगा। इससे समय की भी बचत होगी। इस कैंप में कई प्रशिक्षित डॉक्टर एवं नर्स के द्वारा जांच करते हुए महत्वपूर्ण दवाई भी उपलब्ध कराई गयी। उन्होंने बताया कि 200 से अधिक लोगों की जाँच की गई और निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। आउटरिच कैंप में परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी संसाधनों की भी जानकारी दी गई। वहाँ लगाए गए स्टॉल पर कंडोम, माला, छाया, अंतरा इंजेक्शन व अन्य सामग्रियां वितरित की गई। डॉ शिवम सिन्हा ने बताया कि गंभीर रोग की जांच व इलाज के लिए लोगों को सदर अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर उपमहापौर डॉ लालबाबू प्रसाद, डॉ सुनील कुमार, डॉ शिवम सिन्हा (नोडल चिकित्सा पदाधिकारी), अनुश्रवण पदाधिकारी अमानुल्लाह अमन, वार्ड पार्षद मुजाहिद आलम, विनोद पासवान, केशर सिंह, शिवकुमार, यक्ष्मा विभाग के अनिल कुमार, पीएसआई के संजीव कुमार पाण्डेय, मिन्की कुमारी, अंजू कुमारी, बबिता, स्वाति, गुड़िया व अन्य लोग उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय जुआरियों का सेफ जोन बना आदापुर, मिनटों में लगते हैं लाखों के दांव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** आदापुर क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय जुआरियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। यहां जुआ खेलने और खिलाने का धंधा खुलेआम जारी है, और प्रशासन की सख्ती के बावजूद यह कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा। श्यामपुर बाजार सहित क्षेत्र में कई लोग जुए को अपना रोजगार बना चुके हैं। इनमें से कुछ छोटे जुआरी सिर्फ दो-चार दिनों के भोजन का इंतजाम करने भर के लिए दांव लगाते हैं, जबकि बड़े जुआरी लाखों रुपये की बाजी लगाकर करोड़ों का मुनाफा कमा रहे हैं। इन्हीं जुए के पैसों के दम पर भव्य महल, करोड़ों की संपत्तियां और आलीशान मकान बनाए गए हैं। आदापुर लंबे समय से इस बदनामी का दाग झेल रहा है, लेकिन इसे मिटाने में प्रशासन अब तक नाकाम रहा है। सूत्रों के अनुसार, प्रशासनिक अधिकारियों, अंचल प्रशासन और एसएसबी तक को मोटी रकम देकर चुप करा दिया जाता है। यही वजह है कि कार्रवाई के बावजूद जुआ का यह धंधा बेरोकटोक चलता रहता है। गत सप्ताह एक यूट्यूबर पत्रकार को जुआ के अड्डों का वीडियो बनाते समय पिटाई कर दी गई। जब इसकी सूचना जिला पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात तक पहुंची, तो पुलिस ने छापेमारी की। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि एक भी जुआरी पकड़ा नहीं गया। इससे यह साफ जाहिर होता है कि पुलिस के भीतर कहीं न कहीं सूचना लीक होने की समस्या है। आदापुर में सिर्फ स्थानीय ही नहीं, बल्कि नेपाल के कलैया, बीरगंज, जीतपुर, पथलैया, मटियरवा सहित भारतीय सीमा क्षेत्र के नामी-गिरामी जुआरी भी यहां आकर लाखों रुपये के दांव लगाते हैं। फिलहाल, जुआरियों ने अपना ठिकाना बदल लिया है, जिससे प्रशासन उनकी गतिविधियों से अनजान बना हुआ है। आदापुर में जुए के इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए प्रशासन को सख्त और प्रभावी कार्रवाई करनी होगी। जब तक जिम्मेदार अधिकारी इस गोरखधंधे में शामिल लोगों पर कड़ा शिकंजा नहीं कसते, तब तक यह अपराध ऐसे ही फलता-फूलता रहेगा।

## 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा आज तीसरे दिन मोतिहारी में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** पलायन रोको नौकरी दो यात्रा भीतिहरवा आश्रम से शुरू होकर आज तीसरे दिन शहर के भरौलिया पहुंची। भरौलिया में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने केंद्र और प्रदेश सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि पहले बिहार सांस्कृतिक राजधानी थी जबकि जदयू और भाजपा के डबल इंजन की सरकार में बिहार पेपर लीक की राजधानी बन चुकी है । यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश ग़रीब दास ने कहा कि बिहार के युवा जब अपने लिए रोजगार की मांग करती है तब बिहार सरकार लाठियां बरसाती है। यूथ कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष बिट्टू यादव ने कहा कि यह यात्रा कांग्रेस की यात्रा नहीं है बल्कि यह एक प्लेटफॉर्म है जो बिहार के तमाम बेरोजगार छात्र नौजवानों के हक और सम्मान के लिए की जा रही है । पेपर लीक से प्रभावित विवेक कुमार ने बताया कि हमारे मां बाप कर्ज लेकर हमे पढ़ाते है और बिहार में पेपर लीक हो जाता है जिससे हमारे जैसे छात्रों का जीवन अंधकारमय हो जाता हैद्य यात्रा में कन्हैया कुमार, ब्रजेश पांडे, यूथ कांग्रेस राज्य प्रभारी प्रभारी शाहिद, कांग्रेस जिला अध्यक्ष के शशि भूषण राय उर्फ़ गप्पू राय, राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, पूर्व मंत्री और कांग्रेस के सीनियर लीडर अवधेश कुमार सिंह, यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास, यूथ कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष बिट्टू कुमार यादव एवं विवेक कुमार, राशिद ख़ान एवं मीडिया प्रभारी डॉ पीयूष रंजन झा शामिल थे।




**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.Ph No.: +91-651-2225878;**
**e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com,CIN: U45200JH2013SGC001752**

**NIT No: - JUIDCO/NIT/Sri Banshidharnagar/UWSS/650**
**Date: 18th Mar, 2025**
**Tender ID: - 2025_UDD_98911_1** **PR No.: 347119**

**Corrigendum- 1**

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 1 is released for tender having details as mentioned above for the project of “Banshidharnagar Urban Water Supply Scheme with 5 years of 0peration and Maintenance”. The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhand tenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 348646 Urban Development and Housing(24-25).D

**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e-Procurement Notice**
**(Short Notice)**

**Tender Ref. No.-22/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2024-25-Date: 17.03.2025**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Laying of Paver Block in Approach Road From Main Road to Forest Colony, Sudna, Daltonganj, Palamu. | 11,59,600.00 | 02 Months |
| 2. | Laying of Paver Block from Office to Main Gate in District Forest Office, Daltonganj, Palamu. | 24,99,800.00 | 02 Months |
| 3. | Laying of Paver Block from Office to Colony in District Forest Office, Daltonganj, Palamu. | 21,72,100.00 | 02 Months |
| 4. | Construction of Boundary Wall UPG Middle School at Chechnaha under Block Nawabazar, Palamu. | 23,05,400.00 | 03 Months |
| 5. | Construction of Washing Shed and Platform at Sadar Hospital at Daltonganj, Palamu. | 9,00,400.00 | 02 Months |
| 6. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Daltonganj, Palamu. | 23,82,500.00 | 04 Months |
| 7. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Chhattarpur, Palamu. | 23,82,500.00 | 04 Months |
| 8. | Repair of Middle School, Latpauri Under Block Mohammadganj, Palamu. | 17,56,350.00 | 02 Months |
| 9. | Construction of Boundary Wall in Girls High School, Panki | 34,91,300.00 | 06 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 28-03-2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 07-04-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 09-04-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vii | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

• इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

**Nodal Officer,**
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 348623 (Building) 24-25 (D)

CMYK

# गया जिले में पंचायती राज विभाग के अधीन 1403 योजनाएं शुरु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। गया जिला सूखाग्रस्त एवं पहाड़ों से घिरा हुआ जिला है। जिले में छुटे हुए टोलो में बड़े पैमाने पर योजना शुरू होने वाला है ताकि गर्मी में उन टोलों के लोगों को पेयजलापूर्ति मिल सके। गया जिले में छुटे हुए टोलों में पंचायती राज विभाग अधीन के 1403 योजना एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अधीन 398 योजना को शुरू किया जा रहा है। वजीरगंज में 69 योजना, टनकुप्पा में 85 योजना, मोहरा में 45 योजना, बेला में 62 योजना, परैया में 23 योजना, नगर में 29 योजना, मानपुर में 21 योजना, खिजरसराय में 42 योजना, बथानी में 25 योजना, अतरी में 23 योजना, टिकारी में 30 योजना, कोच में 37 योजना एवं बोधगया में 47 योजना में कार्य शुरू की जा रही है। इसी प्रकार गुरारू में 50 योजना, फतेहपुर में 57 योजना, मोहनपुर में 118 योजना, बाराचट्टी में 70 योजना, बाके बाजार में 76 योजना, गुरुआ में 61 योजना, आमस में 25 योजना, इमामगंज में 135 योजना, डुमरिया में 142 योजना, शेरघाटी में 50 योजना एवं डोभी में 69 योजना का कार्य प्रारंभ की जा रही है। विदित हो कि इन नल जल योजना कार्य, संबंधित प्रखंड के छुटे हुए टोलो में करवाया जा रहा है, ताकि इस गर्मी में उन टोलों को जलापूर्ति मिल सके। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने कहा है कि नल जल योजना के काम के साथ-साथ बोरिंग के समीप स्टैंड पोस्ट लगाते हुए 5-5 नल टैप भी लगाए ताकि लोगों को तत्काल पेयजल का लाभ भी दिया जा सके।

## मारपीट की घटना में दो महिलाओं समेत चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** होली के पूर्व कचरा फेंकने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में घटी मारपीट की घटना में पुलिस ने दो महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला अलीपुर थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव का है। अलीपुर एसएचओ सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि विगत 12 मार्च को रूपसपुर ग्राम में कचरा फेंकने को लेकर दो पक्षों के मध्य मारपीट की घटना घटी घटी थी जिसमें एक पक्ष के एक व्यक्ति का सिर फट गया था। मामले को लेकर दोनों पक्ष की ओर से लिखित शिकायत की गई थी। शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मंगलवार को पुलिस ने एक पक्ष के भाई बहन व दूसरे पक्ष के एक महिला व एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया।

# बोधगया मंदिर परिसर का किया गया सुरक्षा ऑडिट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिले के डीएम एवं एसएसपी और बीएसएपी तीन बोधगया समादेष्टा के द्वारा संयुक्त रूप से एवं अन्य पुलिस/प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बोधगया मंदिर परिसर और उसके आस-पास के क्षेत्रों का सुरक्षा ऑडिट मंगलवार को किया गया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को और बेहतर सुरक्षा एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु किए गए प्रबंध सहित सभी पहलुओं का गहन निरीक्षण किया तथा सुनिश्चित किया कि सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन हो। तत्पश्चात उन्होंने सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों के लिये विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।

# बीडीओ ने ग्राम कचहरी सचिवों को नियोजन पत्र बांटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ बिपुल भारद्वाज ने ग्राम कचहरी सचिवों को नियोजन पत्र मंगलवार को वितरण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नियोजन पत्र प्रखंड के तीन लोगों को दिया गया है जिसमें ग्राम बीजहरा के ज्योति कुमारी पति निरंजन सिंह को ग्राम कचहरी सचिव गौहरपुर, कोंच के पद पर चयन किया गया है। वहीं, दो अन्य लोगों को भी अलग-अलग पंचायत में चयन किया गया है। बताया गया है कि पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव के पत्र के आलोक में जिला पदाधिकारी द्वारा ग्राम कचहरी सचिव के पदों पर नियोजन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर काउंसलिंग उपरांत वरीयता के आधार पर चयन किया गया है जिसमें साफ निर्देश दिया गया है कि आप न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे और नहीं सरकारी सेवकों को अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जाएंगे। नियोजन के पश्चात सरकारी सेवा नियमितीकरण का दावा किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा। मौके पर मंझियावां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राज बब्बर सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन शर्मा, गुड्डू सिंह, रूपेश कुमार आदि मौजूद थे।

## संस्कार महोत्सव के मुख्य अतिथि होंगे राज्यपाल

**वजीरगंज(गया)(नबिटा सं.)।** प्रखंड के एरू स्थित ऑक्सब्रिज इंटरनेशनल स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 20 मार्च को संस्कार महोत्सव सह मातृ-पितृ दिवस का आयोजन किया गया है जिसके मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान होंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि विद्यालय स्थापना दिवस पर आयोजित संस्कार महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के राज्यपाल होंगे एवं इनके अलावे महोत्सव में पूर्व मंत्री डॉ रामचंद्र प्रसाद सिंह प्रसिद्ध गणितज्ञ प्रो के सी सिन्हा सहित अन्य शिक्षविद भी शिरकत करेंगे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर से तैयारी शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी(गया)।** आगामी माह में होने वाली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर से तैयारी शुरू कर दी गई है। मंगलवार को एसडीएम सुजीत कुमार द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कार्यालय परिसर में बैठक की गई। बैठक में श्री कुमार ने सभी प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव में सबसे अहम योगदान मतदाता सूची की होती है। सभी प्रतिनिधि भी अपने स्तर से इस बात का विशेष ख्याल रखें कि कोई भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे। इसके अलावा श्री कुमार ने बीएलओ के कर्तव्यों की जानकारी दी व बताया कि 90 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के निर्वाचकों का गहनता से सत्यापन करा सभी बीएलओ प्रमाण पत्र निर्गत करेंगे, छूटे हुए मतदाता का नाम प्रपत्र 6 के माध्यम से जुटेगा, बीएलओ के सहयोग हेतु बीएलए की नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा मुहैया कराने को लेकर विशेष तैयारी की जाएगी व वीटीआर में सुधार हेतु स्वीप कार्यक्रम, लिंगानुपात में सुधार हेतु विशेष रूप से महिला मतदाताओं को पंजीकृत करने को लेकर अभियान चलाया जाएगा जिसमें सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। बैठक में एसडीएम के अलावा बीडीओ योगेंद्र पासवान, बीपीआरओ सौरभ कुमार के साथ राजीनीतिक दल के आशुतोष शर्मा, लक्ष्मी कुशवाहा सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला भाजपा पश्चिम की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने की। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा की उपस्थिति विशेष रूप से रही। बैठक का आयोजन जिला कमेटी की घोषणा के बाद पहली बार किया गया जिसमें सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। उन्हें अंगवस्त्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया जिससे संगठन में एक नया उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और संगठन की एकजुटता से आगामी चुनावों में एनडीए को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मेहनत करेंगे और पांचों विधानसभा सीटों को एनडीए के खाते में डालने का लक्ष्य पूरा करेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष धनराज शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें संगठन के सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित और जनसेवा को प्राथमिकता देता है और इसी संकल्प के साथ आगामी चुनावों में सफलता सुनिश्चित करेगा। बैठक में जिला कमेटी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता और पार्टी के कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। सम्मान समारोह में पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा, भाजपा नेता संतोष सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ अनुज कुमार, करुणा कुमारी, नरेंद्र सिंह दांगी, वेंकटेश कुमार, पुष्पा चौरसिया, संतोष देव यादव, डॉ शालिनी, राजेश सिंह, महामंत्री गजेंद्र दास, संजीव पाठक, कौशल वर्मा, मंत्री अशोक सिंह, संजू देवी, तन्नु सिंहा, अरुण चंद्रवंशी, वैभव कुमार, रीना अग्रवाल, पुरुषोत्तम कुमार, माया देवी, कोषाध्यक्ष विक्रांत कुमार गुप्ता सह कोषाध्यक्ष राजीव रंजन आदि उपस्थित रहे।

# बिजली के झटके से हुई मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के ऊषास गांव में बिजली के चपेट में आने से एक महिला की मौत मंगलवार की सुबह हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत असलेमपुर के ग्राम उषास गांव निवासी जितेंद्र कुमार की 27 वर्षीय पत्नी खुशबू कुमारी अपने घर में झाड़ू लगा रही थी। तभी वह बिजली के झटके में आ गई जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। उस समय मृतक के सास-ससुर गांव के बधार में रवि फसल का कटनी काटने गए हुए थे। स्थानीय लोगों ने जब देखा तो शव को घर से बाहर निकाला गया और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई है। बता दें कि मृतक के पति जितेंद्र कुमार दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी का कार्य करता है और अपने परिवार का भरण पोषण करता है। घटना के बाद परिवार में रो-रो कर बुरा हाल है।

# एएसपी ने किया कोंच और आंती थानों का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** एएसपी ग्रामीण अनवर जावेद के द्वारा मंगलवार को कोंच थाना और आंती थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने ओडी पदाधिकारी और गश्ती दल की सजगता और सतर्कता की जांच की। तत्पश्चात उन्होंने थानों में संधारित की जाने वाली सभी संचिकाओं को अद्यतन रखने, वारंट, इश्तिहार, कुर्की एवं लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने, फरार/वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, अपराधियों और असामाजिक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, आसूचना संकलन करने और प्रभावी पेट्रोलिंग करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# एनईपी और व्यावसायिक शिक्षा की पुनर्कल्पना विषय पर व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के भौतिक एवं रासायनिक विज्ञान संकाय के भौतिकी विभाग ने विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में एक पूर्व-दीक्षांत व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। मुख्य वक्ता के रूप में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के कुलपति प्रो ए.के. त्यागी ने एनईपी 2020 और व्यावसायिक शिक्षा की पुनर्कल्पना - उच्च शिक्षा संस्थानों के व्यवसायीकरण की दिशा में एक कदम शीर्षक से एक विशेष व्याख्यान मंगलवार को दिया। प्रो त्यागी ने इस बात पर जोर दिया कि उच्च शिक्षा संस्थानों में व्यावसायिक शिक्षा की पुनर्कल्पना किए बिना हम विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने मुख्य वक्ता और अतिथि को स्मृति चिन्ह, शॉल और पौधे भेंट कर सम्मानित और स्वागत किया। कुलपति प्रो के. एन. सिंह ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डाला, उच्च शिक्षा संस्थानों में व्यावसायिक शिक्षा को एकीकृत करने के अपने अभिनव दृष्टिकोण पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति कौशल विकास और अंतःविषय शिक्षा को बढ़ावा देकर शैक्षिक प्रथाओं में सुधार करना चाहती है। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम का औपचारिक संचालन और अतिथियों का स्वागत भौतिकी विभाग के प्रमुख प्रो. वेंकटेश सिंह ने किया। मुख्य भाषण प्रो. बुधेंद्र कुमार सिंह ने दिया और अंत में डॉ. रोहित रंजन शाही ने धन्यवाद ज्ञापन किया। व्याख्यान में डॉ. विजय राज सिंह, डॉ. अखिलानंद कुमार, डॉ. नितिन चंद्रा और डॉ. अंगद सिंह, प्रो. रविकांत, प्रो. किरण कुमारी, डॉ. मितांजलि साहू के साथ-साथ अन्य विभागों के संकाय सदस्यों सहित कई प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों ने भाग लिया। व्याख्यान के बाद एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने प्रो. त्यागी से प्रश्न और सुझाव पूछे और एनईपी 2020 और व्यावसायिक शिक्षा के लिए इसके दृष्टिकोण के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की।

# पीएम इंटर्नशिप योजना युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएम इंटर्नशिप योजना) भारत सरकार द्वारा युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। यहां इस योजना के कुछ प्रमुख विवरण दिए गए हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है। यह योजना युवाओं को वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान करके उनके कौशल विकास को बढ़ावा देती है। इसका लक्ष्य युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है। मुख्य बातें यह है कि इस योजना की घोषणा बजट 2024-25 में की गई थी। इस योजना के अंतर्गत अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करने का लक्ष्य है। आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढाकर 31 मार्च 2025 कर दिया गया है। इंटर्नशिप 12 महीनो के लिए होगी। इस योजना के अंतर्गत इंटर्न को सरकार द्वारा 4,500 और उद्योग द्वारा 500 का मासिक वजीफा प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा 6,000 की एकमुश्त अनुदान राशि भी प्रदान की जाएगी। यह योजना 21 से 24 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए है, जिन्होंने कक्षा 10 या 12 उत्तीर्ण की है या जिनके पास यूजी/पीजी डिग्री या डिप्लोमा है। इस योजना के लिए आवेदन आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर किया जा सकता है। इसका लाभ यह योजना युवाओं को शीर्ष कंपनियों में काम करने का अवसर प्रदान करती है। यह उनके कौशल को विकसित करने और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने में मदद करती है। यह युवाओं को वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान करती है जिससे वे पेशेवर जीवन के लिए तैयार हो सकें।

## हत्या मामले में ससुराल वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** अलीपुर थाना क्षेत्र के अगार ग्राम में विवाहिता की हुई हत्या मामले में ससुराल वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। विवाहिता के भाई अलीपुर थाना क्षेत्र के खुटवर ग्राम निवासी राकेश पासवान द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि बहन रिंकू देवी का विवाह जून 2021 में सूर्यदेव पासवान के पुत्र गौरव पासवान के साथ किया गया था। विगत 12 मार्च को गौरव अपनी पत्नी रिंकू देवी का विदाई मायके से कराकर ले गया था व किसी तरह का दहेज की मांग नहीं करने की बात कही थी। महज चार दिनों के बाद ही रिंकू की हत्या ससुराल वालों द्वारा कर दी गई। राकेश ने फोर व्हीलर गाड़ी के लिए रकम मांगने का भी आरोप लगाया। राकेश द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी में ससुराल पक्ष के पति, सास, ससुर समेत ग्यारह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। मामले को लेकर पुलिस के हाथ अब भी खाली है। अलीपुर एसएचओ सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# खानाबदोशों की 15 झोपड़ियां जलकर राख, सभी सामान नष्ट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के औलिया बिगहा गांव में खानाबदोश 15 लोगों के झोपड़ियों में मंगलवार के शाम 4 बजे आग लग गई और सभी झोपड़ियां जलकर राख हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार औलिया बिगहा गांव में बीते कई सालों से दर्जनों खानाबदोश लोग रह रहे हैं और आसपास के इलाके में मांग कर जीविकोपार्जन किया करते हैं। बताया जा रहा है कि उसी गांव के एक लड़का स्मोकिंग कर रहा था जिससे झोपड़ी में आग लग गई जो धीरे - धीरे 15 झोपड़ियों को अपने आगोश में ले लिया और सभी सामान जलकर राख हो गए। अगलगी में करीब ढाई लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। घटना की खबर पाकर आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, ए एस आई दशरथ सिंह, अंचल कर्मी अरविंद कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव पहुंचे और अग्निशमन विभाग के वाहन को बुलाकर आग पर काबू पाया गया। अंचलाधिकारी मुकेश कुमार के निर्देश पर पीड़ित खानाबदोश भूखन मुसहर, उमेश मुसहर, युगेश मुसहर, मुंशी मुसहर, गोरा मुसहर, सरोज मुसहर, बहीरा मुसहर, मुंगेश मुसहर, राहुल मुसहर, हिप्पी मुसहर, निरहुआ मुसहर, मजनू मुसहर, गूंगा मुसहर, उदित मुसहर एवं लंबू मुसहर को कंबल, प्लास्टिक, चादर सहित अन्य सामान दिए जा रहे हैं।

# सीयूएसबी के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति हर्ष का विषय : कुलपति

## 80 छात्रों को दिया जाएगा गोल्ड मेडल, बेटियों ने गोल्ड मैडल में मारी बाजी, 59 गोल्ड पर छात्राओं का कब्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सिर्फ डिग्री बाटने का माध्यम नहीं है बल्कि यह जीवन दृष्टि का श्रोत है। विश्वविद्यालय में पठन - पाठन का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप कौशल विकसित करते हुए जीवन दृष्टि प्रदान करना है। कैंपस फॉर कम्युनिटी हमारा ध्येय है और हम युवाओं को ऐसी शिक्षा प्रदान करना है जिससे वे समाज और देश के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। मगध छेत्र की आवश्यकताओं को देखते हुए वर्ष 2023 में बीएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम की शुरूआत की गई। छात्रों को उन्नत खेतीबाड़ी के साथ - साथ गौपालन, बकरीपालन, मुर्गीपालन, मधुमक्खीपालन, मशरुम फार्मिंग आदि का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। हमारे यूनिवर्सिटी में छात्रों को क्लासरूम टीचिंग के साथ लर्निंग पर भी ध्यान दिया जाता है जिससे वे जीवन में सशक्त बना सकते हैं। उक्त वक्तव्य सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने चतुर्थ दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कही। प्रेस कांफ्रेंस में कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के साथ जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम, मीडिया विभाग के अध्यक्ष प्रो के. शिव शंकर एवं अन्य प्राध्यापक डॉ. सुजीत कुमार तथा डॉ. अनिंद्य देव और शशि रंजन (सहायक कुलसचिव) उपस्थित थे। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के गत वर्ष कई उपलब्धियां रही हैं वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय को 3.58 स्कोर के साथ नैक से 'ए' प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ और वर्ष 2024 में सीयूएसबी को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कैटेगरी - वन यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया है और विश्वविद्यालय को कई तरह के स्वायत्तता मिली हैं। विश्वविद्यालय ने वर्ष 2023 में बीएससी एग्रीकल्चर, एमएससी डेटा साइंस एवं एमएससी आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रमों को शुरूआत की। वहीं वर्ष 2024 बीबीए एलएलबी पाठ्यक्रम के साथ - साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप 13 विषयों में इंटीग्रेटेड यूजी - पीजी पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। खेलो इण्डिया के तहत युवा एवं खेल मंत्रालय ने मिल्खा सिंह खेल परिसर के पास मल्टीपर्पस हॉल के निर्माण के लिए 9.50 करोड़ अनुदान दिया है जिसमें किसी भी समय किसी भी मौसम विद्यार्थी खेल सकते हैं। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के शोध के प्रति गंभीरता और परिश्रम को देखते हुए विभिन्न संस्थानों ने शोध के लिए 11,64,12,440 (ग्यारह करोड़ चौसंठ लाख, बारह हजार, चारसौचालीस) रुपये का ग्रांट (अनुदान) मिला है जो अपने आप में बिहार के लिए एक रिकॉर्ड है। आगामी 20 मार्च 2025 को सीयूएसबी के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रेम कुमार, मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार सरकार शामिल होंगे जबकि अध्यक्षता डॉ. चन्द्रेश्वर प्रसाद ठाकुर, कुलाधिपति, सीयूएसबी करेंगे। कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह में टॉपर्स को डिग्री के साथ मेडल दिए जाएंगे जिनमें चांसलर गोल्ड मेडल, स्कूल गोल्ड मेडल, डिपार्टमेंट गोल्ड मेडल आदि शामिल हैं। वहीं वर्ष 2021 और 2022 में अंडरग्रेजुएट (यूजी) एवं पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) और पीएचडी में उत्तीर्ण कुल 1346 विद्यार्थियों को डिग्री प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। चौथे दीक्षांत समारोह के दौरान अंडरग्रेजुएट (यूजी) एवं पोस्टग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में टॉप करने वाले कुल 80 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। वर्ष 2021 के लिए दो छात्रों को चांसलर गोल्ड मेडल, 10 (दस) छात्रों को स्कूल गोल्ड मेडल जबकि 26 छात्रों को डिपार्टमेंट गोल्ड मेडल दिया जायेगा।इसी तरह वर्ष 2022 के लिए दो (02) छात्रों को चांसलर गोल्ड मेडल, 11 छात्रों को स्कूल गोल्ड मेडल और 29 छात्रों को डिपार्टमेंट गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। कुलपति ने मीडिया कर्मियों का विशेष ध्यान आकर्षित हुए कहा कि कुल 80 छात्रों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा जिसमें से 59 गोल्ड मेडल पर बेटियों ने कब्जा किया है, वहीं छात्रों को 21 गोल्ड मेडल मिलेंगे। दीक्षांत समारोह के ड्रेस कोड (वेशभूषा) के बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए कुलपति ने बताया कि लड़कियों के लिए ड्रेस कोड ऑफ व्हाइट /क्रीम/लाइट येलो रंग की साड़ी गोल्डन/मैरून/रेड बॉर्डर के साथ, और हाफ थ्री-क्वार्टर स्लीव मैचिंग ब्लाउज है वहीं लड़कों के लिए ड्रेस कोड सफेद कुर्ता (पूरी आस्तीन वाला) सफेद पायजामा/धोती (घुटने तक की लंबाई) के साथ। सफेद मोजे या सैंडल के साथ औपचारिक जूते पसंद किए जाते हैं।

## कुझी व मखदुमपुर गांव में हुआ महिला कांग्रेस संवाद

**वजीरगंज(गया) (नबिटा सं.)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी ने मंगलवार को प्रखंड के केनार फतेहपुर पंचायत अंतर्गत कुझी एवं मखदुमपुर गांव में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दरम्यान गया लोकसभा प्रभारी रेखा हिरण एवं जिलाध्यक्ष सह जिप सदस्य डॉ पिंकी कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि संवैधानिक अधिकार के मुताबिक महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है, इसके बावजूद मातृ शक्ति के प्रतिमूर्ति देवी कही जाने वाली नारियां आज भी काफी पीछे है। इनके आरक्षण का लाभ लेकर पुरूष नेतृत्व करने में जुट जाते हैं और पदों पर सुशोभित महिलाएं केवल स्टांप बनकर रह जाती है जिसके कारण महिलाओं की नई प्रतिभाएं भी दम तोड़ देती है। कांग्रेस महिला संगठन का उद्देश्य महिलाओं को संगठित कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ते हुए उनके हक और अधिकारों के लिये जागृत करना है।

# गोलीबारी मामले में 18 गिरफ्तार

## दो पिस्टल, 24 जिंदा कारतूस सहित 7.5 लाख रुपए भी बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बीते सोमवार की रात नगर थाना क्षेत्र के तकिया मोहल्ले में हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने सघन छापेमारी अभियान चलाते हुए घटना में संलिप्त कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ हीं इनके पास से मैगजीन सहित दो पिस्टल, 24 जिंदा कारतूस, घटनास्थल से एक खोखा, एक बोतल शराब, 17 मोबाइल, चार मोटरसाइकिल, एक स्कॉर्पियो सहित 7.5 लाख रुपए बरामद हुए हैं। घटना के संदर्भ में मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि लगभग 08 बजे रात्रि में सासाराम नगर थानाध्यक्ष को सूचना प्राप्त हुई कि तकिया स्थित मन्नत वाटिका के समीप दो पक्षों के द्वारा गोलीबारी की जा रही है। थानाध्यक्ष वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए घटनास्थल के लिए प्रस्थान कर गए और हमारे निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम-1 के नेतृत्व में विभिन्न थानों के थानाध्यक्षों एवं डीआईयू टीम को सम्मलित करते हुए एक विशेष दल का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त दल जब घटनास्थल पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि भूमि विवाद में तकिया वार्ड नंबर 11 निवासी बनारसी प्रसाद सिंह तथा वार्ड नंबर 2 निवासी चन्द्रशेखर सिंह व अन्य लोगों के बीच गोलीबारी की घटना की गई है। छापेमारी के क्रम में बनारसी सिंह के घर के बाहर एक जिंदा कारतूस एवं एक खोखा बरामद किया गया तथा बनारसी सिंह के घर की विधिवत तलाशी ली गई जिसमें से कुल 11 लोगों से पूछताछ करने के उपरांत कुल 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं चन्द्रशेखर सिंह एवं अन्य लोगों के घर की भी तलाशी ली गयी जिसमें से कुल-07 लोगों से पूछताछ के उपरांत विभिन्न जगहों से गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान कर ली गई है एवं सभी की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार लोगों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है, अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों में से कुछ लोगों का आपराधिक इतिहास भी पाया गया है। गिरफ्तार लोगों में स्व. भरत चौधरी के पुत्र बनारसी प्रसाद सिंह, बनारसी प्रसाद सिंह के पुत्र मनीष कुमार, दिनारा रूपी के रहने वाले उपेन्द्र कुमार, गरिगांवा निवासी उमेश कुमार सिंह, चौखंडा चितौली के शेखर यादव, बजरंगी कुमार एवं अजीत कुमार, तुर्की गांव निवासी अमन कुमार, बढ़ैया बाग निवासी श्याम बिहारी सिंह, करगहर के भलुनी निवासी राजेश कुमार राय, कोचस के बहोरनापुर निवासी दुर्गेश कुमार सिंह, सासाराम न्यू एरिया निवासी दुनिया लाल सिंह, तकिया वार्ड नंबर 11 निवासी अभिनंदन कुमार, श्रीनिवास सिंह एवं धनजी कुमार, गांधीनगर मोहल्ला निवासी रामगोपाल तिवारी, सिविल लाइन के कृष्णा कुमार और दरिगांव थाना क्षेत्र के बेलाढी गांव निवासी दीपक कुमार शामिल हैं जबकि अन्य की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। प्रेस वार्ता के दौरान सदर डीएसपी दिलीप कुमार, नगर थाना अध्यक्ष राजीव रंजन राय सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।



## एसडीएम ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने मंगलवार को डिहरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने डाटा सेन्टर सर्वे कार्यालय अंचल कार्यालय में कई कागजात एवं पंजियों की जांच की। जांच के बाद एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान कहा कि कोई भी व्यक्ति के द्वारा दलाली या किसी भी तरह की कोई समस्या उत्पन्न न करें। इसको लेकर हमारे द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कहीं भी कोई दलाल नहीं मिला निरीक्षण के दौरान कार्यालय में बिना आईडी पहने बैठे कर्मचारियों को एसडीएम ने स्पष्ट तौर पर कहा कि बिना आईडी के बैठे हुए पाए जाएंगे तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा कोई भी कर्मचारी अपने पास अतिरिक्त भीड़ नहीं रखेंगे। एसडीएम ने कहा कि प्रखंड कार्यालय पहुंचे आम लोगों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ देने में कोई कोताही नहीं करें। सरकार की योजना जनकल्याण के लिए है। वहीं बीडीओ अजीत कुमार प्रभारी अंचलाधिकारी संजय कुमार को आने वाले ग्रामीणों के लिए एक सस्ता कैंटीन जीविका दीदी के माध्यम से खोलवाने के लिए कहा। इसके अलावा कई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। मौके पर राजस्व अधिकारी तौकीर अहमद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के बच्चे को डीएम ने सिंगापुर के दम्पति को दिया गोद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा मंगलवार को संध्या विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान रोहतास, सासाराम में पल रहे आवासित परित्यक्त बालिका को दत्तक ग्रहण की कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए सिंगापुर के दंपति को गोद दिया। यह इस जिले के प्रथम दत्तकग्रहण प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के तहत पूरी की गई। दत्तक ग्रहण समारोह समाहरणालय स्थित जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में आयोजित किया गया जहां जिलाधिकारी ने बच्चे के नए माता-पिता को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को एक सुरक्षित और प्यारभरा परिवार मिलना चाहिए जिससे उनका समुचित विकास हो सके। मौके पर में जिला बाल संरक्षण इकाई की सहायक निदेशक राजीव रंजन, सीपीओ मिराजुद्दीन सिद्दीकी, विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान के समन्वयक मिथिलेश कुमार, संबंधित दंपति और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि बच्चे को गोद लेने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही और इसमें सभी कानूनी पहलुओं का ध्यान रखा गया। जिलाधिकारी ने बाल संरक्षण इकाई को निर्देश दिया कि वे आगे भी जरूरतमंद बच्चों के पुनर्वास और उनके बेहतर भविष्य के लिए कार्य करें। ताकि हर बच्चा सुरक्षित वातावरण में अपना जीवन व्यतीत कर सके। जिला बाल संरक्षण इकाई की सहायक निदेशक राजीव रंजन ने बताया कि कोई भी व्यक्ति बच्चे को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर-के ही गोद ले।



## 19 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 19 आरोपितों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार हत्या के प्रयास, शराब तस्कर, हत्या के प्रयास, पॉक्सो एक्ट, वारंटी शामिल है। 15 लीटर देशी शराब, बाइक, ट्रैक्टर, कारतूस बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 30 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## मारपीट की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के बराव कला गांव निवासी निर्मला देवी ने गांव के रवीन्द्र सिंह, शिवपूजन सिंह, अशोक सिंह पर जानलेवा हमला कर घायल कर देने व बीच बचाव करने आए पुत्र आशीष को भी जख्मी करने की प्राथमिकी कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वार्ड पार्षदों का ईओ पर उपेक्षा का आरोप, गहराया विवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर में भ्रष्टाचार की जांच व दोषी पर कार्रवाई की मांग को लेकर चल रहे धरना पर पहुंची ईओ के कार्यशैली से विवाद गहरा गया। धरनार्थियों ने कार्यपालक पदाधिकारी पर जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। धरना पर बैठे पार्षदों का कहना है कि जब कार्यपालक पदाधिकारी धरनास्थल पहुंची तो कुर्सी मंगाकर बैठ गई और आक्रोश में धरनार्थियों को कानून समझाने लगी जबकि मुख्य पार्षद घटनास्थल पर खड़े थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ( हालांकि नवबिहार टाइम्स वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।) धरनार्थियों का कहना है कि हमारी जो भी मांग है उसपर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। धरनार्थियों का कहना है कि जब कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है तो जांच कराने में क्या परेशानी है? नगर पंचायत में सफाई कार्य व सामग्री की खरीदारी में काफी भ्रष्टाचार हुआ है। योजनाओं का चयन भी पार्षदों को देखकर किया जाता है जिससे कई वार्ड में विकास कार्य नहीं के बराबर हुआ है। हमलोग अठारह दिन से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। हमारी मांगों को कमजोर करने के लिए धरनार्थियों पर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज ने बताया कि जो आरोप लगाए जा रहे हैं वो बेबुनियाद व झूठा है। धरनास्थल पर जब मैं उनकी मांगें जानने के लिए पहुंची तो धरना के सम्बन्ध में बात कर रही थी। धरनार्थी खुद कह रहे थे कि कोई पदाधिकारी धरनार्थियों से बात करने नहीं आ रहा है। धरना पर पहुंचते ही धरनार्थी गरम होकर बात करने लगे। मेरे धरनास्थल पर पहुंचने के बाद मुख्य पार्षद वहां पहुंचे, जिनको मैं देख नहीं पाई। अगर इससे किसी भी जनप्रतिनिधि आहत पहुंची है तो मैं इसके लिए खेत प्रकट कर रही हूं। उधर,शहर में नगर पंचायत कार्यालय के पास पिछले अठारह दिनों से अनिश्चितकालीन धरना से शहर का विकास बाधित है। धरनार्थियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती है तब तक वे धरना जारी रखेंगे। उधर कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज का कहना है कि धरनार्थियों से बात की जा रही है, लेकिन वो सुनने को तैयार नहीं है। धरना से शहर का विकास बाधित है। कई योजनाएं बंद पड़ी है। मालूम हो कि धरना पर बैठे पार्षद व स्थानीय लोगों की बातें माने तो शहर में भारी भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी जांच कराने से अधिकारी आनाकानी कर रहे हैं।



## जन सुराज पार्टी ने किया जनसंवाद कार्यक्रम

**कोंच (नबिटा सं.)।** प्रखंड के कोराप पंचायत अंतर्गत ग्राम छत्तीहर में जन सुराज पार्टी ने मंगलवार को जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें अतिथियों को आयोजन समिति के द्वारा फूल माला से सम्मानित किया गया। इसके अलावा जन सुराज पार्टी ने जनसंवाद अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जिसमें स्थानीय लोगों के साथ चर्चा की गई। लोगों को संबोधित करते हुए जन सुराज पार्टी के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष डॉ बी डी शर्मा ने कहा कि जन सुराज पार्टी का मुख्य उद्देश्य लोगों के साथ जुड़ना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

## डायल 112 का रिस्पॉन्स टाइम जिले में 51 मिनट से घटकर 11 मिनट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इमरजेंसी सेवा के लिए जारी डायल 112 का रिस्पॉन्स टाइम जिले में 51 मिनट से घटकर 11 मिनट हो गया है।

जिले में 112 की सेवा के सेवा के प्रति जागरूकता को विभिन्न तरीकों से जागरूक कर रही है। बिहार पुलिस ने फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया पर रात को जनता को सुरक्षित महसूस कराने के लिए पोस्ट किया ' सिक्यूरिटी इतनी टाइट ... चार लोग घूमे बेफिक्र एट नाइट, अफवाह फैलाने वालों से बचने के लिए रूमर (अफवाह ) फैलाने वालों से ...जरा हट के जरा बचके,ओटीपी मांगने वाले से जरा हट के जरा बच के। जिले में 112 के तहत 30 चार पहिया वाहन व 20 बाइक कार्यरत है। 2024 में 23412 फोन आए। औसतन 11 मिनट में पहुंच कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। वही 112 की बाइक सेवा ने 1866 कॉल आए। औसतन आठ मिनट में पहुंच समस्याओं का निराकरण किया गया।



**क्या कहते हैं अधिकारी**

डीएसपी मुख्यालय व पीईआरएसएस के प्रभारी सरोज साह कहते हैं जनता से संवाद बढ़ाने के लिए रोहतास पुलिस फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्म का बेहतर उपयोग कर रही है। इसका उद्देश्य जिले की जनता तक सही समय पर सही तरीके से जानकारी पहुंचाना है। 112 की सेवा के उपयोग को विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है जिसके बेहतर परिणाम सामने आए है।

## स्व. राम लखन सिंह सामाजिक एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे : सत्यनारायण यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के युवा प्रदेश महासचिव अनुज कुशवाहा के दादा स्वर्गीय राम लखन सिंह समाजसेवी एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे। उक्त बातें पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव ने सत्येन्द्र कुशवाहा के पिता, अनुज कुशवाहा के दादा स्वर्गीय राम लखन सिंह कुशवाहा के ब्रह्मभोज के अवसर पर बिरन बिगहा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि वे नेक दिल इंसान थे। उनके पुत्र सत्येंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार भी सज्जन लोग हैं। इस मौके पर वार्ड पार्षद श्रवण कुमार अटल, उर्मिला देवी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा, मुखिया चितरंजन सिंह, कक्कु खान, मनोज पासवान पूर्व अध्यक्ष शंभू राम, राधेश्याम तिवारी, उमाशंकर सिंह, सुरेश सिंह, वीरेंद्र कुमार, हरीश कुमार, विकास कुमार, रवि पासवान, संजय गुप्ता, संतोष गुप्ता, अमित गुप्ता, नरेंद्र कुशवाहा, जीवन सिंह, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, जीवन सिंह उर्फ ठाकुरजी सहित काफी संख्या में विभिन्न दलों के लोगों ने श्रद्धांजलि दी।



## सफाईकर्मियों की हड़ताल, पार्षद ने खुद की सफाई

### कचरा ठेला चला कर कूड़े का किया उठाव, शहरवासियों ने की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद के दैनिक वेतन भोगी सफाईकर्मियों की हड़ताल की वजह से वार्ड 31 की सफाई का जिम्मा वार्ड पार्षद आनंद चौधरी उर्फ पेड़ा सहित उनके भाईयों ने अपने कंधों पर ले लिया है। इनके नेतृत्व में रमजान के पाक महीने में नीलकोठी सागरिया मस्जिद, पहलवान गली समेत कई मुहल्ले में नियमित सफाई में जुटे हुए हैं और कूड़ा कचरा उठा कर ब्लीचिंग पाउडर सहित मच्छर मारने की दवा का भी छिड़काव कर रहे हैं। इस सफाई कार्य के फैसले को लेकर मुहल्ला वासी अख्तर अंसारी समेत अन्य लोगों द्वारा सराहना कर रहे हैं। आनंद कुमार उर्फ पेड़ा ने बताया कि रमजान के पाक महीना को देखते हुए शहर की साफ सफाई आवश्यक है, लेकिन कुछ मांगों को लेकर सफाईकर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल पर जाने के कारण जगह-जगह कूड़ा का अंबार लग गया है। इसे देखते हुए स्वयं कचरा का ठेला चला कर कचरा का उठाव किया जा रहा है।



## जिला शिक्षा पदाधिकारी की कार्रवाई से शिक्षकों में हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले के 10 प्रखंडों के 20 विद्यालयों के शिक्षकों की उपस्थिति में मनमानी को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय की बड़ी कार्रवाई। इस कार्रवाई के बाद मनमानी करने वाले शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। रोहतास डीईओ मदन राय ने सरकार के गाइडलाइन अनुपालन नहीं करने वाले रोहतास जिले के 10 प्रखंडों के 20 विद्यालयों के शिक्षकों से दो दिनों में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया है, जो रोहतास जिला में शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर यह बड़ी कार्रवाई पहली बार दर्ज की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने जानकारी दिया कि शिक्षा कोष पर शिक्षकों ने उपस्थिति दर्ज 17 मार्च को नहीं कराई जो बड़ी लापरवाही है। इस मामले में रोहतास जिले के बिक्रमगंज प्रखंड में 1, चेनारी में 2, दावथ में 1, काराकाट में 1, करगहर में 2, कोचस में 1, नटवार में 4, रोहतास प्रखंड में 2, सासाराम में 2 और शिवसागर में 4, विद्यालयों के शिक्षकों ने सरकार के गाइडलाइन अनुपालन नहीं करते हुए ई शिक्षक कोष पर उपस्थित नहीं दर्ज किया जिस पर रोहतास जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने रोहतास जिले के 10 प्रखंडों के 20 विद्यालयों के शिक्षकों पर स्पष्टीकरण किया है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/15, दिनांकः 17.03.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:- **निविदा सं.: 19255001; विवरणः** सिलिंड्रिकल रोलर बेयरिंग आदि; **निविदा मूल्यः** रु.0.00; **बयाना राशिः** रु. 1,53,070; **निविदा खुलने की तिथि और समयः** 14.04.2025 को 13.30 बजे। **टिप्पणीः** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-85/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## घटना में शामिल लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला के कोंच थाना अंतर्गत रविदास समाज के लगभग 15 वर्षों का बना हुआ संत शिरोमणि रविदास महाराज जी का मंदिर की मूर्ति को अज्ञात लोगों ने तोड़ दिया और मंदिर से एक किलोमीटर दूर फेंकने का काम किया गया। सोमवार को रात्रि के समय जब गांव के लोगों को पता चला तो लोगों ने आक्रोश जताया है। वहीं मंगलवार को जब इस बात की जानकारी संगठन गया इकाई के जिलाध्यक्ष डॉक्टर संजय रविदास को मिली तो उनके द्वारा तुरंत ही कोंच थानाध्यक्ष को फोन करके घटना की जानकारी ली साथ ही इस घटना में शामिल लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही शांति माहौल बनाने को लेकर अखिल भारतीय रविदास धर्म संगठन के सभी पदाधिकारी सदस्य जिला अध्यक्ष संजय रविदास, जिला प्रभारी प्रेम कुमार दास, जिला कोषाध्यक्ष राजू दास, जिला उपाध्यक्ष घटना स्थल कोंच पहुंचकर लोगों को समझाया और पुनः फिर से गाजे बाजे के साथ मूर्ति स्थापना करवाया गया।

## पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए 54 पूर्ववर्ती छात्रों का हुआ निबंधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सहित अन्य संस्थानों में रोजगार पहल कार्यक्रम के तहत सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के साथ पीएम इंटर्नशिप योजना के बारे में जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय स्थित सहायक श्रमायुक्त रिपु सूदन मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को श्रम अधीक्षक सुजीत कुमार की उपस्थिति में किया गया। वही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डिहरी रोहतास के प्राचार्य राम इकबाल राम ने बताया कि इस संस्थान से संबंधित पीएम इंटर्नशिप योजना में अभी तक कुल 54 पूर्ववर्ती छात्रों के द्वारा विभिन्न व्यवसायों में निबंधन कराया गया है। आगे भी निबंध की प्रक्रिया हेतु कार्यवाई की जा रही है।

बैठक में जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बबलू कुमार, रंजन कुमार, रोहित कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, कपिल देव प्रसाद, गौतम कुमार, देवाशीष कुमार, अजीत कुमार, शैलेंद्र कुमार, राकेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र अंतर्गत पीएम इंटर्नशिप स्कीम की जानकारी तथा प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया तथा साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले विभिन्न संस्थाओं तथा जन प्रतिनिधियों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इस योजना के लाभ उठाने हेतु प्रेरित करें। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें प्रत्येक युवा जो आईटीआई इंटर डिप्लोमा स्नातक बीसीए बीएससी इत्यादि पास हो तथा उनकी उम्र सीमा 21 वर्ष से 24 वर्ष के बीच हो वह इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। वहीं श्रम अधीक्षक सुजीत कुमार ने बताया कि इसके लिए युवा पात्र हैं जो कभी भी फुल टाइम अध्यनरत या कार्यरत नहीं है उनके अभिभावक सरकारी नौकरी में नहीं हो इसके लिए इनके वेबसाइट पर कोई भी पात्र युवा अपना रजिस्ट्रेशन कर अपने मनपसंद की कंपनी चुन सकते हैं। श्रम अधीक्षक ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है।

**पूर्व रेलवे**

**सियालदह मंडल के तहत पार्सल जगह को लीज पर देना**

**सं. सीसी3/ई-ऑक्शन (खुलने की तिथि 28.03.2025)** **दिनांक** 13.03.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल के तहत आईआरईपीएस पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **एडमिन यूनिट/जोनः** सियालदह मंडल-वाणिज्यिक/पूर्व रेलवे। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: एसडीएएच-पार्सल-40, नीलामी करने वाले अधिकारीः** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 28.03.2025 को 11.00.00, **नीलामी की अंतिम तिथि/समयः** 28.03.2025 को 12.10.00, **ऑटो एक्सटेंशन जोनः** 120 सेकंड। **ऑटो एक्सटेंशन अवधिः** 120 सेकंड। **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ अवधिः** 30 मिनट। **लगातार लॉट का समापन अंतराल :** 10 मिनट। **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशन :** 10 बार। ई-नीलामी कैटलॉग का विवरण निम्नानुसार हैः **क्रम सं.; लॉट सं./कैटेगरी; विवरण, ट्रिप/दिन; अंतिम तिथि और समय; आवश्यक टर्नओवर** इस प्रकार हैंः **एए/1**; 13153-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एमएलडीटी-25-1 (पार्सल-एसएलआर); एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल जगह; 730; 28.03.2025 को 11.30.00; 0, **एए/2**; 13175-एसएलआर-एफ2-एसडीएएच-एससीएल-23-2 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल जगह; 313, 28.03.2025 को 11.40.00; 20,00,000, **एए/3**; 13169-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एसएचसी-25-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल जगह; 209, 28.03.2025 को 11.50.00; 0, **एए/4**; 13105-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-बीयूआई-24-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल जगह; 312, 28.03.2025 को 12.00.00; 0, **एए/5**; 13105-एसएलआर-एफ2-एसडीएएच-बीयूआई-24-1 (पार्सल-एसएलआर), एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल जगह; 312, 28.03.2025 को 12.10.00; 0, **रेट यूनिटः** प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क (क्रम सं. एए/1 से एए/5 के लिए)। **न्यूनतम वृद्धि (%)**: 0.2 (क्रम सं. एए/1 से एए/5 के लिए)। **ईएमडी** : 10% (क्रम सं. एए/1 से एए/5 के लिए)। **लॉट की स्थिति** : आरपी पेंडिंग (प्रत्येक हेतु)।

SDAH-384/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक ने सदन में उठाई नगर परिषद कर्मी को स्थायी कर्मी का दर्जा देने की मांग

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर विधायक पदमश्री भागीरथी देवी ने विधानसभा में रामनगर नगर परिषद अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मी आज भी गुलामी तथा बदहाली की जिंदगी जी रहे है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार मांग करती हूं कि इन स्वस्थ्य कर्मियों को स्थाई कर्मी का दर्जा दिया जाए ताकि इन लोगों का आर्थिक व सामाजिक उत्थान हो सके।

### रुलही में पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के रुलही पंचायत में पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया है। मंगलवार को सुबह से पैक्स चुनाव को लेकर मतदान शुरू हुआ। मतदान केंद्रों पर मतदाता पंहुचे और कतारबद्ध होकर अपना मतदान किया। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस अधिकारी व दंडाधिकारी तैनात रहे। निवार्ची पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने मतदान केंद्र का जायजा लिया।उन्होंने न बताया की रुलही में चार बूथ पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न हुआ।वही अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार सुनिल कुमार सिंह,आलोक कुमार सिंह तथा प्रमोद कुमार उपाध्याय के लिए मतदान किया गया है।इस दौरान औसतन 54.12 प्रतिशत मतदान रहा।निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि मतदान के पश्चात प्रखंड कार्यालय में मतगणना होगी।

### 82 में 22 लाभुकों ने मांगा समय 60 अयोग्य

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृषि विभाग ने किसान सम्मान निधि के लाभको द्वारा ई केवाईसी में लापरवाही बरतने को लेकर करवाई शुरू कर दी है। कृषि विभाग ने नगर परिषद अंतर्गत 60 लाभुक अयोग्य घोषित किया है। इसको लेकर कृषि विभाग की ओर से अयोग्य लाभुकों को अयोग्यता प्रमाण पत्र भेजा जा रहा है। मंगलवार को नोडल सह कृषि समन्वयक श्रीकांत ठाकुर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के 82 पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराया है। विभाग ने इन लाभुकों की सूची जारी की है। हालाकि इसमें से 22 लाभुकों ने ई-केवाईसी के लिए समय मांगा है। जबकि 6 लाभको की मौत हो चुकी है। वही 52 ऐसे लाभुक हैं, जिनका कोई अता पता नहीं है। इस तरह इन सभी 60 लाभुकों को विभाग ने अयोग्य घोषित किया है।

### बीडीओ ने आवास सहायकों के साथ की बैठक

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिसवन प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में आवास सहायकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर 31 मार्च तक सर्वे का काम पूरा करने को लेकर कहा। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सर्वे का कार्य होना है जिसको लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में सर्वे का काम किया जा रहा है।

### बोलेरो के धक्के से दो भाई घायल

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर मांझी मुख्य सड़क पर मंगलवार को हिलावन बाबा स्थान के पास मंगलवार को बोलेरो के धक्के से दो सगे भाई घायल हो गए। घायलों में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के करसड़ गांव निवासी शंभू साह का पुत्र त्रिलोकी नाथ प्रसाद व अजीत कुमार साह शामिल है। दोनों घायलो का इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया। बोलेरो ने दोनों को धक्का मार चैनपुर की ओर भाग निकला।

### सांप के डसने से अधेड़ अचेत

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के ग्यासपुर गांव में मंगलवार को सांप के डंसने से एक अधेड़ व्यक्ति अचेत हो गया। व्यक्ति स्थानीय निवासी राम इकबाल साह का पुत्र शंकर साह है। वह खेतों की ओर सरसों की कटनी करने गया था। इस दौरान सांप ने उसे डंस लिया। सिसवन रेफरल अस्पताल में इलाज कराया गया।

### सड़क से अतिक्रमण हटाने की मांग

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिसवन प्रखंड के चैनपुर बाजार से टारी बाजार जानेवाली सड़क पर दाहा नदी पुल से तीन मुहानी तक दोनों तरफ दुकानदारों द्वारा पक्का निर्माण कर सड़क का अतिक्रमण किए जाने को लेकर भाकपा माले के प्रखंड सचिव व्यास यादव के नेतृत्व में मंगलवार को लोगों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर सड़क से अतिक्रमण हटाने की मांग की।अपने दिए आवेदन मे कहा है कि सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों द्वारा पक्का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके चलते आए दिन जाम कि समस्या बनी रहती है।

### जिला भाजपा की नई कार्यकारिणी गठित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव ने नई कार्यकारिणी का गठन किया है। चुनावी वर्ष में नई कार्यकारिणी को काफी अहम माना जा रहा है। जिला कार्यकारिणी में आठ उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, आठ मंत्री, एक कोषाध्यक्ष व एक सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। नई कार्यकारिणी में उमेश पांडेय, रवि सिंह, मनोज कुमार सिंह, अर्जुन सोनी, कृष्णा पासवान, रागिनी चौधरी, पवन कुमार, पायल गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया है। दिनेश्वर तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, मनुबाबू कुशवाहा, रेणु गुप्ता को महामंत्री की जिम्मेवारी दी गई है। अमित चौबे, राजन सोनी, प्रमोद सिंह, बेबी झा, नरेंद्र पटेल, गीता चौधरी, कौशल किशोर पांडेय, आशा देवी को मंत्री बनाया गया है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी प्रभावती देवी को मिली है। जबकि मंजू शुक्ला को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### अधिग्रहित भूमि के मुआवजा के लिए आवेदन जिला भू-अर्जन कार्यालय में करें जमा

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी ने राम जानकी पथ निर्माण हेतु अधिगृहित किए गए जमीन के एवज में मुआवजा भुगतान की स्थिति की समीक्षा की।सर्वप्रथम राम जानकी पथ के (सिवान-मशरख) खंड में भूमि अधिग्रहण में मुआवजा तथा निर्माण कार्य की समीक्षा की गई। इस संबंध में जिला पदाधिकारी ने बताया कि जो भी रैयत भूमि का भुगतान प्राप्त कर लिए हैं। वे परिसंपति (मकान/दुकान) के मुआवजे हेतु यथाशीघ्र अपना आवेदन जिला भू-अर्जन कार्यालय में जमा करावें। इसके बाद सिवान-गुठनी खंड के कार्यो की समीक्षा की गई और 15 अप्रैल 2025 से सिवान - गुठनी में रामजानकी पथ के निर्माण का कार्य आरंभ करने के साथ रामजानकी पथ के दोनो खंडों में पड़नेवाले सरकारी भवनों यथा विद्यालय,अस्पताल, मंदिर आदि के लिए एक सप्ताह के अंदर सरकारी भूमि चयन करने से संबंधित निर्देश संबंधित अंचलाधिकारियों को दिया गया। वही छपरा-मांझी- दरौली पथ हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए रघुनाथपुर तथा सिसवन अंचल में रैय्यतों से वार्ता कर सतत लीज पर भूमि अधिग्रहण करने का भी निर्देश जिला पदाधिकारी के द्वारा संबंधित अंचलाधिकारी को दिया गया। वही इस संबंध में जिला भू-अर्जन पदा० द्वारा बताया गया कि रैयतों को मुआवजा भुगतान की कारवाई की जा रही है।

# बिहार के युवकों ने यूपी चेकपोस्ट पर काटा बवाल, हुई गिरफ्तारी



**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** यूपी बिहार की सीमा पर स्थापित यूपी पुलिस के चेकपोस्ट पर सोमवार शाम गुठनी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के तीन युवकों द्वारा वहां तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट की गई जिसके बाद यूपी पुलिस ने अगल बगल के लोगों के सहयोग उन्हें गिरफ्तार कर लिया और प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी अनुसार सोमवार शाम लक्ष्मीपुर के तीन युवक एक बाइक पर सवार होकर यूपी तरफ जा रहे थे। पुलिस कप्तान देवरिया के निर्देश पर यूपी पुलिस जांच कर रही थी। मेहरौना चेकपोस्ट के पुलिसकर्मियों ने बाइक सवार तीनों युवकों को रोका लेकिन ये लोग झटका देते हुये भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने दौड़कर पकड़ लिया और बाइक की चाभी निकाल रुकने को कहा लेकिन वे युवक पुलिस पर उग्र हो गये और बहस करने लगे। पांच मिनट के बहस के बाद युवकों ने आक्रोशित होकर पुलिस वालों पर हमला कर दिया। पुलिस और युवकों संग काफी देर मारपीट चला पुलिसकर्मियों को कमजोर देख अगल बगल के लोग पुलिसकर्मियों के समर्थन में आ गये और युवकों को पकड़ लिया तबतक कई पुलिसकर्मी व चौकी इंचार्ज को काफी चोंटे लग गयी थी और वर्दी फट गया था। यूपी पुलिस ने तीनों युवकों को एक अन्य सहयोगी के साथ गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में मेहरौना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार मिश्र नें खुद प्राथमिकी दर्ज करवाई है। उन्होंने अपने आवेदन में लिखा है कि मैं मय हमराह हेड कांस्टेबल राजकुमार सरोज,रविन्द्र चौहान व कांस्टेबल सर्वेश कुमार यादव के साथ दिनांक 17.3.2025 की शाम को मेहरौना चेक पोस्ट पर संदिग्ध वाहन वस्तु व्यक्ति का जांच कर रहा था कि उसी दौरान बिहार की तरफ से लार की ओर बाइक वाहन संख्या BR29AF 6240 पर सवार 4 व्यक्ति आ रहे थे जिनको रोककर पूछने का प्रयास किया गया तो ड्यूटी पर तैनात आरक्षी सर्वेश कुमार यादव को वाहन चालक ने ठोकर मार दिया जिससे सर्वेश कुमार यादव सड़क पर गिर गये जिनके सीने व पेट पर चढ़ाते हुए गाड़ी को आगे बढ़ा लिया और आगे जाकर गिर गये। मौके पर आरक्षी घायल अवस्था में पड़ा रहा इस पर मै पुलिस बल के साथ मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों के पास पहुंचा कि मोटरसाइकिल सवार आग बबूला हो गये और एक राय होकर जान से मारने की नियत से बगल में स्थित पंचर की दुकान से सरिया व चाकू लेकर हम पुलिस वालों के ऊपर हमला कर दिये। हम पुलिस वाले हिकमत अमली से अपना बीच बचाव कर रहे थे तब तक वहां पर मौजूद पब्लिक के लोग आ गये। पब्लिक के लोगो द्वारा भी उन लोगों से पूछताछ किया जा रहा था तो चारों पुनः आग बबूला होकर पब्लिक को भी गाली गुप्ता देते हुए हम पुलिस वालो के ऊपर पुनः दुकान से चाकू व सरिया व राड को उठाकर जान से मारने की नियत से हमला कर दिये। हम पुलिस वालो को काफी चोटे आयी हैं। जब पब्लिक के लोग बीच बचाव करने लगे तो उन्हे भी गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे तथा हम पुलिस वालो को भी गाली गुप्ता और जान से मारने की धमकी दे रहे थे जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गया। काफी संख्या में भीड़ इकठ्ठा हो गयी तो उपस्थित लोग जिसमें गुलाब चन्द्र राजभर पुत्र स्व० जगरनाथ राजभर निवासी ग्राम चुरिया थाना लार देवरिया, प्रदीप कुमार सिंह पुत्र जनक सिंह निवासी ग्राम चुरिया थाना लार देवरिया, सुधीर कुमार तिवारी पुत्र स्व० जगदीश नाथ तिवारी निवासी ग्राम नदौली थाना लार देवरिया,धर्मेन्द्र कुमार कुशवाहा पुत्र रमायन कुशवाहा निवासी ग्राम नदौली थाना लार जनपद देवरिया द्वारा व अन्य व्यक्तियों के सहयोग से मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पुछते हुए जामा तलाशी लिया गया तो पहले ने अपना नाम उपेन्द्र मिश्रा पुत्र स्व0 त्रिवेणी मिश्रा निवासी ग्राम श्रीकलपुर लक्ष्मीपुर थाना गुठनी जिला सीवान बिहार उम्र (52 वर्ष) दूसरा अमरेश मिश्रा पुत्र उपेन्द्र मिश्रा निवासी उपरोक्त उम्र (25 वर्ष) तीसरा कमलेश मिश्रा पुत्र श्री गोपाल मिश्रा निवासी उपरोक्त उम्र (23 वर्ष) तथा चौथा पंकज मिश्रा पुत्र गोपाल मिश्रा निवासी उपरोक्त उम्र(28 वर्ष) बताया। तलाशी के दौरान पंकज मिश्रा के लोवर पैन्ट के दाहिने जेब से काले रंग का चाकू बरामद हुआ चाकू रखने के संबंध में पूछताछ किया गया तो बताया कि मै चाकू को अपनी सुरक्षा के लिए लेकर चलता हूं। पकड़े गये व्यक्तियों को पुलिस बल द्वारा गाड़ी में बैठाया जा रहा था कि चारों व्यक्ति अचानक छुड़ाकर भागने लगे। भागते समय गिर गये जिससे उन लोगों को चोटें आई हैं। युवकों द्वारा जिस चाकू,सरिया व लोहे की राड से हम पुलिस वालो पर हमला किया गया था उसे मौके से बरामद किया गया। लार पुलिस ने थानाकांड संख्या 72/25 के अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1),121(1),132,221,352 ,351(3),3(5) तथा आपराधिक कानून की धारा 7, आयुध अधिनियम 1959 की धारा 4 व 25 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है।

## नाले में मिली युवक की लाश, सनसनी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा थाना क्षेत्र के थुकहां गांव में एक युवक की नाले में लाश मिली है। युवक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले कर जांच में जुट गई है। आशंका है कि युवक शराब के नशे में था और नाले में गिरने से उसकी मौत हो गई। घटना सोमवार की रात की है। जानकारी के अनुसार थुकहां गांव के एक नाले में युवक की लाश मिली है। युवक की पहचान थुकहां गांव निवासी किशोरी शर्मा उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना के बारे में बताया जाता है कि किशोरी शर्मा सोमवार की रात करीब 10 बजे थुकहां गांव में ही अपने मौसी के घर जा रहा था। इसी दौरान वह गांव में बने पुराने नाले के नीचे पानी में गिर गया। जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। मंगलवार की सुबह गांव के लोगों ने देखा कि नाले में किसी युवक की लाश पड़ी है। पहचान होने पर लोगों ने उसके परिजनो और पुलिस को सूचना दिया।

## श्रीकृष्ण के बाल लीला का नाट्य मंचन दर्शकों को खूब भाया

**गुठनी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थानाक्षेत्र के ओदिखोर गांव में चल रहे नव दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ की पहली रात आरंभ हुये सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का मनमनोहक नाट्य मंचन वृन्दाबन से आई रासलीला मंडली द्वारा किया गया जो दर्शकों को खूब भाया। श्रीधाम वृंदावन के निंबार्क रासलीला मंडल के पंडित मयंक बृजवासी के भक्ति गीतों पर कलाकारों ने जो राधा-रानी नृत्य की प्रस्तुति दी वह दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। प्रसिद्ध लकड़ीहवा बाबा के दृढ़ संकल्प से आयोजित इस महायज्ञ के प्रथम दिवस रासलीला का आरंभ ट्रैफिको के प्रबंध निदेशक कोहरवलिया गांव निवासी अवध किशोर शर्मा के राधा कृष्ण की पूजा के साथ किया गया। लीला के दौरान कलाकारों ने मयूर नृत्य कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। मयूर नृत्य के दौरान पूरा पंडाल श्रीकृष्ण की भक्तिमय नजर आया। इस यज्ञ में शक्रिय कार्यकर्ता के रूप में पूर्व मुखिया हरिवंश रजक,बसन्त शर्मा, कमलेश गुप्ता,राधामोहन पासवान, प्रदीप कुशवाहा,रामेश्वर शर्मा, अनिकेत शर्म उर्फ छोटू,भगराशन भगत, मनोज सिंह,रमेश पटेल सहित दर्जनों लोग शामिल होकर श्रद्धालुओं के सुबिधा व्यवस्था में लगे हुये है।

## जनता के टैक्स से बनी सड़क पर किसी भी धर्म विशेष का अधिकार नहीं हो सकता : राहुल तिवारी



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी का शिष्टमंडल जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी के नेतृत्व में रविवार को बड़हरिया थाना क्षेत्र इजमाली गांव असामाजिक तत्वों के हमले के शिकार हुए युवकों के परिजनों एवं बदरजीमी नवीगंज के ग्रामीणों से मुलाकात कर घटना की जानकारी लिया.जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा भारत सभी धर्म का आदर करने वाला देश है और इजमाली की घटना आश्चर्य होता है की जो सड़क आम जनता के टैक्स से बने हैं उसे पर किसी भी धर्म विशेष का अधिकार नहीं हो सकता. उपस्थित लोगों को आश्वासन देते हुए जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा आने वाले दिन में इजमाली गांव के सड़क से हिन्दूओं सभी धार्मिक जुलूस बारात के साथ शव यात्रा भी आजादी से निकलेगा.उन्होंने लोगों को आश्वाशन दिया कि वे प्रशासन से बात कर इस पूरे मामले पर उचित कार्रवाई की मांग करूंगा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी.ग्रामीणों ने घटना की जानकारी देते हुए बीजेपी जिलाध्यक्ष को बताया कि 16 तारीख को कुछ युवक बगल के कुर्मी टोला पर चंदा के लिए जा रहे थे की इजमाली गांव के असामाजिक लोगों ने घेरकर मोटरसाइकिल का चाबी निकाल लिए और तलवार फरसा से हमला कर दिए. जिसमें नितिश चौहान एवं उसके साथ गए कुछ लड़के घायल हो गए हैं. ग्रामीणों ने शिष्टमंडल से बताया इजमाली गांव मुस्लिम लोगों द्वारा सड़कों से हिन्दूओं की कोई धार्मिक जुलूस भी नहीं निकालने देते हैं एवं हिन्दूओं के घर आए बारात को भी सड़क पर नहीं घूमने देते हैं. पूर्व में आए एक बारात पर भी हमला किया गया था.जिसमें बारात में शामिल लोगों के साथ घोड़ों की भी टांग तोड़ डाला गया था.यहां तक कि हिन्दू परिवार के शव यात्रा भी इजमाली गांव के सड़क नहीं गुजरने दिया जाता है. इस अवसर पर पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय, प्रदेश मंत्री नन्द प्रसाद चौहान, जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह,शमार्नंद राम, मुकेश कुमार बंटी, जिला महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, हरेंद्र कुशवाहा,राम पुकार चौहान, आभा सिंह कुशवाहा, किरण गुप्ता,जयप्रकाश गुप्ता,सुभाष सिंह कुशवाहा,कुन्दन कुमार सिंह सत्यम सिंह,संजय साह, सुरेश राम,शैलेन्द्र सिंह,देवेन्द्र गुप्ता,अनुरंजन मिश्रा,अजय पासवान,जया पासवान, अजीत कुमार, रामू व्याहुत,मंटू सिंह, प्रहलाद सिंह एवं मुन्ना पाल मुखिया इत्यादि उपस्थित थे.

## कड़ी सुरक्षा के बीच नगर के पांच सैरातों का हुआ डाक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के पांच सैरातो की बंदोबस्त मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष के बंदोबस्त में एक लाख 60 हजार एक सौ रुपये बढ़ोतरी हुई है। वही शिवगंज, हरदिया चौक एवं पोखरा चौक के शौचालय का बंदोबस्ती नही किया जा सका इसके लिए किसी ने दिलचस्पी नही दिखाई। जबकि कचहरी रोड स्तिथ नवनिर्मित शौचालय का पहली बार 31 हजार एक सौ रुपये में बंदोबस्ती हूआ।

इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और विडियो ग्राफी के बीच पांच प्रकार के परिसंपतियों का डाक 65 लाख 62 हजार एक सौ रुपये में की गई। इसमें भारी वाहन बस ट्रक, जीप, टेक्सी, मिनी बस, व्यवसायिक ट्रेक्टर एवं बाजार हाट का उच्यतम डाक की बोली ललन कुमार का रहा। वही महात्मा गांधी मार्ग कचहरी रोड स्थित नवनिर्मित शौचालय कमलेश ठाकुर के नाम किया गया। इओ उपेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि नगर परिषद के परिसंपतियो में से पांच सैरातो की बंदो बस्ती की गयी है। पिछले वर्ष जहां 64 लाख दो हजार रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई थी। वही इस बार एक लाख 60 हजार एक सौ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 65 लाख 62 हजार एक सौ रुपये की राजस्व की प्राप्ति हुई है। ईओ ने बताया कि पिछले वर्ष भारी वाहन टैक्स वसूली की डाक 25 लाख 30 हजार में हुई थी वही इस वर्ष 25 लाख 49 हजार रुपए में डाक किया गया है। इसी तरह से जीप, टेक्सी, मिनी बस से पिछले वर्ष 14 लाख पांच हजार में हुई थी, इस वर्ष 14 लाख 37 हजार में किया गया। व्यावसायिक ट्रैक्टर से पिछले वर्ष 12 लाख पांच हजार में हुई थी इस वर्ष 12 लाख 45 हजार रूपए की प्राप्ति हुई है। वहीं बाजार हाट की डाक 12 लाख 62 हजार में हुई थी इस वर्ष 13 लाख एक हजार में हुई है। साथ ही कचहरी रोड स्थित नवनिर्मित शौचालय के लिए 31 हजार एक सौ रुपये में बंदोबस्त हुई है। इस दौरान दंडाधिकारी के रूप में अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह, बीपीआरओ विवेक आर्य मौजूद रहे।मौके पर सभापति रीना देवी, उप सभापति पूनम देवी,स्वच्छता पदाधिकारी रवि कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## पांच अग्निपीड़ितों को मिला सहायता राशि का चेक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के सुगौली पंचायत के चौड़वल गांव के पांच अग्निपीड़ितों के बीच मंगलवार को अंचल प्रशासन द्वारा अनुदान अनुग्रह राशि का चेक दिया गया। इसमें चौड़वल गांव निवासी बृजेश कुमार राम,उकसे राम,सुरेन्द्र राम,गोपी राम,मंतुरा देवी को 12- 12 हजार रुपये का चेक दिया गया है। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि सुगौली पंचायत के चौड़वल में आगलगी की घटना घटी थी। इस घटना में 6 घर जलने को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमे पांच लोगों को चेक अंचल नाजिर के हाथों दिया गया है। वही बच्चे की मौत मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट नही मिल पाया है। रिपोर्ट मिलने पर जिला को भेजा जाएगा। बता दे कि चार मार्च की शाम चौड़वल गाव में आग लगने से सात घर जल गया था।

## वार्ड 26 में सड़क पर लबालब पानी से लोग परेशान

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के वार्ड नंबर 26 के लोग मुख्य सड़क पर बह रहे नाली के पानी से लोग बेहाल है। मुख्य सड़क पर नाले का लगभग डेढ़ फीट तक पानी जगह जगह भर चुका है। जिससे लोगों को परेशानियां बढ़ गई हैं। लोगों को पानी पार कर जाने में परेशानी हो रही है। वार्ड 26 निवासी ने कहा कि लगभग दो तीन वर्षो से इस वार्ड के लोग नाली के बदबूदार पानी से परेशान हैं। इस समस्या को लेकर नगर परिषद तथा जनप्रतिनिधियों के पास लगभग दर्जनों बार चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन इसका स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल पाया है। यहां तक कि इस बदबूदार पानी के जमाव से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ चुका है। जिसके चलते लोग बीमार पड़ रहे हैं। इस वार्ड में सैकड़ों लोगों का घर है। स्थानीय मोहल्ले के लोगों ने बताया कि इसके पहले सड़क के किनारे नाला का निर्माण कार्य किया गया था। जो कि सड़क के सतह से ऊपर बना दिया गया।जो सड़क का पानी उस नाले से नहीं किसी अन्यत्र खेतों में पानी गिरता है।इस सड़क पर बदबूदार पानी को जल्द से जल्द नगर परिषद हटाने एवं लोगों की समस्याओं का निराकरण की मांग की है। वहीं नगर परिषद के अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस समस्या को लेकर मौन धारण कर लिया है। हालांकि इस बाबत नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी का कहना है कि पानी निकासी को लेकर संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया गया है। शीघ्र ही मुख्य सड़क से पानी की निकासी कर ली जाएगी। वही ईओ सरोज कुमार बैठा का कहना है कि जहां जहां जल जमाव की समस्या उत्पन्न हुई है। उन वालों को चिन्हित कर वहां पानी निकासी को लेकर स्थाई निदान की व्यवस्था की जा रही है।

## माता रानी के दर्शन के लिए सितंबर के प्रथम सप्ताह में 12 वें साल होगी यात्रा

**:आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर श्रद्धालुओं को कराई जाएगी निशुल्क यात्रा**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्रीमाता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए सितंबर 2025 के प्रथम सप्ताह में 12वें साल श्रीमाता वैष्णो देवी दर्शन समिति सीवान के तत्वावधान में यात्रा होगी। इसकी तैयारी की जा रही है। यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। वर्ष 2024 के सितंबर माह में 11 वें साल यात्रा की गई थी। जिसमें माता रानी की कृपा से बिहार का सबसे बड़ा ग्रुप यात्रा का रिकॉर्ड कायम हुआ है। इस यात्रा में 300 से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए थे। समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, संरक्षक अरविंद कुमार पांडेय, विकास कुमार सिंह उर्फ जिशु व सचिव अनूप कुमार ने बताया कि वर्ष 2014 से समिति के तत्वावधान में माता रानी के दर्शन के लिए यात्रा कराया जाता है। जिसकी तैयारी मार्च माह से ही शुरू कर दी जाती है। अब यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है.शामिल होने के लिए श्रद्धालु अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं.अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि यात्रा में आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर श्रद्धालुओं को निःशुल्क शामिल कराया जाता है। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को निशुल्क शामिल कराया जाएगा। आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर श्रद्धालु समिति के पदाधिकारी के पास अपना विवरण भेज सकते हैं। इसके लिए 30 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई है। आवेदन की समीक्षा के बाद आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर श्रद्धालुओं को यात्रा में निशुल्क शामिल करने का निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर यात्रा प्रभारी मुन्ना कुमार सिंह, महिला यात्रा प्रभारी दुर्गा देवी, बबलू सिंह, डॉली सिंह नीलम कुमारी प्रियंका कुमारी, सुधीर कुमार, जितेंद्र कुमार, जयनाथ सिंह, विवेक कुमार सिंह, स्तुति प्रिया, अक्षत रोशन, प्रमोद कुमार आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने 'हर घर नल का जल' निश्चय अंतर्गत रु 7166 करोड़ 06 लाख लागत की जलापूर्ति योजनाओं का किया शिलान्यास

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों के द्वारा हर घर नल का जल निश्चय अंतर्गत रु 7166 करोड़ 06 लाख की जलापूर्ति योजनाओं एवं भवन संरचनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास रिमोट के जरिए संकल्प 1 अणे मार्ग पटना में 10:00 बजे पूर्वाह्न में किया गया। जिसमें जिला पदाधिकारी, सिवान एवं कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़े रहें। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता पीएचईडी सिवान ने बताया कि इस शिलान्यास कार्यक्रम में सिवान जिले के हुसैनगंज प्रखंड के पकवालिया पंचायत के गोसोपाली ग्राम, बसंतपुर प्रखंड के बसंतपुर पंचायत के बसंतपुर ग्राम एवं दरौली प्रखंड के दरौली पंचायत के दरौली ग्राम के योजनाओं का भी शुभारंभ किया गया।

## रेड क्रॉस सोसाइटी के डॉ.अभिषेक अध्यक्ष,लखी बाबू उपाध्यक्ष एवं ज्ञानप्रकाश कोषाध्यक्ष चुने गए

**एक गुट के दो अधिकारियों के निर्वाचित होने से दिलचस्प हुआ सचिव का चुनाव**





**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को जिला परिषद के सभागार में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी सीवान इकाई के अधिकारियों के हुए चुनाव में डॉ अभिषेक कुमार अध्यक्ष,लखी बाबू उपाध्यक्ष एवं ज्ञानप्रकाश कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए. चुनाव अधिकारी उप विकाश आयुक्त मुकेश कुमार एवं एसडीएम सुनील कुमार की देख रेख में कैमरे की निगरानी एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया.चुनाव प्रकिया सुबह दस बजे से शुरू हुई.मैनेजिंग कमेटी के 43 सदस्यों में 41 सदस्यों ने चुनाव में मतदान किया.मैनेजिंग कमेटी के एक सदस्य डॉ मुकुल कुमार सिंह त्याग पत्र दे चुके हैं जबकि निवर्तमान सचिव रत्नेश सिंह चुनाव प्रकिया में शामिल नहीं हुए.जितेश सिंह गुट से अध्यक्ष पद के लिए जितेश सिंह,उपाध्यक्ष पद के लिए लखी बाबू एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए ज्ञानप्रकाश ने नामांकन किया. वहीं दूसरे पूर्व सचिव रत्नेश सिंह गुट से अध्यक्ष पद के लिए रत्नेश सिंह के संबंधी डॉ अभिषेक कुमार,उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ राजा प्रसाद एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए इरशाद अली ने नामांकन किया.मतगणना के बाद चुनाव अधिकारी उप विकाश आयुक्त मुकेश कुमार ने डॉ.अभिषेक कुमार सिंह की अध्यक्ष,लखी बाबू उपाध्यक्ष एवं ज्ञानप्रकाश कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया.अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉ.अभिषेक कुमार को 21 एवं जितेश सिंह को 20,उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी लखी बाबू को 21 एवं डॉ राजा प्रसाद को 20 तथा कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी ज्ञानप्रकाश को 22 एवं इरशाद अली को 20 मत प्राप्त हुए.

**एक गुट के सो अधिकारियों के निर्वाचित होने से दिलचस्प हुआ सचिव का चुनाव**

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी सीवान इकाई के अधिकारियों के चुनाव में जितेश सिंह गुट के दो पदाधिकारियों को चुने जाने के बाद सचिव पद का चुनाव दिलचस्प हो गया है.रत्नेश सिंह गुट के लोगों को पूरी उम्मीद थी उनके उम्मीदवार भारी अंतर से चुनाव जीतेंगे.लेकिन जब चुनाव परिणाम की घोषणा की गई तो संघर्ष बहुत कांटे का दिखा.बताया जाता है कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष द्वारा ही सचिव का चुनाव किया जाना है.वैसी स्थिति ने जितेश सिंह गुट के दो पदाधिकारी चुने जाने के कारण बहुमत अधिक दिख रही है.वैसे विशेष परिस्थिति में जिलाधिकारी भी सचिव के चुनाव में मतदान कर सकते हैं.अगर कोई वैधानिक परेशानी नहीं आती है तो उम्मीद है कि इस माह ही जिला प्रशासन द्वारा सचिव का भी चुनाव कर लिया जाएगा.

## 20 वर्षो से हाइड्रोसिल-फाइलेरिया से पीड़ित व्यक्ति का हुआ सफल ऑपरेशन

**भगवानपुर में 20 मरीजो में 18 का कराया जा चुका है ऑपरेशन**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लगभग 20 वर्षो से हाइड्रोसिल फाइलेरिया से पीड़ित भगवानपुर प्रखंड के सारीपट्टी निवासी स्वर्गीय राजदेव पांडे के 42 वर्षीय रामाजी पांडे का सफल ऑपरेशन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर हाट में किया गया.उन्होंने बताया कि लगभग 20 वर्षों से हाइड्रोसिल फाइलेरिया से पीड़ित होने के कारण चलने फिरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था.लेकिन सबसे ज्यादा गर्मी के दिनों में छाले होने से बहुत ज्यादा कष्टदायक होता था.हालांकि अपनी आपबीती किसी को बयां भी नहीं कर सकता था. क्योंकि हाइड्रोसिल का आकार बहुत बड़ा होने से शर्म आती थी. लेकिन एक दिन अपनी भतीजी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर हाट में बंध्याकरण होने के दौरान गया था तो देखा कि पुरुषों का भी ऑपरेशन हो रहा है. उसके बाद गांव की आशा कार्यकर्ता मिंती देवी द्वारा पूरी जानकारी लेने के बाद ही हाइड्रोसिल ऑपरेशन कराया हूं. उन्होंने बताया कि तीन लड़की और एक लड़का होने के बाद मेरी पत्नी प्रेमशिला देवी गोपालगंज के बैकुंठपुर स्वास्थ्य केंद्र में बंध्याकरण कराने के बाद हमको भी ऑपरेशन कराने के लिए प्रेरित की. लेकिन हमको डर लग रहा था. लेकिन स्थानीय गांव की आशा कार्यकर्ता के द्वारा हमको काफी समझाया गया. उसके बाद ही हमने ऑपरेशन कराने का निर्णय लिया. क्योंकि काफी डर लग रहा था। इसके साथ ही गांव के लोगों ने हाइड्रोसिल ऑपरेशन के साथ ही पुरुष नसबंदी का भय दिलाया गया था. जिस कारण हमको ऑपरेशन कराने में काफी विलंब हुआ था.विगत तीन महीने पूर्व हमने अपना हाइड्रोसिल मुक्त अभियान का हिस्सा बन अपना भी ऑपरेशन करा लिया हूं.

# रैयतों की समस्याओं का जल्द होगा निपटारा : श्रीकांत शास्त्री

## जिलाधिकारी ने की भूमि संबंधित समस्याओं की सुनवाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर अंचल अंतर्गत अंकोरहा रेलवे बल्ब लाइन परियोजना अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में समस्याओं के निराकरण के संबंध में समाहरणालय के सभा कक्ष में रैयतों के साथ जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में भूमि समस्याओं से संबंधित सुनवाई किया गया। जिलाधिकारी द्वारा रैयतों को मुआवजे में हो रही समस्या के समाधान को लेकर वार्ता किया गया। ग्रामीणों द्वारा अंकोरहा रेलवे बल्ब लाइन परियोजना से संबंधित अपनी समस्याओं को जिला पदाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी द्वारा एक-एक कर सारी समस्याओं को सुना गया एवं इसे निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए। उपस्थित रैयतों ने एलपीसी बनाने में आ रही दिक्कत की बात उनके सामने रखी, जिस पर जिला पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी को भूमि अधिग्रहण से जुड़े रैयतों के एलपीसी निर्गत में आने वाली कठिनाइयों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया गया। उक्त अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, संबंधित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में रैयत मौजूद रहे।

# अधिकारियों ने फसल कटनी का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत सरकार के जीसीईएस ऐप के माध्यम से फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मोती कुमार दिनकर द्वारा औरंगाबाद प्रखंड अंतर्गत इब्राहिमपुर पंचायत के चतरा गांव में किया गया। उक्त प्रयोग चतरा ग्राम के किसान मृत्युंजय कुमार के खेसरा संख्या 29 पर मसूर फसल प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी जितेंद्र कुमार द्वारा किया गया। प्रयोग के दौरान वैज्ञानिक विधि से निर्धारित प्रक्रिया द्वारा 10 गुना 5 वर्ग मीटर क्षेत्र में हुआ। मसूर फसल में नमी होने के कारण पिटनी का कार्य संपन्न नहीं किया जा सका जिससे फसल का वजन प्राप्त नहीं हो सका। प्रयोग के दौरान सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार से शैलेंद्र नारायण सिंह राजस्व पदाधिकारी मदनपुर एवं औरंगाबाद तथा राजस्व कर्मचारी के साथ-साथ किसान एवं ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# 21 एवं 22 मार्च को मेघगर्जन के साथ ओलावृष्टि का पूर्वानुमान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 21 एवं 22 मार्च को पूर्व एवं मध्य बिहार के एक या दो स्थानों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। इसके साथ ही भभुआ, रोहतास, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, जमुई, बांका एवं गया जिलों के एक या दो स्थानों में मेघगर्जन के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है। इस दौरान राज्य के दक्षिण-पूर्व एवं दक्षिण-मध्य भागों के एक या दो स्थानों में सतही हवा की गति झोंको के साथ 30-40 कि.मी. प्रति घंटे रहने की भी संभावना है।

**किसान बंधुओ को परामर्श :**

उक्त मौसम के आलोक में किसान भाईयो को यह सलाह दी जाती है कि अपने कटे तथा खुले स्थान में रखे हुए खरीफ एवं रबी फसल को सुरक्षित स्थान पर भंडारण करने की व्यवस्था कर ले ताकि पानी एवं नमी से फसल का बचाव हो सके। साथ ही रबी फसल के लिए ओलावृष्टि से बचाव के लिए उपरोक्त जिलों के लिए एहतियाती उपाय कर लें। इस मौसम के फसलों पर प्रभाव तथा निवारण के उपाय से सम्बंधित जानकारी भारत मौसम विभाग एवं राज्य के कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से जारी होने वाले कृषि-परामर्शदात्री बुलेटिन का अनुसरण कर सकते हैं।

# किशोर लापता, पिता ने थाने में लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के राजा विगहा निवासी अनिल चौधरी के 16 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के घर से अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। इसे लेकर पिता ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बेटे की बरामदगी की गुहार लगाई है।

दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 5 मार्च की सुबह लगभग 7 बजे दीपक कुमार अपने छोटे भाई को चाय पीने के लिए कहकर घर से निकला, लेकिन वह फिर वापस नहीं लौटा। वह अपने साथ मोबाइल फोन लेकर गया था, जिस पर परिजनों की उससे बातचीत हुई, लेकिन उसने अपनी सही लोकेशन नहीं बताई। परिजनों का कहना है कि दीपक दोस्तों से कांफ्रेंस कॉल के जरिए बात कर रहा था और खुद को ट्रेन में होने तथा बाहर जाने की बात कह रहा था। इससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई। इस मामले को लेकर रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 12 वर्षीय पुत्र को छोड़ मां फरार, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज में एक मां के अपने 12 वर्षीय पुत्र को छोड़कर अचानक फरार होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में महिला के परिजनों ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में परिजनों ने उल्लेख किया है कि महिला कासमा थाना क्षेत्र स्थित अपने ससुराल से करीब एक सप्ताह पहले रफीगंज मायके आई थी। 16 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे उसने अपने 12 वर्षीय बेटे के साथ बाजार जाने की बात कही और घर से निकल गई। लेकिन कुछ देर बाद महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन पकड़कर कहीं चली गई। महिला का 12 वर्षीय पुत्र जब अकेले घर लौटा तो उसने बताया कि उसकी मां उसे भी अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन वह नहीं गया। इसके बाद वह स्टेशन से रोता हुआ घर पहुंचा और परिवार को पूरी घटना की जानकारी दी। इस घटना के बाद परिजनों ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की तहकीकात की जा रही है।

# जन सुराज ने नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान किया तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जन सुराज ने नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। यहां पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव लड़ चुकी बारून की पूर्व प्रमुख अर्चना चंद्र नबीनगर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर लोगों को जन सुराज से जोड़ रही है। अर्चना चंद्र अपने समर्थकों के साथ प्रतिदिन क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर रही है और सभी को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर द्वारा बिहार के विकास के लिए बनाए गए प्लान की जानकारी दे रही है। इससे प्रभावित होकर पुरुषों के साथ-साथ काफी संख्या में महिलाएं भी अर्चना चंद्र के साथ जन सुराज से जुड़ रही हैं। अर्चना चंद्र ने बताया कि वे नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के कोचाड़ पंचायत, बारून प्रखंड के गोठौली पंचायत के केशव बिगहा, पिपरा पंचायत के जानपुर आदि गांव में दौरा कर सैकड़ो लोगों को अब तक जन सुराज से जोड़ चुकी हैं। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि बिहार में लालू और नीतीश के 30 वर्षों के शासनकाल में विकास कार्य काफी पिछड़ गया है। बिहार में अफसरशाही हावी है। थाना और ब्लॉक कहीं भी बिना रिश्वत का काम नहीं होता है। हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला हो गया है। ऐसे में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर का कहना है कि बिहार में अगर जन सुराज पार्टी की सरकार बनी तो युवाओं के पलायन पर रोक लगेगी। इसलिए अर्चना चंद्र ने इस बार जन सुराज की सरकार बनाने की अपील सभी ग्रामीणों से की है। राजनीति की गहरी समझ रखने वाली अर्चना चंद्र के जन सुराज में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिली है और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अर्चना चंद्र अपने प्रदर्शन से जन सुराज पार्टी को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगी। माना जा रहा है कि पार्टी उन्हें नबीनगर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बना सकती है।



# अज्ञात चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना

## नकद सहित जरूरी सामग्रियों की चोरी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के जुडाही गांव में सोमवार की रात एक घर का दरवाजा तोड़ नगद रूपये समेत हजारों रूपये की संपत्ति अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जुड़ाही गांव निवासी जितेन्द्र शर्मा की पत्नी सोनी देवी ने बताया कि होली के पूर्व सपरिवार किसी आवश्यक कार्य से अपनी मायके गई थी। उसके पति किसी अन्य प्रदेश में मजदूरी करते है। होली बाद सोमवार को जब वह घर पहुंची तो देखा कि घर के दरवाजे टूटे हुए हैं और घर की सामग्रियां यत्र तत्र-पड़ा हुआ हैं। वहीं चोरों ने नगद रूपये सहित अन्य जरूरी तथा खाद्य सामग्रियां ले भागे। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है जिसमें पुलिस ने मामले की तहकीकात की है और अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही हैं। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा एक घर में चोरी की सूचना मिली हैं। मामले में जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

# सभी बूथों पर जदयू बनाएगी सशक्त बूथ कमिटी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के निजि रेस्टुरेंट में जदयू का प्रखंड स्तरीय कमिटी का दिवसीय बैठक आयोजित किया गया। अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनिल कुमार वर्मा ने किया। मुख्यतिथि के रूप में जदयू जिला प्रभारी बिंदा चंद्रवंशी, विधानसभा प्रभारी अमरेश चौधरी ने भाग लिया। बैठक में सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष तथा प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुए। जिसमें रफीगंज विधानसभा के सभी बूथों पर 10 -10 सशक्त बूथ कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया। जिला प्रभारी ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्य को जन जन तक प्रचारित करे। सशक्त बूथ कमिटी जल्द से जल्द बनाएं। बिधानसभा प्रभारी अमरेश चौधरी ने बताया कि प्रखंड कमिटी पंचायत कमिटी पहले से ही बना हुआ है ।अब हमलोगो को बूथ कमिटी बनाना है जिसमें सभी वर्गो का ख्याल रखते हुए बनाया जाय। सभी समुदायों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का प्रयास करे। जद यू प्रखंड अध्यक्ष सुनिल कुमार वर्मा ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर बूथ कमिटी बना लिया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए रफीगंज में पुनः जीत का परचम लहराएंगे । बैठक में अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा,युवा जिला अध्यक्ष कौशल चंद्रवंशी, बीस सूत्री सदस्य संजय अम्बेडकर, जिला कार्यकारणी सदस्य कार्तिक शर्मा, महिला प्रकोष्ट अध्यक्ष प्रभा देवी, किसान प्रकोष्ट अध्यक्ष विजेंदर मेहता उपस्थित रहे।

# मारपीट के दो आरोपितों को जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** होली की खुन्नस को लेकर सोमवार को ढीबरा गांव में दो परिवारों के बीच मारपीट हुई। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि पीड़ित अनुज कुमार ने अपने गांव के प्रकाश कुमार और पुकार कुमार पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। पीड़ित के चेहरे एवं शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। प्राप्त आवेदन के आलोक में दोनों आरोपितों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# जीविका दीदियों की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारतीय स्टेट बैंक और जीविका दीदी के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर मंगलवार को जीविका कार्यालय कुटुंबा के अम्बे संकुल संघ में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक एसबीआई बैंक के रिज़नल मैनेजर अमित कुमार, एसबीआई बैंक लोन प्रबंधक औरंगाबाद के विनोद कुमार, माइक्रो फाइनेंस मैनेजर (जीविका) पंचम दांगी और एसबीआई शाखा अम्बा के शाखा प्रबंधक विशाल कुमार ने जीविका दीदी को व्यक्तिगत लोन तथा बैंक से अधिकतम निकासी की जानकारी दी। रीजनल मैनेजर अमित कुमार ने कहा कि जीविका के समूहों को बेहतर जमा - निकासी के लिए हम सभी तत्पर हैं। जीविका समूह की किसी भी तरह की समस्या को दुर करने के लिए बैंक द्वारा त्वरित कार्य किया जाएगा। जीविका समूह के बीपीएम धनंजय कुमार ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के तरफ से जीविका समूह को बहुत सहयोग मिल रहा है। बैंक से ऋण लेकर महिलाएं कई तरह के रोजगार कर सशक्त बन रही है। जीविका समूह की सीएम एवं दीदीयों को बैंक से संबंधित परेशानियों का त्वरित निपटारा किया जाता है।इस मौके पर एफआई नोडल कपिल देव प्रसाद, क्षेत्रिय समन्वयक विनय कुमार, सामुदायिक समन्वयक विभा कुमारी, संकुल संघ के लिडर एवं अम्बा, बलिया, दधपा, सिमरा बैरांव, परता समेत अन्य पंचायत के सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर अपना बहुमूल्य योगदान दिया।



# एकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया का आचार्य प्रशिक्षण वर्ग शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार के दक्षिण मुहल्ला स्थित रामदेव प्रसाद सैनिक महिला महाविद्यालय, हसपुरा में एकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस प्रशिक्षण में हसपुरा, गोह और अरवल संच के एकल विद्यालयों के आचार्य एवं आचार्या भाग ले रहे हैं। वे यहां पंचमुखी शिक्षा प्रणाली का प्रशिक्षण प्राप्त कर सुदूर गांवों एवं अंचलों के बच्चों को शिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान आचार्यों को संस्कार, आरोग्य, विषमुक्त खेती, योग, राष्ट्र धर्म और सनातन धर्म के मूल्यों को अपनाते हुए गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली का अभ्यास कराया जाएगा। यह प्रशिक्षण गांवों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और बच्चों में नैतिक व सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करने पर केंद्रित होगा।

# अधेड़ से रुपयों की छिनतई, मारपीट में जख्मी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजपुर गांव के समीप एक गुमटी संचालक द्वारा एक अधेड़ के साथ मारपीट कर पैसा छिनतई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जख्मी अधेड़ की पहचान थाना क्षेत्र के ही करहारा गांव निवासी रामाधार सिंह के रूप में हुई है। मंगलवार की दोपहर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी रामाधार सिंह ने बताया कि वह कई वर्षों से अपनी बहन के घर रहकर मवेशी चराने का काम करता है। वैसे उसका पैतृक गांव भोजपुर में है। अपनी मवेशी के साथ-साथ वह दूसरों की भी मवेशी चराते है। सोमवार की शाम ओरा से दस हजार रूपये लेकर राजपुर गांव के आसपास किसी व्यक्ति को पैसा देने गए थे, काफी देर तक इंतजार करने के बाद जब उन व्यक्ति से मुलाकात नही हुई तो वह रात्रि में घर लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक अधेड़ व्यक्ति को ओरा में पैसा निकालते हुए गुमटी संचालक ने देख लिया था। राजपुर मोड़ के समीप गुमटी संचालक ने उसका रास्ता रोका और हाथापाई करने लगा। पैसा न देने पर लोहे की रॉड से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह जख्मी हो गए। शोर सुनकर जब ग्रामीण इकट्ठा हुए तो वह फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डॉक्टरों ने उपचार किया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि मारपीट व छिनतई मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मारपीट के आरोप में गोह पुलिस द्वारा एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के गम्हारी गांव निवासी अश्वनी कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट के आरोप में पकड़े गए अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।


**जल संसाधन विभाग**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद

बिहार सरकार

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02SBD/2024-25**

(राष्ट्रीय स्पर्द्धा)

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.inपर)

**कार्य का विवरण –**

| ग्रुप सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (लाख रू0 में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल / मैनुअल मोड में भुगतेय) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा के आलोक में औरंगाबाद जिलान्तर्गत नगर परिषद औरंगाबाद के अन्तर्गत अदरी नदी का सौन्दर्यीकरण एवं नदी तट विकास कार्य। | 7477.89 | 84.78 | 10,000.00 | 5900.00 | 18 माह |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक –17.03.2025
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक –01.04.2025 से दिनांक –12.04.2025 के 3.00 बजे अपराह्नतक (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक–03.04.2025 के 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, औरंगाबाद के सभाकक्ष में।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक –15.04.2025, समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी । (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर ।
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद, मो0न0: 7463889727

**विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in एवं wrd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है ।**

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।**

**कार्यपालक अभियंता**

**सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद**

PR- 021990 ( WRD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)

पिन - 824101

मो.-9431223574,9572550076

व्हाटसप नं.-7295863300

ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com

Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.

बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269


# अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने अंचल अधिकारी से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** नेशनल हाईवे 98 पर हरिहरगंज बाईपास निर्माण में अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने मंगलवार को अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश से मुलाकात की और अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिया। मौके पर उपस्थित किसान अजय सिंह ने बताया कि अधिग्रहण से प्रभावित कई किसानों को अभी तक नोटिस भी नहीं दिया गया है। हमारी मांग है कि अधिग्रहण से प्रभावित सभी किसानों को चिन्हित कर नोटिस दिया जाए और जमीन का रैयती करण करते हुए उसकी प्रकृति के आधार पर उचित मुआवजा दी जाए। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया जाएगा तब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने देंगे। मामले को लेकर अंचल अधिकारी ने बताया कि किसानों की समस्याओं को जानने के लिए उन्हें अंचल कार्यालय बुलाया गया था। किसानों ने अपनी समस्या से अवगत कराया और आवेदन दिया। किसानों की समस्याओं से वरीय अधिकारियों को अवगत कराकर उनकी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। अंचल अधिकारी से मुलाकात करने वालों में किसान अजय सिंह, राहुल सिंह, उपेंद्र सिंह, उमेश मेहता, भोला सिंह, रोशन सिंह, लखन ठाकुर, जितेंद्र सोनी, योगेंद्र सिंह समेत दर्जनों लोग शामिल थे।



# सीतारामपुर की टीम बनी विजेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून (औरंगाबाद)।** आज बारून प्रखंड अंतर्गत सोहर बिगहा खेल मैदान में कुशवाहा क्रिकेट क्लब के द्वारा फाइनल मुकाबला मंजूराही बनाम सीतारामपुर खेला गया। मैच का शुभारंभ राजद जिलाध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा, महासचिव चंद्रशेखर कुशवाहा, समाजसेवी बलवंत कुशवाहा, छात्र राजद के जिला उपाध्यक्ष रितेश कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, संजीत कुमार मेहता ने द्वीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। सीतारामपुर की टीम 2 रनों से जीतकर विजेता एवं मंजूराही उपविजेता बनी। क्रिकेट मैच का लाइव विश्लेषण एवं विवरण नीतीश कुमार एवं मंच संचालन लौलेश कुमार ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव उज्जवल कुमार रिशु, सहसचिव अमित अखौरी, कोषाध्यक्ष शशांक शेखर आदि उपस्थित रहे।